देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

आतंकवाद को पाताल में दफन करेंगे... 12

लव जिहाद, ईव टीजिंग होने पर सिपाही से... 03





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 331

मूल्य: ₹ 3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 17 सितंबर, 2024

# पीएम मोदी ने 8000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने को प्रयासरत है भारत: पीएम
- मैं सरदार की भूमि में पैदा हुआ बेटा, चुपचाप देशहित में नीति बनाने में लगा रहा: नरेन्द्र मोदी

जन एक्सप्रेस | अहमदाबाद



गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के जीएमडीसी मैदान में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद पहली बार गुजरात आया हूं।

आप लोगों ने हर वक्त मुझ पर प्यार लुटाया है। जब बेटा अपने घर आकर आशीर्वाद लेता है तो ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। उत्साह और जोश और बढ़ जाता है। पीएम ने ये भी कहा कि कई लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, लेकिन मैं सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि में पैदा हुआ बेटा हूं। चुप रहकर देशहित में नीति बनाने में लगा रहा। प्रधानमंत्री यहां 8000 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही 30 मेगावाट के सोलर सिस्टम का भी उद्घाटन करेंगे।

### पीएम मोदी ने वावोल में शालिन-2 सोसायटी का दौरा किया

गांधीनगर के वावोल इलाके में 100 अपार्टमेंट और 25 बंगले हैं। पीएम सूर्य घर योजना से यहां के 89 परिवार लाभान्वित हुए हैं। वहीं, यहां की शालिन-2 सोसायटी में कुल 65 बंगले हैं, जिनमें से 22 घरों में सोलर पैनल लगे हैं। प्रधानमंत्री सोसायटी में पहुंचे और यहां के घरों की छतों पर लगे सोलर पैनल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सोलर पैनल का लाभ ले रहे लोगों से बात भी की। दूरी तय करेगी।

### मोदी के भाषण की खास बातें

**1. लोगों ने तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया**

इतनी बड़ी तादाद में आप मुझे आशीर्वाद देने आए, मेरा सौभाग्य है। मुझे आपकी अपेक्षाओं का भी अहसास है। आप चाहते थे कि तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैं जल्द से जल्द आपके बीच आऊं। देश की जनता ने एक नया इतिहास रचा है। एक सरकार को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है।

**2. 100 दिन में 15 लाख करोड़ की परियोजनाएं शुरू**

लोग मोदी का के बारे में भांति-भांति की बातें करते रहे। मैंने भी सोच लिया था कि जितना मजाक उड़ाना है उड़ा लो, मैं एक शब्द भी नहीं बोलूंगा। हर अपमान को सहते हुए मैं देश के लोगों के कल्याण के लिए नीति बनाने और निर्णय लेने में जुटा रहा। मैंने तय किया था कि मुझे देश के कल्याण के जिस रास्ते पर चलना है, मैं उस रास्ते से भटकूंगा नहीं। आज खुशी है कि इन सभी अपमानों को हटाते हुए इन 100 दिनों में हर वर्ग के कल्याण की गारंटी पक्की हो गई है। इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की कई परियोजनाओं का काम शुरू हो गया है। चुनाव के दौरान मैंने 3 करोड़ घर बनाने का गारंटी दी थी। उनका काम भी शुरू हो गया है।

**3. अगले 25 वर्षों में हमारे देश को विकसित करना है**

आज से अहमदाबाद-भुज के बीच नमो भारत रैपिड रेल शुरू हो गई है। इस ट्रेन से मध्यम वर्ग के लोगों को फायदा मिलेगा। नमो भारत रैपिड रेल आने वाले समय में देश के कई शहरों को जोड़ने जा रही है। देश में 15 से ज्यादा रूटों पर नई नमो भारत रैपिड रेल शुरू होने वाली है। आज देश में 125 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनें लोगों की सेवा कर रही हैं। यह भारत का स्वर्णिम काल है। अगले 25 वर्षों में हमें देश को विकसित बनाना है।

### उद्घाटन से पहले ट्रेन का नाम बदला गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश की पहले वंदे मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उससे पहले रेलवे ने आज बड़ा फैसला लिया है। वंदे मेट्रो का नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेल कर दिया है। देश की पहले नमो भारत रैपिड रेल भुज से अहमदाबाद के बीच चलेगी। इससे पहले आरआरटीएस का नाम रैपिडएक्स से बदलकर नमो भारत किया गया था। ट्रेन अपने नियमित संचालन के दौरान अहमदाबाद और भुज के बीच साबरमती, चांदलोदिया, सानंद, विरमगाम, समखियाली, गांधीधाम सहित 12 स्टेशनों पर रुकने की संभावना है। हालांकि संभावना है कि अगले एक-दो दिनों में ट्रेन के स्टॉपेज समेत शेड्यूल को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। इसके बाद पीएम शाम 6 बजे राजभवन पहुचेंगे और इसके बाद पार्टी नेताओं से मुलाकात करेंगे।

### गांधीनगर में पीएम ने कहा- हम 7 करोड़ घर बना रहे

इससे पहले पीएम ने गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर समिट और एक्सपो (री-इन्वेस्ट) का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा- भारत में हम 7 करोड़ घर बना रहे हैं। ये दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। अपने पहले दो टर्म में हम 4 करोड़ घर बना चुके हैं और अब तीसरे टर्म में 3 करोड़ घर बनाने का काम शुरू भी कर दिया है। उन्होंने आगे कहा- भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार हमारी सरकार को थर्ड टर्म का मौका दिया है। इस थर्ड टर्म के पीछे भारत की बहुत बड़ी इंस्पिरेशन है। आज भारत के युवाओं-महिलाओं को भरोसा है कि उनकी परिस्थितियों को 10 साल में जो पंख लगे हैं। वे इस टर्म में नई उड़ान भरने वाले हैं। उन्हें भरोसा है कि हमारा थर्ड टर्म उनके गरिमापूर्ण जीवन के सपनों को पूरा करेगा। आज 140 करोड़ भारतीय भारत को दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में पहुंचाने का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं।

### पीएम आवास योजना के 1120 मकानों का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री अहमदाबाद के जीएमडीसी मैदान में करीब 8 हजार करोड़ के डेवपलमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें चांदखेड़ा सत्यमेव अस्पताल पर सरजू ग्रीन्स फ्लैट्स के पास अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (ऑडा) के 1120 फ्लैट्स भी शामिल हैं। पीएम आवास योजना के मकान बनकर तैयार हैं और पीएम मोदी सोमवार को इन मकानों का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मकान मालिकों को चाबियां देकर आवास आवंटित कर दिए जाएंगे। बता दें, ऑडा द्वारा तैयार किए गए ये 1.5 बीएचके फ्लैट की कीमत मात्र 6 लाख रुपए है। इस योजना के हितग्राहियों को आठ किस्तों में रकम चुकाने की भी सुविधा दी गई है। इसके बाद पीएम अहमदाबाद में कई प्रोजेक्ट्स की भी नींव रखेंगे, जिनमें समाख्याली-गांधीधाम और गांधीधाम-आदिपुर रेलवे लाइनों को चार गुणा करना, सड़कों का विकास और बकरोल, हाथीजन, रामोल और पंजरपोल जंक्शन पर फ्लाईओवर पुलों का निर्माण शामिल है।

### पीएम मोदी ने मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

पीएम ने अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मेट्रो से ही गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी पहुंचे। यह मेट्रो अहमदाबाद के एपीएमसी से गांधीनगर के सेक्टर-1 तक 33 किमी की दूरी तय करेगी। इस सफर को पूरा करने में मेट्रो 65 मिनट का समय लेगी और किराया भी सिर्फ 35 रुपए होगा। वहीं, टैक्सी में अभी 80 मिनट से ज्यादा का समय लग जाता है और 400 रुपए से भी ज्यादा किराया देना पड़ता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा अहमदाबाद से गांधीनगर तक रोजाना आने-जाने वाले कर्मचारियों और स्टूडेंट्स को होगा।

### ग्रीन एनर्जी के लिए बड़े फैसले लिए गए हैं

पीएम ने आगे कहा- आने वाले समय में भारत 31 हजार मेगावाट



बिजली का उत्पादन करने वाला है। यह काम उस धरती पर हो रहा है, जहां से सौर क्रांति का उदय हुआ था। पहले जब भारत में सौर ऊर्जा की चर्चा भी नहीं होती थी, तब गुजरात में सैकड़ों सोलर प्लांट लग चुके थे। सौर ऊर्जा क्षेत्र में गुजरात देश में दूसरे स्थान पर है। कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा पार्क बनाया जा रहा है। आज गुजरात की 1600 किमी की समुद्र सीमा विकास का प्रवेश द्वार बन गई है। भारत 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन की ओर बढ़ रहा है। हमने 12 इंडस्टियल सिटी बनाने के काम भी शुरू कर दिया है। इन 100 दिनों में 15 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेन भी लॉन्च कर दी गई हैं। बीते 100 दिनों में ग्रीन एनर्जी के लिए भी कई बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने आगे कहा- गुजरात के मोढेरा में प्राचीन सूर्य मंदिर है और यह गांव भारत का पहला सोलर विलेज भी है। इस गांव की सारी जरूरतें सोलर एनर्जी से ही पूरी होती हैं। इसी की तर्ज पर भारत के कई गांवों को सोलर विलेज बनाने का संकल्प लिया गया है। हम भारत के 17 शहरों को भी सोलर सिटी बनाने जा रहे हैं। भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में दुनिया का लीडर बनने की ओर बढ़ रहा है।

### देश की पहली वंदे मेट्रो ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

देश की पहली स्वदेशी ट्रेन वंदे भारत के बाद अब कम दूरी के शहरों के बीच तेज कनेक्टिविटी मुहैया कराने के लिए स्वदेशी वंदे मेट्रो ट्रेन की शुरुआत की जा रही है। देश की पहली वंदे मेट्रो ट्रेन 16 सितंबर से अहमदाबाद और भुज के बीच शुरू की जाएगी। ट्रेन का शुभारंभ समारोह भुज में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद के जीएमडीसी मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम से ट्रेन को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाई।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा पुलिस को विवाह कराने वाले ट्रस्टों और सोसायटियों की जांच करने का दिया आदेश

### अतिरिक्त मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने आर्य समाज मंदिर, ग्रेटर नोएडा द्वारा याचिकाकर्ता दंपती को जारी किए गए विवाह प्रमाण पत्र के बारे में गहरा संदेह जताया था

- अदालत ने निर्देश दिया कि जांच में ट्रस्ट या सोसायटी के अध्यक्ष, सचिव और पुरोहित (कार्यवाहक पुजारी) के साथ-साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल किसी भी अन्य व्यक्ति का विवरण शामिल होना चाहिए
- ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन, ट्रस्ट के सदस्यों और पुजारियों द्वारा विवाह संपन्न कराने के लिए दक्षिणा के नाम पर ली जाने वाली फीस का विवरण भी होना चाहिए

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा पुलिस को विवाह कराने वाले ट्रस्टों और सोसायटियों की जांच करने का आदेश दिया है। अदालत के यह निर्देश तब आए जब अतिरिक्त मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने आर्य समाज मंदिर, ग्रेटर नोएडा द्वारा याचिकाकर्ता दंपती को जारी किए गए विवाह प्रमाण पत्र के बारे में गहरा संदेह जताया।

उच्च न्यायालय ने गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) और गाजियाबाद के पुलिस आयुक्तों को हिंदू विवाह अधिनियम और बाल विवाह निरोधक अधिनियम का उल्लंघन कर विवाह कराने में कथित रूप से शामिल ट्रस्टों और सोसायटियों के कामकाज की ÷गहन और विवेकपूर्ण÷ जांच करने का निर्देश दिया है।

अदालत ने निर्देश दिया कि जांच में ट्रस्ट या सोसायटी के अध्यक्ष, सचिव और पुरोहित (कार्यवाहक पुजारी) के साथ-साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल किसी भी अन्य व्यक्ति का विवरण शामिल होना चाहिए। इसमें ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन, ट्रस्ट के सदस्यों और पुजारियों द्वारा विवाह संपन्न कराने के लिए दक्षिणा के नाम पर ली जाने वाली फीस का विवरण भी शामिल होना चाहिए।

### इस तरह के विवाह मानव तस्करी, यौन शोषण और जबरन श्रम को बढ़ावा देते हैं...

ग्रेटर नोएडा के आर्य समाज मंदिर में विवाह करने के बाद सुरक्षा की मांग करने वाले एक जोड़े द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए, अदालत ने कहा: संक्षेप में, इस तरह के विवाह मानव तस्करी, यौन शोषण और जबरन श्रम को बढ़ावा देते हैं... इसके अलावा, ये मुद्दे अदालतों पर काफी बोझ डालते हैं। इसलिए, दस्तावेज़ सत्यापन और ट्रस्टों और समाजों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है।

### उन व्यक्तियों की पहचान करना भी शामिल है जो इन दंपतियों को झूठे दस्तावेज तैयार करने में सहायता करते हैं

अदालत ने कहा कि जांच में उन संसाधनों, संपर्कों और नेटवर्क की भी जांच की जानी चाहिए, जिनके माध्यम से ट्रस्ट का प्रबंधन भागे हुए लड़के-लड़कियों से विवाह के लिए संपर्क करता है। अदालत ने कहा कि इसमें उन व्यक्तियों की पहचान करना भी शामिल है जो इन दंपतियों को झूठे दस्तावेज तैयार करने में सहायता करते हैं, जैसे कि फर्जी आयु प्रमाण पत्र, आवासीय पता, फर्जी हलफनामे और पुलिस को फर्जी शिकायतें करवाते हैं।


### अगली सुनवाई की तारीख 26 सितंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया

कोर्ट ने कहा, जांच से यह भी पता चलेगा कि ये लोग भागे हुए जोड़ों को किस तरह से आश्रय और सुरक्षा प्रदान करते हैं, साथ ही अन्य गोपनीय जानकारी भी मिलनी चाहिए, जिससे अदालत को यह समझने में मदद मिल सके कि यह व्यवस्था किस तरह से काम करती है, विवाह संपन्न कराने से लेकर जाली दस्तावेजों के आधार पर सुरक्षा याचिका दायर करने तक। अदालत ने गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद के पुलिस आयुक्तों को अगली सुनवाई की तारीख 26 सितंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस आयुक्तों को सीलबंद लिफाफे में गोपनीय जानकारी जमा करने का भी निर्देश दिया।

### आर्य समाज मंदिर, ग्रेटर नोएडा का पंजीकृत पता और गवाहों के नाम, पते और मोबाइल नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ नहीं थीं

अदालत के यह निर्देश तब आए जब अतिरिक्त मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने आर्य समाज मंदिर, ग्रेटर नोएडा द्वारा याचिकाकर्ता दंपती को जारी किए गए विवाह प्रमाण पत्र के बारे में गहरा संदेह जताया। वकील ने बताया कि प्रमाण पत्र में विवाह संपन्न कराने वाले व्यक्ति का नाम, आर्य समाज मंदिर, ग्रेटर नोएडा का पंजीकृत पता और गवाहों के नाम, पते और मोबाइल नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ नहीं हैं। सरकारी वकील ने कहा, यह स्थापित करने के लिए ये विवरण आवश्यक हैं कि विवाह हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 5 के अनुसार एक योग्य पुजारी द्वारा संपन्न कराया गया था।

## पहली अक्टूबर से शुरू होगी मोटे अनाज की खरीद



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

डबल इंजन सरकार श्रीअन्न के फायदों के प्रति एक तरफ जहां आमजन को प्रेरित कर रही है, वहीं किसानों को भी इसकी खेती के फायदे से जोड़ रही है। वर्ष 2024-25 के लिए मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। मोटे अनाज में शामिल मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को fcs.up.gov.in या ऐप UP KISAN MITRA पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी।

### सरकार ने बढ़ाया है न्यूनतम समर्थन मूल्य

श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3371 व ज्वार (मालवांडी) का 3421 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

### इन जिलों में होगी मक्का खरीद


बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, इटावा, बहराइच, बलिया, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र व ललितपुर में मक्का की खरीद की जाएगी।

**रिपोर्ट** योगी सरकार प्रदेश को पंप स्टोरेज प्लांट्स का बनाना चाहती है हब, कुल 6 पंप प्लांट्स की स्थापना को लेकर तेजी से होगा काम

## यूपी में पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनने जा रहे हैं सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- इन प्लांट्स में सर्वाधिक 4 प्लांट्स अकेले मीरजापुर में लग रहे हैं जबकि सोनभद्र व चंदौली में भी होगा प्लांट का निर्माण
- परियोजना के अंतर्गत सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा हो सकेगी उत्पन्न
- इन 6 प्लांट्स में सबसे अधिक कैपेसिटी का प्लांट सोनभद्र में लगेगा जबकि मीरजापुर में होगा सबसे ज्यादा प्रोडक्शन



उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में भी उत्तम प्रदेश बने, इसके लिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच सीएम योगी के विजन अनुसार क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि उत्तर प्रदेश पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मीरजापुर बनने जा रहा है जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी। वहीं सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पन्न करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी। योगी सरकार इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दे दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। उल्लेखनीय है कि इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास %इन प्रिंसिपल अप्रूवल% है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं।

### सोनभद्र में होगा सबसे बड़ा प्लांट

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गर्हावा में 1250 मेगावॉट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्काग्रीन इंडीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है और यह ऑफ स्ट्रीम लूप पंप प्रोजेक्ट होगा। यहां दो रिजर्वयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6100.62 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। वहीं, चंदौली के मुबारकपुर में इसी वर्ष 8 अगस्त को 600 मेगावॉट कैपेसिटी के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट के निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इसका निर्माण एक्मे ऊर्जा टू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और यह क्लोज्ड लूप स्टोरेज हाइड्रो प्रोजेक्ट होगा। यहां भी अपर रिजर्वॉयर व लोअर रिजर्वॉयर मैकेनिज्म से ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा और परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को 3544.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।



### मीरजापुर में 4 प्लांट्स के जरिए 3480 मेगावॉट ऊर्जा का होगा उत्पादन

मीरजापुर में पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए योगी सरकार 3480 मेगावॉट ऊर्जा उत्पन्न करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत 26 जून से 29 अगस्त के बीच कुल चार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स की स्थापना को हरी झंडी मिली है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4410 करोड़ रुपए की लागत से 630 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन करने में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। जबकि, रेन्यू द्वारा गांव कालू पट्टी में 3350 करोड़ रुपए की लागत से 600 मेगावॉट व बबूरा में 4100 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावॉट कैपेसिटी वाले प्लांट्स का निर्माण, विकास व संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार, मीरजापुर के ही बबूरा रघुनाथ सिंह गांव में ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम द्वारा 3946.12 करोड़ रुपए की लागत से 850 मेगावॉट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट के स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन सभी पंप स्टोरेज पावर प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया भी जल्द पूरी होने जा रही है, जिसके बाद परियोजना को गति देने में मदद मिलेगी।

# पुरानी पेंशन के लिए सबको मिलकर करना होगा संघर्ष: कुलदीप सैनी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



बलदाऊ मंदिर में अटेवा कि सहयोग जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप सैनी ने कहा कि अटेवा ही पुरानी पेंशन के लिए लड़ रहा है। पुरानी पेंशन बहाल होगी। इसके लिए सबको मिलकर संघर्ष करना होगा। प्रदेश सयुंक्त मंत्री वीरेंद्र सिंह पटेल ने संगठन कि मजबूती और संघर्ष को बताया। मंडल पर्यवेक्षक कनौजिया ने संगठन के संघर्ष और इतिहास को बताया। साथ ही सबको संगठन के साथ संघर्ष करने को कहा। मंडल संगठन मंत्री व जिला सरंक्षक महेन्द्र पटेल ने 26 सितम्बर को आक्रोश रैली में सभी को शामिल होने को कहा। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे नीरज, मलखान, अनंत चैरसिया को जिला सह सयोंजक, कप्तान जिला मंत्री, विक्रम, दीपक को जिला संगठन मंत्री, धर्मेंद्र, दिनेश गर्ग जिला मीडिया प्रभारी, प्रेम नारायण सिंह जिला आईटी सेल प्रभारी, अरबिंद ब्लॉक सयोजक चित्रकूट, सुधींद्र सिंह ब्लॉक सयोजक पहाड़ी, बलराम ब्लॉक सयोजक रामनगर, विनोद ब्लॉक सयोजक मानिकपुर, प्रमोद ब्लॉक सयोजक मऊ, ब्लॉक मंत्री अमर मनोनीत किये गये। साथ ही सभी से आगामी 26 सितम्बर के आक्रोश मार्च कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आनंद यादव डायरेक्टर टीचर सोसाईटी ने किया। जिला कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता, महामंत्री मथुरा प्रसाद, जिला सयोजक राजेश ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर कैडर प्रभारी कानपुर देहात भूरा सिंह, मंडल संगठन मंत्री नेपाल सिंह, ब्लॉक सयोंजक बड़ोखर खुर्द जानकीकरण सिंह, रामप्रकाश सिंह पटेल, जीतेन्द्र सिंह, लवलेश, अमरबहादुर, अमरनाथ यादव, देवेश, आलोक, देवेंद्र, सुरेंद्र, प्रेमचंद्र आदि मौजूद रहे।

# भगवान को 56 भोग चढ़ाकर किया गया विशाल भण्डारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भगवान श्रीकृष्ण के जल विहार एवं तुलादान के बाद सोमवार को 56 प्रकार के व्यंजनों से भगवान का महाभोग लगाया गया। साथ ही विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें गरीबों को भोजन कराकर वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के मंगल उत्सव की 50वीं वर्ष गांठ के अवसर पर प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि एक बार भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र देव के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था। तब उन्हें लगातार सात दिन तक भूखा रहना पड़ा था। इसके बाद उन्हें 7 दिनों और 8 पहर के हिसाब से 56 व्यंजन खिलाए गए थे। इस घटना के बाद से ही भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग लगाने की परम्परा आरम्भ हुई। उन्होंने बताया कि भण्डारे की परम्परा भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है। समय के साथ अब इसका स्वरूप बदल गया है। प्राचीन काल में यह अन्नदान के रूप में जाना जाता था। अन्न दान का उल्लेख शास्त्रों और पुराणों में कई स्थानों पर किया गया है। पुरातन काल में राजा महाराजा यज्ञ हवन और धार्मिक अनुष्ठन करवाते थे। इनमें गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र वितरित किया जाता था। आज वही परम्परा भण्डारें के रूप में विकसित हो गयी है। उन्होंने बताया कि संसार में सबसे बडा दान अन्न दान है। अन्न से ही यह संसार बना है और अन्न से ही इसका पालन हो रहा है। अन्न से शरीर और आत्मा दोनों की संतुष्टि होती है। ऐसे में अन्नदान सभी प्रकार के दान से उत्तम है। उन्होंने बताया कि पद्म पुराण के श्रृष्ठि खण्ड में एक कथा का उल्लेख किया गया है। जिसमें ब्रम्हा और विदर्भ के राजा श्वेत के बीच हुए संवाद से पता चलता है कि जो व्यक्ति अपने जीवन काल में जो भी दान करता है उसे वही वस्त्र मृत्यु के बाद परलोक में प्राप्त होती है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी कमलेश मिश्रा, गुड्डुन दुबे, अंकुर त्रिपाठी, अनुज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान का श्रीकृष्ण का जल विहार उत्सव



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

गोस्वामी परिवार द्वारा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परम्परा के तहत अखिल ब्रम्हाण्ड नायक भगवान श्रीकृष्ण का जल विहार उत्सव (झकझूलनी एकादशी) धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने पनिहरिया तालाब में बांके बिहारी की आरती कर किया। इसी क्रम में गोस्वामी परिवार द्वारा बांके बिहारी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सभी ग्रामीणों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। इसके बाद बिहारी मन्दिर प्रांगण में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छैलबिहारी दास ने बताया कि यह जल विहार उत्सव करौंदीकला के गोस्वामी परिवार द्वारा कई दशकों से श्रद्धापूर्वक भक्ति भाव से आयोजित किया जाता है।

# जिला जेल में बंदियों को दी गयी विधिक सहायता सम्बन्धी जानकारियां

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता सम्बन्धी प्रावधानों और लाभों से बंदियों को अवगत कराया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने जिला कारागार में 18 से 21 वर्ष आयु वाले अल्प वयस्क बंदियों की बैरक को देखा। साथ ही उनकी समस्याओं का अनुश्रवण किया, उनके शिक्षण, प्रशिक्षण, खेलकूद और नवाचार गतिविधियों सम्बन्धी जानकारी जेल अधिकारियों से ली। साथ ही इसके लिए बंदियों को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उन विचाराधीन बंदियों जिनकी जेल में प्रवेश से 6 महीने बीतने के बाद भी जमानत प्रार्थना पत्र कोर्ट में दाखिल नहीं हुई या जिन विचाराधीन बंदियों की बेल खारिज होने के 1 वर्ष की अवधि बीतने के बाद अभी उच्च न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल नहीं हुई है, उनकी सूची बनाकर विधिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त जो विचाराधीन बंदी जमानत होने के बाद जमानतदार के अभाव में जेल में निरुद्ध हैं, जो विचाराधीन बंदी समझौता योग्य अपराधों की श्रेणी में हैं या धारा 479 के तहत विचाराधीन बंदी पात्र हैं, के सम्बन्ध में विधिक सेवा प्रदान करने की कार्यवाही की गई। महिला बंदियों की जमानत और विधिक सहायता पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने जेल में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर्स को भी बंदियों में जागरूकता और विधिक सेवा के लिए प्रशिक्षित किया। साथ ही जेल में कार्यरत लीगल एड डिफेन्स कॉन्सिल के कार्यों की व्यापक समीक्षा भी की। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष वर्मा, डिप्टी जेलर रजनीश सिंह, बृज किशोरी, एलएडीसी कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले के तीन शिक्षकों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

एडूलीडर्स यूपी शिक्षको के व्यावसायिक क्षमता वृद्धि, उनके कार्यों को प्रोत्साहन, बच्चो के लर्निंग ऑउटकम को सुनिश्चित करने तथा हर वर्ष प्रदेश के सभी 75 जनपदो से 75 शिक्षको को एडूलीडर्स अवार्ड देने का कार्य करता है। एडूलीडर्स यूपी प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत स्वप्रेरित, ऊर्जावान, टेक्नोसेवी शिक्षको का एक स्वतःस्फूर्त समूह है जिसका नेतृत्व बस्ती जनपद के राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र करते हैं। यह समूह सभी 75 जनपदों में अपने व्हाट्सप समूहो, फेसबुक कुटुंब पेज, वेबसाइट के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व निपुण भारत मिशन की दक्षताओं को सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन शैक्षणिक सामग्री निर्माण, निपुण भारत वर्कशीट, ज्ञान गंगा ब्लैकबोर्ड संदेश, संस्कार, बूझ भाई बूझ, बाल सवाल, निपुण प्रवाह तथा शब्द संग्रह आदि सन्देश प्रतिदिन हजारों शिक्षकों और विद्यार्थियों तक प्रेषित करता है।

एडूलीडर्स शिक्षकों के क्षमता संवर्धन के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वेबिनार, गोष्ठी व सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में सहयोगी के रूप में प्रतिभाग करता है। इसके तहत समारोह ग्रेटर नोएडा में कुंवर बृजेश सिंह राज्यमंत्री पीडब्लूडी उत्तर प्रदेश, मनोज जोशी (पद्मश्री) एवं हरीश द्विवेदी पूर्व सांसद बस्ती द्वारा जनपद चित्रकूट से इस वर्ष एडूलीडर्स अवॉर्ड शिव भूषण त्रिपाठी सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरूवा रामनगर को प्राप्त हुआ।

# पैगंबर-ए-इस्लाम मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

जन एक्सप्रेस। उरई



शहर के गणेशगंज स्थित कादरी चौराहे से अंजुमन के सदर हाफिज मंजूर बरकाती, नायब सदर शाही इमाम फिरोज अली रहमानी, व सेकेट्री हाफिज जमील कादरी, ने जुलुस-ए- मोहम्मदी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में हाफिज जब्बार की सरपरस्ती में जुलूस ए मोहम्मदी स्टेशन वाली मस्जिद से उठकर शहीद भगत सिंह चौराहे पर जुलूसे मोहम्मदी में शामिल हुआ।

इस दौरान बड़े-बुजुर्ग दरूद और नाते मनकबत पढ़ते हुए चल रहे थे, और उलेमा-ए- इकराम तकरीर के जरिये शरीअत और कुरान की तालीम बयान कर रहे थे। इस मौके पर %पत्ती-पत्ती, फूल-फूल या रसूल.. या रसूल%, हुजूर की आमद मरहबा..सरकार की आमद मरहबा..% के नारे बुलंद हुए। जूलूस बजारिया रोड से कृष्णा टॉकीज, शहीद भगत सिंह चौराहा, जिला अस्पताल होते हुए दलगंजन तिराहा पहुंचा। इसके बाद जुलूस बजारिया रोड होते हुए बापस गणेशगंज कादरी चौराहे पर समाप्त हुआ। जिसमें मदरसा बरकातिया, गरीब नवाज मदरसा, रज़ाये मुस्तुफा कमेटी सहित अन्य कमेटियों के बच्चे नातें नबी दरूद ओ सलाम पढ़ते चल रहे थे और सलातो सलाम पढ़ा। कारी शमशुल कमर साहब ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन को बयान किया। उन्होंने कहा कि हमारी जिंदगी में अमन, सुकून तब ही आ सकता है, जब हम पैगंबर के बताए रास्ते पर चलेंगे। कहा कि इस्लाम का वास्तविक रूप भाईचारे और सद्भाव के साथ रहने का संदेश देता है। मुसलमानों के लिए पैगंबर साहब की पैदाइश का दिन बेहद खास है। कार्यक्रम का संचालन हाफिज अजीज बरकाती ने किया। इस मौके पर कारी हसन, हाफिज आमिर, हाफिज गुलाम हुसैन, हाफिज अनबार शाह, हाफिज शहीद, हाफिज अनस, हाफिज शहादत हुसैन, राजू मंसूरी, हाजी इसरार खान, शफ़ीकुर्रहमान कशफी,रिहान सिद्दीकी, नबीउद्दीन, इबादत अली शानू, नूर मोहम्मद, राजू मंसूरी,आदि लोग मौजूद रहे।

# रामघाट में चलाया छापामार अभियान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** शासन के निर्देश के क्रम में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलिथीन पर रामघाट में सघन पॉलिथीन अभियान चलाया गया। जिसमें दुकानदारों से 70 किलो पॉलिथीन जप्त कर 10000 रूपए का जुर्माना वसूला गया। साथ ही दुकानदारों को जागरूक किया गया एवं पॉलीथिन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। शासन के मंशानुरूप हमारे धार्मिक स्थल रामघाट एवं कामतानाथ परिक्रमा मार्ग को पॉलिथीन मुक्त जोन घोषित किया गया है। जिसमें निरंतर लोगों को जागरुक एवं जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को बताया। साथ ही जागरूक किया गया व लोगों से अपील की कि स्वच्छ विरासत, धार्मिक स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में जनता का सहयोग अपेक्षित है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, रवि ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे।

# डॉ साधना त्रिपाठी ने जिला महासचिव पद के लिए किया नामांकन

## जिला बार संघ चुनाव के लिए 46 अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस। उरई



जिला अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई। जिसमें विभिन्न पदों के लिए 46 लोगों ने नामांकन किया। जिला जजी परिसर स्थित राजेन्द्र रावत सभागार में सोमवार की सुबह 10-30 से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुईं। जिसने अध्यक्ष पद के लिए भगवत शरण मिश्र, ऋषि कुमार पटेल, राजेश कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वही डॉ.साधना त्रिपाठी ने जिला महासचिव पद के लिए, अशोक कुमार तिवारी, सुमित नारायण तिवारी कोषाध्यक्ष पद के लिए, संतोष कुमार, सौरभ शुक्ला ने नामांकन किया। वही कलेक्ट उपाध्यक्ष के लिए तीन कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए दो वरिष्ठ सदस्य के लिए छह कनिष्ठ सदस्य के लिए दस सयुक्त सचिव के लिए पांच अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान एल्डर कमेटी के चेयरमैन यज्ञदत त्रिपाठी वरिष्ट सदस्य लजपतराय सक्सेना अरूण कुमार श्रीवास्तव श्यामलाल वर्मा गजमोहन राजेश चतुर्वेदी रहे है। इस दौरान एड अनंत पाल यादव कोंच, एड नीरज जयपुरिया, एड अरुण बाजपेई, एड धर्मेंद्र सिंह पाल,एड बृजराज सिंह यादव, एड बब्लू सिंह पाल, एड रामशिव यादव, एड शिवम गुप्ता, एड आदर्श परिहार,एड लोकेन्द्र सिंह,एड योगेंद्र सिंह एड संजीव, एड वीरू रिछारा, एड मुकेश चुखी, प्रदीप दीक्षित, लालता राजपूत, उमेश चंद्र मिश्रा, मनीष मिश्रा, मोनू गोसाई भी मौजूद रहे।

# पितरों को प्रसन्न करने के लिए चित्रकूट में कौवों को खिलाने की विशेष व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पितृ पक्ष में कौवों के माध्यम से पितरों को प्रसन्न करने की परंपरा किसी से छिपी नहीं है, किंतु मानव द्वारा उत्पन्न पर्यावरणीय समस्यायों के कारण अब कौवे बहुत कम ही देखने को मिलते हैं। बावजूद इसके प्रभू श्री राम की वनवास भूमि चित्रकूट में आचार्य राजेंद्र तिवारी के निवास में प्रातः काल 6 से 7 बजे के मध्य कौवों के बडे समूह को खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराकर पितरों की प्रसन्न किया जा सकता है। यह विशेष स्थल उत्तर प्रदेश पर्यटक बंगला के सामने से बगिया जाने वाली रोड किनारे स्थित है। आचार्य राजेंद्र तिवारी ने बताया कि सनातन संस्कृति में पितरों के सम्मान और पितृ पक्ष में पिंडदान, तर्पण और वार्षिक श्राद्ध कर्म को विशेष महत्व दिया गया है। इस बार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पितृ पक्ष रहेगा। मान्यता है कि कौवा के रूप में पितर अपने वंश द्वारा वार्षिक श्राद्ध कर्म के माध्यम से प्रदत्त खाद्य पदार्थ प्राप्त करते हैं। इस दृष्टि से पितृ पक्ष में कौवों को खिलाने की परंपरा है।

## ग्राम प्रधान को थमाया नोटिस, वीडियो पर विभागीय जांच के आदेश

# गौआश्रय स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण, लापरवाह ग्राम पंचायत सचिव को किया निलंबित

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार सुबह 10 बजे लोना अस्थायी गोआश्रय स्थल विकास खंड जालौन का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार एवं विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया। इस दौरान गोआश्रय स्थल में 70 गोवंश संरक्षित पाये गये, सभी गौवंश स्वस्थ है मात्र एक गोवंश बीमार पाया गया जिसका इलाज चल रहा है। भूसा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। दो केयर टेकर मौक़े पर सफ़ाई कार्य कर रहे थे। गौ आश्रय स्थल पर गंदगी थी गोबर और पानी से कीचड़ था, ऐसा प्रतीत हुआ कि कई दिन से सफ़ाई नहीं कराई गई थी। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी एवं बीडीओ की लापरवाही स्पष्ट रूप से परिलक्षित पायी गई।

गोआश्रय स्थल में सभी व्यवस्था सफ़ाई आदि करायी जा रही है। लापरवाह ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित प्रधान को नोटिस तथा बीडीओ को मुख्यालय से बिना सूचना गायब रहने तथा गौ आश्रय स्थलों के रखरखाव व संरक्षण में लापरवाही करने एडीओ सहकारिता नोडल अधिकारी गोश्रय स्थल द्वारा खंड विकास अधिकारी को लिखित सूचना दिये जाने के बावजूद खंड विकास अधिकारी द्वारा सफ़ाई आदि न कराने के कारण बीडीओ के विरुद्ध भी समुचित कार्यवाही प्रचलित की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी गौ आश्रय स्थलों में वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों पर बारिश के दृष्टिगत साफ़ सफ़ाई का कार्य बृहद स्तर पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज ही गौ आश्रम स्थल की साफ सफाई, पानी निकासी और परिसर को मिट्टी डालकर समतल किया जाए जिससे बारिश में जल भराव नहीं होगा। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कहा कि प्रत्येक गौशालाओं में गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए नियमित रूप से पशु चिकित्सा अधिकारी गौशालाओं का भ्रमण करेंगे साथ ही गौशाला में संरक्षित गौवंशो के बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद की गौशालाओं में अव्यवस्था मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाब दे ही तय की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी जालौन विनय मौर्य, प्रभारी जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने बुढ़वा मंगल की तैयारियों का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने आज संयुक्त रूप से बुढ़वा मंगल को सकुशल संपन्न कराने हेतु ठड़ेश्वरी मंदिर व जय महाबीर समिति (घटिया वाले महावीर मंदिर) पाठकपुरा उरई पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ठडेश्वरी मंदिर पर बुढ़वा मंगल के दौरान श्रद्धालु काफी संख्या में दर्शन करने पहुँचते है, श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए प्रॉपर बैरिकेडिंग, पेयजल व्यवस्था व साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रहे। स्वास्थ्य शिविर में आवश्यक दवाइयां के साथ डॉक्टरों की टीम तैनात रहे व एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बुढ़वा मंगल के दिन ठड़ेश्वरी मंदिर में मेले का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए प्रॉपर बैरिकेडिंग करें जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में सुगमता रहे। वहीं जय महाबीर समिति, श्री (घटिया वाले महावीर मंदिर) पाठकपुरा उरई में दंगल का आयोजन किया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी उरई को निर्देशित किया कि परिसर के आसपास साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। वही सुरक्षा की दृष्टिगत नाले के चारों तरफ बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |
| कानपुर | 30°C | 26°C |
| देहरादून | 29°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 32°C | 26°C |

# लव जिहाद, ईव टीजिंग होने पर सिपाही से सीओ तक होंगे जवाबदेह, मंत्रियों के संपर्क में रहें डीएम : सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि छोटी या बड़ी घटनाओं तक में पुलिस की जवाबदेही तय की जाएगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि लव जिहाद, ईव टीजिंग और चेन स्नेचिंग की घटना होने पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी (सीओ) तक की जवाबदेही तय की जाएगी। रविवार को अपने सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कानून-व्यवस्था, त्योहार, विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान चेताया कि शासन स्तर पर रोजाना हर जिले की समीक्षा हो रही है। हर अधिकारी की गतिविधि की भी सीधी निगरानी हो रही है। जन शिकायतों के निस्तारण में देरी और मिथ्या रिपोर्ट लगाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। योगी ने कहा कि बीते वर्षों में प्रदेश में सभी त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुए हैं। आगे बारावफात, अनंत चतुर्दशी के बाद पितृ पक्ष है। वहीं 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र, विजयादशमी है। यह समय संवेदनशील है, लिहाजा सतर्क एवं सावधान रहना होगा। इस दौरान शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने वालों से कठोरता से निपटें। दूसरे संप्रदाय के लोगों को उत्तेजित करने का कुत्सित प्रयास करने वालों पर नजर रखें। पिछले अनुभवों को ध्यान में रखकर सुरक्षा इंतजाम करें। कहीं भी सड़क किनारे बाइक, कार, टैक्सी की पार्किंग न हो। स्ट्रीट वेंडरों का व्यवस्थापन कराएं। अवैध टैक्सी स्टैंडों पर कार्रवाई जारी रहे। इस दौरान शासन स्तर के अधिकारियों के साथ सभी मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर, डीएम, एसपी और जिलों में फील्ड में तैनात अधिकारी मौजूद रहे।

**महिला सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता**

सीएम ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। लव जिहाद, चेन स्नेचिंग, ईव टीजिंग होने पर तुरंत कार्रवाई हो। महिला पुलिस बीट अधिकारी एक्टिव रहें। पेट्रोलिंग जारी रखें। ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय होगी। जोन और रेंज स्तर द्वारा भी अधिकारियों की कार्यशैली की समीक्षा की जाए। सभी पुलिस कमिश्नर हर दिन डीजीपी को रिपोर्ट दें। ट्रैक को क्षति पहुंचाने की साजिश के मिले संकेत उन्होंने कहा कि बीते दिनों में रेल पटरियों को क्षतिग्रस्त करने अथवा रेल दुर्घटना की साजिश के संकेत मिले हैं। कुछ लोग पकड़े भी गए हैं। यह गंभीर विषय है। जोन और रेंज स्तर के पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र के जीआरपी और आरपीएफ बल के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें। इंटेलिजेंस बढ़ाएं और इस बड़ी साजिश में शामिल अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

**डीएम और एसपी मंत्रियों के संपर्क में रहें**

सीएम ने कहा कि सभी जिलों में तैनात प्रभारी मंत्रियों का दौरा प्रत्येक माह होगा। जिलों में कोर कमेटी भी गठित की गई है। दौरे के समय सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। मंत्री के निर्देशों का अनुपालन कराएं। डीएम और पुलिस कप्तान अपने जिले के प्रभारी मंत्री से संवाद-संपर्क बनाए रखें। जिले की गतिविधियों से उन्हें अपडेट करते रहें। जिलों के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती भी शीघ्र कर दी जाएगी।

# ज़श्न ए ईद मिलाद-उन-नबी का जलूस महोना, इटौंजा में हुआ संपन्न

पुलिस ने की थी चाक-चौबंद व्यवस्था, हर गली चौराहे पर इटौंजा पुलिस थी मुस्तैद व सतर्क

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा एवं महोना में हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहिस्सलाम वसल्लम के कौमें पैदाइश और विलादत के मौके पर जश्नें ए ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस नमाज जोहर के बाद निकला गया।

जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोग जुलूसे मोहम्मदी में शामिल हुए। वहीं जुलूस में नाराए तकबीर अल्लाह हू अकबर की सदाएं गूंज रही थी जुलूस में तकरीरे बयान कारी मोहतसिम पैंजी मौलाना कासिम रजा मौलाना जियाउलहसन, कारी सुफियान रजा, मौलाना हसनैन रजा हाफिज मकबूल रजा ने अपने बयानों में नबी की सीरत का बयान करते हुए हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो वाले ही वसल्लम की इंसानियत और मानवता के पैगाम को आगे बढ़ाने और उनकी सुन्नतों पर अमल करने की बात कही। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति हेतु इटौंजा थाना के प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव की देखरेख में एवं पुलिस चौकी महोना के प्रभारी रवीन्द्र पाल की मौजूदगी में अन्य पुलिस के जवानों और पीएसी बल की मौजूदगी में जुलूस संपन्न हुआ। वहीं जुलूस में मोहनलालगंज के सांसद आरके चौधरी, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व विधायक गोमती यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव,नगर पंचायत महोना के चेयरमैन जियाउर्रहमान, अशफाक गाजी, पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान, सभासद फूल चन्द रावत के अलावा सैकड़ो की तादाद में नगर पंचायत महोना के नागरिक जुलूस में शामिल हुए।

# मानसून की विदाई में देरी की वजह कहीं ये तो नहीं बंगाल की खाड़ी में दोबारा उठी हलचल, यूपी में होगी बारिश



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देशभर में इस बार मानसून की अवधि लंबी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इस साल सितंबर में तुलनात्मक रूप से ज्यादा बारिश का पूर्वानुमान जारी किया था। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक अब तक देश में 108 फीसदी बारिश हो चुकी है। सितंबर अभी आधा ही बीता है और पिछले साल के मुकाबले इस माह अब तक 71.1 फीसदी बारिश हो चुकी है। आमतौर पर सितंबर के दूसरे सप्ताह से मानसून भारतीय राज्यों से वापस लौटने लगता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की मानें तो इस साल सितंबर से फरवरी 2025 माह के बीच ला-नीना इफेक्ट के सक्रिय होने की प्रबल संभावना है। यही वजह है कि इस बार भारत में मानसून के लौटने में देरी हो रही, साथ ही इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने के भी आसार जताए जा रहे हैं। दरअसल कुछ समय के अंतराल पर मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह के तापमान में उल्लेखनीय रूप से गिरावट आती है, तब इसे ला-नीना प्रभाव कहा जाता है। इसका सीधा असर वायुमंडल, हवा, दबाव और बारिश के पैटर्न पर पड़ता है। ला नीना का प्रभाव उसकी तीव्रता, अवधि, वर्ष के समय के आधार पर अलग-अलग होता है। मौसम में बदले पैटर्न के असर से आमतौर पर वातावरण के तापमान में बदलाव, कहीं भारी बारिश और कहीं बाढ़, तूफान और चक्रवात की संख्या में कमी, कहीं सूखा और जल संकट, कृषि और खाद्य उत्पादन पर प्रभाव आदि देखने को मिलता है। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मानसून शनिवार व रविवार को थमा रहा। बारिश थमने से उमस भरी गर्मी का असर दिखने लगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार तटवर्ती पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने और एक नए वेदर सिस्टम के विकसित होने से अगले दो से तीन दिन पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का मौसम प्रभावित रहने की संभावना है।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव, सपा की एंट्री से कितना बदलेगा समीकरण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में आखिरी मौके पर समाजवादी पार्टी ने अपनी एंट्री की घोषणा की है। नामांकन दाखिल होने से और नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद पार्टी ने रविवार शाम बताया कि उसने अपने 20 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। यहां विधानसभा की कुल 90 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 20 सीटें बहुत मायने रखती हैं। सवाल उठता है कि इस बदले समीकरण से किसे फायदा होगा और किसका नुकसान होगा। यह तो तय है कि समाजवादी पार्टी कहीं से भी भाजपा के वोट बैंक में सेंध नहीं लगा सकती है। ऐसे में इंडिया ब्लॉक में शामिल अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी की जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) उम्मीदवारों के खिलाफ मैदान में उतरने को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक इसे इंडिया ब्लॉक में दरार बढ़ने का परिणाम बता रहे हैं। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए एक साथ आये विपक्षी दलों के गठबंधन का विधानसभा चुनावों में कोई उद्देश्य ही नहीं बचा है। ऐसे में उनका बिखरना तय है, और यह धरातल पर नजर भी आ रहा है। एक तरफ जम्मू-कश्मीर में समाजवादी पार्टी ने गुपचुप अपने उम्मीदवार मैदान में उतार दिये तो दूसरी तरफ हरियाणा में आप और कांग्रेस के बीच बात नहीं बन पाई। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी सपा की उत्तर प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में भी अपना आधार बढ़ाने की महत्वाकांक्षा लाजमी है। लेकिन वह किसी भी तरह भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने वाली नहीं है। समाजवादी पार्टी यदि किसी के वोट काट सकती है तो वह इंडिया गठबंधन की पार्टियों की है। सपा ने जिन 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, उन पर गौर करें तो इनमें से सिर्फ चार पर उसके उम्मीदवार कांग्रेस के प्रत्याशियों को टक्कर देते दिख रहे हैं। ये सीटें हैं बारामूला, उधमपुर पश्चिम, बांदीपोरा और वगूरा क्रीरी।

# उम्र को पीछे छोड़ सिडनी मैराथन में भाग लेकर रच दिया इतिहास

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बतौर दंपति शहर के बजरंग और आशा छह अंतरराष्ट्रीय मैराथन में हिस्सा ले चुके हैं। बीते रविवार इस जोड़ी ने सिडनी में एज ग्रुप वर्ल्ड मैराथन में भाग लेकर नया कीर्तिमान रच दिया। शौक कब आपको नई राह की ओर ले जाए, पता ही नहीं चल पाता। कुछ ऐसा ही कर गुजरने को बेताब हैं 65 साल के रिटायर्ड कर्नल बजरंग सिंह और 58 साल की उनकी पत्नी आशा सिंह। बीते रविवार इस जोड़ी ने सिडनी में एज ग्रुप वर्ल्ड मैराथन में भाग लेकर नया कीर्तिमान रच दिया। मैराथन में जहां आशा ने महिलाओं की 55-60 आयुवर्ग में भाग लिया तो वहीं बजरंग 60-65 आयुवर्ग की मैराथन का हिस्सा बने। बतौर दंपति यह उनकी छठी वर्ल्ड मैराथन हैं। इससे पहले वे बोस्टन (17 अप्रैल 2023), न्यूयार्क (छह नवंबर 2022), शिकागो (नौ अक्तूबर 2022), लंदन (दो अक्तूबर 2022) और बर्लिन (24 सितंबर 2023) में आयोजित मैराथन में भाग ले चुके हैं। बजरंग और आशा सफलता के इस सिलसिले को जारी रखना चाहते हैं। उनका अगला लक्ष्य अगले साल पांच मार्च को होने वाली एशिया की सबसे बड़ी टोक्यो वर्ल्ड मैराथन में भाग लेना है।

प्रदर्शन की बात करें तो आशा अपने पति बजरंग से हमेशा दो कदम आगे रहीं। हालांकि उनकी इस सफलता में बजरंग ने कोच की भूमिका का निर्वहन करते हुए आशा को आगे बढ़ाया। सिडनी मैराथन के एक दिन पहले आशा को बुखार भी आ गया था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और बजरंग के साथ कदम से कदम मिलाकर 42 किमी की दूरी तय की। सिडनी रवाना होने से पहले आशा ने बीती छह सितंबर को लद्दाख में हाई एल्टीट्यूट (अधिक ऊंचाई) खारदुंगला तक 72 किमी की रेस में भाग लिया और वेटरन वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यहां उन्होंने 11 घंटे 27 मिनट का रिकॉर्ड समय निकालकर श्रेष्ठता साबित की।

तकरीबन सात साल पहले बजरंग ने आशा के साथ फिटनेस के लिए दौड़ना शुरू किया। शुरुआती दिनों की मेहनत के बाद यह शौक कब कॅरिअर में बदल गया, पता ही नहीं चला। बजरंग बताते हैं कि फौज में होने के कारण दौड़ना मेरी दिनचर्या में शामिल था, लेकिन परिवारिक जिम्मेदारियों के चलते आशा ने कभी इस ओर नहीं सोचा। जब हमारे बच्चों के भी बच्चे हो गए तो हमने खुद को व्यस्त करने के लिए नियमित जॉगिंग की योजना बनाई।

उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में आशा की क्षमता में तेजी से सुधार आया और दो साल के बीच 50 किमी तक दौड़ना शुरू कर दिया। देखते ही देखते उन्हें वेटरन अल्ट्रा रनर (50 किमी से अधिक) का खिताब मिल गया। आशा की सफलता का सिलसिला यहीं खत्म नहीं हुआ। 100 किमी भी उनकी पहुंच में आया गया। उम्मीद है कि आशा भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी। एक कोच के तौर पर मैं उनके प्रदर्शन से अभीभूत हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मोटरसाइकिल व कार में महिगवां मोड़ पर भिड़ंत, दो चोटिल



**जनएक्सप्रेस/पीयूष द्विवेदी/लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरावां की तरफ से कार सवार कुर्सी की तरफ जा रहे थे तभी महिगवां से आ रही मोटरसाइकिल सवार की महिगवां जाने वाली मोड़ के पास भीषण भिड़ंत हो गई। जिसमें कार सवार सुरेन्द्र व मोटरसाइकिल पर पुन्नी पत्नी राशिद चोटिल हो गए। बता दें कि महिगवां थाना अंतर्गत कुर्सी रोड महिगवां मोड़ के पास मोटरसाइकिल व कार सवार मे भीषण भिड़ंत हो गई। मौके पर पहुंची महिगवां पुलिस ने घायलों को इलाज़ के लिए नज़दीकी अस्पताल ले गई। भिड़ंत के दौरान महिला पुन्नी महिगवां निवासी व सुरेन्द्र पहूकपुर निवासी को मामूली चोट आई थी। वहीं इस घटना के दौरान चार-पहिया कार सड़क के बगल झाड़ियों में पलट गई और मोटरसाइकिल में भी काफी नुकसान हो गया।

### धूप निकलने के साथ छाए रहेंगे बादल, मौसम विभाग ने 3 दिन बारिश का अनुमान जताया

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह से ही मौसम साफ है। तेज धूप निकली हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बारिश की भी संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री रहा। अधिकतम आर्द्रता 93 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 67 फीसदी रही। दिन में पूर्वी हवा का असर बना रहा। धूप और छांव के बीच लोग उमस भरी गर्मी से भी परेशान हुए। मानसून का दबाव कमजोर होने के कारण पिछले 24 घंटे में लखनऊ में कोई बारिश नहीं हुई। 1 जून से लेकर अभी तक लखनऊ में 647.6 एमएम बारिश हुई है। जबकि बारिश का औसत 617.8 एमएम है। अभी पूरे सीजन में 5 फीसदी अधिक बारिश हुई है। वहीं, पिछले 24 घंटे में बारिश का औसत 7.4 डड है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक बारिश का अनुमान जताया है।

# दिसंबर माह में महाराजा देवीबक्श सिंह विजय द्वार का होगा लोकार्पण : गौरव सिंह

जन एक्सप्रेस । नैमिष प्रताप सिंह



भारत के प्रथम मुक्ति संग्राम 1857 में कंपनी सरकार को कम 5 बड़े और दो छोटे युद्धों सहित कई सैनिक झड़पों में पराजय का मुंह दिखाने वाले क्रांतिनायक महाराजा देवीबक्श सिंह को स्वतंत्र भारत में भुला दिया गया। उनके योगदान को साजिशन इतिहास के पन्नों से गायब किया गया। गोंडा जनपद के युवा समाजसेवी गौरव सिंह, गोंडा नरेश देवीबक्श सिंह की स्मृतियों को सुरक्षित करने और देश - समाज को उनके योगदान से परिचित कराने के लिए एक विजय द्वार का निर्माण करवा रहे है, जिसका लोकार्पण इस साल के आखिरी दिसंबर माह में होना सुनिश्चित हुआ है।

सोमवार को लखनऊ में गौरव सिंह ने एक विशेष बातचीत में बताया कि इस अवसर पर सेवानिवृत्ति सैनिकों का सम्मान किया जायेगा। 5000 से ज्यादा गरीबों-निराश्रितों को कंबल वितरित किया जायेगा। विकलांगों को ट्राई साइकल दी जायेगी। प्रतिभाशाली छात्रों को पुरुस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा महाराजा देवीबक्श सिंह के ऊपर लिखी हुई किताब का विमोचन होगा। बताते चले प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में गोंडा, बस्ती और अयोध्या के बीच पड़ने वाले लोलपुर लमती, विकास खंड-नवाबगंज नामक जिस स्थान पर कंपनी सरकार के कमांडर रोक्राफ्ट को महाराजा देवीबक्श सिंह ने पराजित किया था, उसी पवित्र भूमि पर महाराजा देवीबक्श सिंह विजय द्वार का निर्माण किया जा रहा है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष में उत्तर भारत में उन्होंने सर्वाधिक दीर्घ काल तक लड़ाई जारी रखी। 1858 के आखिर माह तक भारतीय उप महाद्वीप के लगभग सभी क्रांतिकारियों को कंपनी सरकार ने पराजित कर दिया था। दिसंबर 1858 में जब महाराजा देवीबक्श सिंह फिरंगियों से पराजित हो गए तब उन्होंने नेपाल से छापामार शैली में फिरंगी राज के खिलाफ 1862 तक युद्ध जारी रखा। महाराजा देवीबक्श सिंह की सेना में केवल उनके सहयोगी राजा- जमींदार या सैनिक गण ही नहीं थे बल्कि इसमें साधारण किसान -कामगार - मजदूर, महिलाएं और युवा शामिल थे। यदि देखा जाय तो कंपनी सरकार के खिलाफ महाराजा देवीबक्श सिंह की अगुवाई में हुआ सशस्त्र संघर्ष सही मायने में लोकयुद्ध था, जिसमें आम जनता ने भागीदारी किया था।

### बिरयानी बनाने को लेकर मारपीट, दो लोग घायल हुए, एक की हालत गंभीर

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** गोसाईंगंज क्षेत्र के घुसकर गांव में बारावफात के अवसर पर प्रसाद के रूप में बांटने के लिए बनवाई जा रही मीठी बिरियानी को लेकर हुए विवाद हो गया। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में चार पुरूष व दो महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक घुसकर गांव निवासी नासिर सोमवार को बारावफत के मौके पर वह प्रसाद बांटने के लिए मीठी बिरियानी बनवा रहे थे। तभी गांव के रहने वाले फरीद व अमेठी के रहने वाले हसीन आए और बिरियानी बनवाने का विरोध करते हुए गालियां देने लगे। जिसका पीड़ित का भाई शाकिर विरोध करने लगा। इससे गुस्साए हसीन व फरीद ने खाना बना रहे कलछुला को निकाला और शकिर के सिर पर मार दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया।

### ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में फहराया तिरंगा, जगह-जगह लगे लंगर

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 12 रबी-उल-अव्वल को ईद मिलादुन्नबी मनाई जा रही है। शहर के चौक स्थित दरगाह शाहमीन शाह से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। वहीं, अमीनाबाद झंडे वाली पार्क से जुलूस-ए-मदहे सहाबा निकला। दोनों जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। पैगंबर मोहम्मद साहब की पैदाइश कि खुशी में यह जुलूस निकाला गया है। जुलूस में भारतीय तिरंगा भी लहराया गया। शहर में दो प्रमुख जुलूसों के अलावा करीब 200 जुलूस निकाले गये हैं। रास्ते पर जगह-जगह सबील और लंगर की व्यवस्था की गई है। इस दौरान देश में शांति और अमन की कामना के लिए दुआएं भी मांगी। जुलूस-ए- मोहम्मदी में शामिल हुए शहजाद आलम ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब पूरे विश्व के लिए रहमत बनके आए। लखनऊ के जुलूस से भाई चारा का संदेश दिया जाता है। लखनऊ के चौक जुलूस-ए-मोहम्मदी में बड़ी संख्या महिलाएं भी शामिल हुईं। रथ बनाए गए और उन्हें सजाया गया। जुलूस-ए-मदहे सहाबा में अंजुमन चार यार कि ओर से निकाला गया हाथ से बना हुआ इस्लामी झंडा। जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल लोगों ने अमन, शांति और तरक्की के लिए दुआएं की।

### कार ने बुलेट सवार को मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधान लखनऊ के बीबीडी इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक घायल के इलाज चल रहा है। दोनों युवक बाराबंकी से लखनऊ काम से आए थे। लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक धकौली पोस्ट सौमैय्या नगर जनपद बाराबंकी का रहने वाला रिहान अली (23) पुत्र कुर्बान अपने साथी फैजल के साथ लखनऊ निजी काम से आया था। रविवार-सोमवार की बीच रात वापस जा रहा था। तभी करीब 3 बजे अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में दोनों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने रिहान को मृत घोषित कर दिया। उसके साथी फैजल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इंस्पेक्टर बीबीडी के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी।

### एलयू दीक्षांत समारोह, 1 लाख को मिली डिग्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय का आज 67वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। यूनिवर्सिटी परिसर में हुए इस समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। समारोह में कंप्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाविद डॉ. विजय पांडुरंग भातकर मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने बटन दबाकर 1 लाख 6 हजार 603 स्टूडेंट्स की डिग्रियां और मार्कशीट डिजी लॉकर में अपलोड किया। कार्यक्रम में 106 मेधावियों को 198 मेडल दिए गए। इनमें सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल छात्राओं ने जीते है। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय में जा रही हूं, तो वहां सबसे ज्यादा मेडल पाने वालों में लड़कियां ही आगे हैं। यह अच्छी बात है। हम जल्द ही विश्व गुरु बनने वाले हैं। राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षा में नए कीर्तिमान बनाए हैं। कार्यक्रम में पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय से छात्रों से कहा कि आप जाति में मत बंटिए। वहीं, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा भविष्य तक करना है! राज्यपाल ने कहा कि पहले यूनिवर्सिटी की स्थिति और आज की यूनिवर्सिटी में जो परिवर्तन आया है, वह सब आपने ही किया है। कमिटमेंट के साथ लक्ष्य बनाकर उसे पाने का उत्तम उदाहरण है लखनऊ यूनिवर्सिटी। एनएएसी की रेटिंग के लिए सभी विश्वविद्यालय कहते थे कि! बहुत मुश्किल हैं। आपने उसे हासिल किया है। अंडर 100 एनआईआरएफ रैंकिंग लाना भी बड़ी उपलब्धि है। यूजीसी की कैटेगरी 1 रैंकिंग पाने के बाद प्रधानमंत्री से मिलना वाले 100 करोड़ के फंड का उपयोग रिसर्च के लिए होने जा रहा है। सभी अवॉर्ड पाने वालों को बहुत बधाई। जिनको नहीं मिला उनको भी बधाई। उनके माता-पिता को भी बधाई। मैंने मेडल पाने वाले सभी मेधावियों के माता-पिता को मंच पर बुलाया। इससे उनके मन में मेधावियों के लिए गौरवान्वित महसूस करें। यहां से पढ़कर निकले कितने ही बच्चे वैज्ञानिक, उद्यमी बनकर देश-दुनिया में नाम कर रहे हैं।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि किसी भी यूनिवर्सिटी जाइए, लड़कियां की सबसे ज्यादा मेडलिस्ट हैं। यह अच्छी बात है। इससे ये तय है कि भारत बहुत जल्द विश्व गुरु बन जाएगा।

# नजूल की भूमि पर कब्जा कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी शिकायत: ठाकुर रामचंद्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जनपद अयोध्या के डाभासेमर में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की एक पंचायत का आयोजन किया गया द्य जिसमें पंचायत कार्यक्रम के उपरांत बजरंगी कुटीर उद्योग का फीता काट करके राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती निशा सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी जनपद अयोध्या जिला अध्यक्ष परशुराम यादव, बाराबंकी जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर चर्चा की गयी द्य राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह ने कार्यक्रम के बाद कहा कि आज इस सरकार किसानो के जर जमीन पर निगाह रखे हुए हैं।
जो किसानो से लेकर उद्योगपतियों को दे रही है खासकर अयोध्या में, जो जानवर आज किसानो के खेतों की फसल बर्बाद कर रहे है जो गौ आश्रय स्थल में भेज कर उनकी व्यस्था की जाय द्य चकरोट, नाली व चकमार्ग को खाली कराई जाय जिन दबंगो द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है उन पर कार्यवाही किया जाय। प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया कि अयोध्या में नजूल की भूमि पर नजूल विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों की मिली भगत से नजूल की जमीन पर



प्रधान मंत्री आवास देने का खेल हो रहा है द्य कई होटल स्टे होम ऐसे बनाऐ गये है जो पूरी तरह से नजूल पर ही बने जिसकी शिकायत भी की गयी है द्य 21 सितम्बर 2024 को लखनऊ में एक मीटिंग का कार्यक्रम रखा गया है द्य मालिक पुर में कुटीर उद्योग के उद्घाटन के समय मौजूद पदाधिकारियों से अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों की अधिग्रहित कई भूमि पर कम मुवाबजे देने को को लेकर चर्चा हुई द्य, जय जवान जय किसान जय हिंदुस्तान के नारे लगाने के साथ ठाकुर रामचंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष रवाना हुए द्य इस अवसर पर बजरंगी यादव, राम गुलाम, राम निहोर, दिनेश मौर्य, परसराम, राम चरीत्तर वर्मा, लुक्का, रीना, मीरा, गुड्डा देवी, बिट्टन, लीलावती, किरन, फूला सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# एसी के ऍक्जिट बाक्स के पास मिला विस्फोटक सुतली बम , गांव में दहशत

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर, अयोध्या**

थाना तारुन क्षेत्र के ग्यासपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत चह्यसेनपुर मजरा रामनगर निवासी राम जी चौरसिया पुत्र स्वर्गीय राम यश घर की छत के पीछे लगा एसी का एक्जिट बॉक्स पर रविवार सांय काल लगभग 4ः00 बजे विस्फोटक सुतली बम पास में रखा मिलने से परिवार में खलबली मच गई और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुमार समेत गांव के लोग एकत्रित हो गए मामले की सूचना ग्यासपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को दी गई सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए सुतली बम को साथ ले गए और जांच के लिए भेजा गया मामले की जानकारी तारुन थाना प्रभारी निरीक्षक को भी



दी गई। राम जी चौरसिया के द्वारा पुलिस चौकी ग्यासपुर को लिखित तारीख देकर कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में जब राहुल पुत्र राम जी चौरसिया से मोबाइल पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि परिवार के साथ गुजरात जाने के लिए तैयारी चल रही थी रविवार देर शाम जब राहुल एसी के एक्जिट बाक्स को उपर से प्लास्टिक के पन्नी डालने गया तो देखा विस्फोटक पदार्थ सुतली बम पड़ा दिखाई दिया। आज पड़ोस के लोगों को बुलाया और फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई है लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। सुतली का बम असली है या नकली अभी स्पष्ट नहीं है।

# बीकापुर में निकाला ईद मिलादुन्नबी का जलूस ए मोहम्मद

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर, अयोध्या**

बीकापुर कस्बा में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से जशन ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ए मोहम्मदी हजरत गौस वलीदीन शाह मजार के नसीरुद्दीन कादरी की अगवाई में निकला गया। जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी। आज ही के दिन मक्का में हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। जिसकी खुशी सारे जहां में लोग जशन ए ईद मिलादुन्नबी के नाम से मानाते हैं। हजरत मोहम्मद साहब पूरी दुनिया में अमन, शांति एवं भाईचारगी का पैगाम दिया। जुलूस ए मोहम्मदी बीकापुर नगर पंचायत कस्बा समेत बस आदि क्षेत्रों से हर्षोल्लास के साथ सैकड़ों की संख्या में धार्मिक झंडों के साथ निकाली गई। सभी जगहों की जुलूस ए मोहम्मदी बीकापुर स्थित मजार पर पहूचा। जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान बीकापुर पुलिस की कड़ी



सुरक्षा व्यवस्था रही।
कस्बा के कई स्थानों पर हलुआ ,चना आदि नास्ते पानी का वितरण किया। जुलूस में शामिल लोगों ने देश में अमन शांति के लिए सामूहिक दुआ की। जुलूस में मुख्य रूपसे मोहम्मद वकील,आबाद अहमद खां, मोहम्मद नसीम, हरिराम यादव, मोहब्बत अली, मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद आलम, मोहम्मद रज्जब, शेर अली, मोहम्मद अली, मोहम्मद कल्लू, मोहम्मद असलम आदि पुरुष और महिलाएं शामिल रही।

## नाली चकमार्ग पर अवैध कब्जा, लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर ,अयोध्या।** एक साल पहले शिकायत के बाद राजस्व टीम ने पैमाइश कर नाली चक रोड पर अवैध कब्जा मिलने पर बोयी गन्ना फसल कटवाकर खाली कराते हुए नाली चकमार्ग बरकरार रहने की हिदायत दी गई थी लेकिन उसके बावजूद भी दबंग उदय नारायण मिश्रा ने अवैध कब्जा 2024 में गन्ने की फसल बोकर पुन कब्जा कर लिया जिसकी शिकायत आयोजित समाधान दिवस में किया गया था जिस पर संबंधित अधिकारी ने राजस्व कर्मियों को मौके पर जाकर पैमाइश के बाद खाली करने का निर्देश दिया था लेकिन हलका लेखपाल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने मौके पर जाकर पैमाइश किया और पुनः नाली चक रोड की भूमि पर अवैध कब्जा मिलने पर आरोपी उदयभान मिश्रा पुत्र अंबिका मिश्रा निवासी किलहना के विरुद्ध तहरीर देकर बीकापुर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया। मामला बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोदहरी किलहना गांव का है।

# जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से गावों के तालाब जलभराव और अतिक्रमण की चपेट में

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले के अधिकांश गांवों में तालाबों पर अतिक्रमण और जलभराव की समस्या गंभीर बनी हुई है।ये तालाब जो पहले जल भंडारण और जल निकासी के लिए महत्वपूर्ण थे,अब तेजी से अपनी उपयोगिता खोते जा रहे हैं।बारिश के मौसम में तालाबों में पानी जमा होने के बजाय सड़कों और घरों के आसपास जलभराव हो जाता है।जिससे गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है।और संक्रामक बीमारियों जैसे डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है।ग्रामीणों का मानना है कि तालाबों का सुंदरीकरण और रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है।कई तालाबों पर अतिक्रमण और निर्माण कार्यों के चलते उनकी जलधारण क्षमता प्रभावित हो रही है।इसके परिणामस्वरूप सड़कों और गलियों में जल भराव की समस्या हो जाती है।जो स्वास्थ्य संकट को और बढ़ा रही है।सरकारी योजनाओं जैसे नरेगा



के तहत तालाबों की मरम्मत और सफाई की जाती है।लेकिन ग्रामीणों की यह मांग है कि गांवों के भीतर स्थित तालाबों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।इन तालाबों की सुरक्षा और अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को विशेष अभियान चलाना चाहिए।जैसे गाड़ी चेकिंग और बिजली चेकिंग अभियान आयोजित किए जाते हैं।वैसे ही तालाबों की सुरक्षा और अतिक्रमण हटाने के लिए भी नियमित अभियान चलाए जाने चाहिए।अभियानों के दौरान अवैध कब्जों पर पेनाल्टी लगाई जानी चाहिए।ताकि भविष्य में अतिक्रमण की प्रवृत्ति को रोका जा सके।इसके अलावा प्रशासन को तालाबों की देखरेख के लिए एक विशेष टीम बनानी चाहिए।जो सुनिश्चित करे कि तालाबों पर कोई अतिक्रमण न हो और उनकी सफाई और रखरखाव नियमित रूप से होती रहे।ग्रामीणों का कहना है,कि जिले के तालाबों का सर्वेक्षण कराकर उनके सुंदरीकरण और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाए।ग्रामीणों की यह मांग है,कि गांव के भीतर स्थित और आबादी से सटे तालाबों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।इन तालाबों का सुंदरीकरण और अतिक्रमण मुक्त होना जरूरी है।ताकि जल संरक्षण हो सके।और संक्रामक रोगों से बचा जा सके।
ग्रामीणों की मांग है कि तालाबों का पुनरुद्धार किया जाए।ताकि वे फिर से जल संग्रहण और जल निकासी के लिए उपयोगी हो सकें।साथ ही गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य के माहौल को बेहतर बनाया जा सके।

## प्रभारी मंत्री का एक दिवसीय दौरा आज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राज्यमंत्री खाद एवं रसद व जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम मंगलवार को प्रस्तावित है। जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष में भाजपा द्वारा आयोजित किया जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री सत्रह सितंबर को प्रातः 8:30 बजे गौरीगंज पहुंचकर मलिन बस्ती वार्ड नंबर पांच पलिया गौरीगंज में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।तत्पश्चात 09:10 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण एवं रक्तदान कार्यक्रम में रहेगें।इसके बाद 09ः50 बजे जिला भाजपा कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेंट वार्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# आज कटेहरी आएंगे बाबूसिंह कुशवाहा, गोशाईगंज में होगा स्वागत सम्मान

**जन एक्सप्रेस । गोशाईगंज, अयोध्या**

जन अधिकार पार्टी के संस्थापक जौनपुर से सांसद गरीबों ,मजलूमों के मसीहा माननीय बाबूसिंह कुशवाहा का अंबेडकरनगर की धरती पर प्रथम बार आगमन पर विधानसभा कटेहरी मे समाज के लोगों को 17 तारीख कटेहरी मार्केट के रामलीला मैदान में बहुत ही भव्यता के साथ स्वागत समारोह कार्यक्रम मनाएं जाने के कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए कटेहरी विधानसभा के मौर्य समाज के गांव में व्यापक पैमाने पर जनसंपर्क करते हुए चंदैनी , चांदपुर,कटेहरी गौरा बसंतपुर असरापुर बरवा गांव में समाज के लोगों के साथ मीटिंग



करते हुए जन अधिकार पार्टी की विचारधारा को समझाएं समझाया गया और समाज के लोगों से अपील की गई कि माननीय बाबू सिंह कुशवाहा जी के स्वागत समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उनका स्वागत करें और उनके विचारों को सुने जनसंपर्क में विनय मौर्य मंडल प्रभारी अयोध्या , विकास मौर्य जिला अध्यक्ष अयोध्या, रामजीत मौर्य जिला संगठन मंत्री अयोध्या, राज मौर्य विधानसभा अध्यक्ष कटेहरी और वरिष्ठ कार्यकर्ता शैलेश मौर्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तन्मयता के साथ संपर्क किया चांदनी गांव में भाई अनिल मौर्य के आवास पर मीटिंग करते हुए विनय मौर्य ने सभी समाज के लोगों से आह्वान किया की अब एकजुट होने का समय आ गया है सभी साथी एकजुट होकर के समाज के अगुवा को मजबूती प्रदान करें साथ ही जिला अध्यक्ष अयोध्या ने लोगों से आवाहन किया कि आप सभी लोग राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करें तभी आपका विकास संभव होगा क्योंकि राजनीति ही सभी विकास की मास्टर चाभी होती है राजनीति से ही विकास के सभी दरवाजे खुलते आप सभी को अपना विकास चाहिए तो अपने समाज के नेता को और पार्टी को और समर्थन देना होगा।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दुष्कर्म पीड़िता से की मुलाकात, पीड़िता के पिता को सौंपा चेक

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि में महिला सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत दुराचार पीड़िता से मिलने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय रौनाही थाना अंतर्गत गोपीनाथपुर गांव पहुंचे।रेप पीड़िता और उनके पिता से मिलकर के ?25000 का चेक दिया और भरोसा दिलाया कांग्रेस पार्टी आपको न्याय दिलाने के लिए हर तरीके के लड़ाइयां लड़ने का काम करेगी । रेप पीड़िता और उनके पिता से मिलकर के ?25000 का चेक दिया और भरोसा दिलाया कांग्रेस पार्टी आपको न्याय दिलाने के लिए हर तरीके के लड़ाइयां लड़ने का काम करेगी ।
पूर्व रौनाही टोल प्लाजा पहुंचने पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का फूल माला से स्वागत किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश ही नहीं लगभग सभी भाजपा शासित राज्यों की कानून व्यवस्था लगभग अस्तित्वहीन है और महिलाओं के खिलाफ़ दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराधों पर भाजपा सरकार का नकारात्मक रवैया अत्यंत चिंताजनक।
अपराधियों की ये निर्भीकता प्रशासन की पूर्ण नाकामी का परिणाम है और इस कारण प्रदेश में पनपता असुरक्षित वातावरण भारत की बेटियों की स्वतंत्रता, उनकी आकांक्षाओं पर बंदिश है।
समाज और सरकार दोनों शर्मिंदा हों और गंभीरता से विचार करें - देश की आधी आबादी की रक्षा की ज़िम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे।
जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद,प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल , पूर्व जिला अध्यक्षराजेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, लखनऊ से आई पीसीसी मेंबर अनामिका यादव, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रधान यादव, लाल मोहम्मद, एससी एसटी जिला अध्यक्ष रामसागर रावत, आजाद चौधरी, जिला महासचिव रुद्र प्रताप सिंह रिशु, रमोट पासी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी, या रसुलल्लाह की सदा से गूंजा पूरा शहर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रबीउल अव्वल का चांद निकलने के साथ ही पूरी दुनिया के साथ मुल्क में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। चांद निकलने से 12 दिनों तक लगातार शहर में ईद मिलादुन्नबी की जगह जगह महफिलें सजाई गई।
जिसमें नबी की नाते पढ़ी गई और उनके द्वारा कही गई बातों को आम मुसलमानों तक पहुंचाते हुए उन्हें नबी के बताए रास्तों पर चलने की हिदायत दी गई और पूरे 12 दिन महफिल के खत्म होने पर मुल्क की तरक्की, खुशहाली, अमन चैन, आपसी भाईचारे की दुवाएं भी मांगी गई। सोमवार की सुबह जुलूस मोहम्मदी शहर के खिन्नितल्ला निकाला गया जो खोयामंडी, कैपरगंज, घंटाघर, रेलवे स्टेशन, जहानाबाद चौकी, कहारो का अड्डा से होता हुआ वापस खिन्नितल्ला में खत्म हुआ। जुलूसे मोहम्मदी में आगे अलग अलग मोहल्लों की अंजुमने शामिल होती गई। जुलूस में



मर्द, औरते, बच्चे, बूढ़े, बुजुर्ग के साथ तमाम लोग मौजूद रहे। गर्मी को देखते हुए रास्ते में जगह लोगों ने नाश्ते, पानी के साथ ठंडा और बच्चों के लिए चॉकलेट और बिस्कुट का इंतजाम किया गया। जुलूस के दौरान प्रशासन पूरी तरह एक्टिव रहा और जगह जगह भारी पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस में शामिल अंजुमनो को राष्ट्रीय जागरूक मुस्लिम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफताब अहमद (रज्जू खान) द्वारा पहला, दूसरा व तीसरा इनाम मौलाना अरबी अल अशरफ के हाथों से दिलवाया गया। जुलूस में शामिल अंजुमनों में पहला इनाम अंजुमन रजाए मुस्तफा छोटा घोसियाना को, दूसरा इनाम अंजुमन गुलमाने मुस्तफा लश्कर आला हजरत बहराना को, तीसरा इनाम अंजुमन आशिकाने मुस्तफा तिलियाकोट व तीसरा इमाम अंजुमन पाबंदे शरीयत नई बस्ती खतरना को दिया गया।

## मोदनवाल समाज द्वारा युवा छात्र सम्मेलन का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज वैश्य मोदनवाल समाज महासभा के तत्वाधान में युवा छात्र सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइन स्थित डॉक्टर जेके भारत के आवास पर संपन्न किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर घनश्याम दास मोदनवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में चिरंजी लाल मोदनवाल राष्ट्रीय महामंत्री, आलोक कुमार मोदनवाल प्रदेश अध्यक्ष, रमेश कुमार मोदनवाल जिला अध्यक्ष, डॉ जेके भारत मोदनवाल जिला संरक्षक, जिला उपाध्यक्ष दीपू मोदनवाल, जिला महामंत्री बब्लू मोदनवाल आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में मोदनवाल समाज के छात्र एवं छात्राओं ने सम्मेलन में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज को एकजुटता कैसे बने और छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए क्या-क्या कदम संगठन द्वारा उठाया जाना चाहिए इस पर चर्चा की।

# यूपीएस के खिलाफ 26 सितंबर को कर्मचारी निकालेंगे आक्रोश मार्च

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

केंद्र सरकार की तरफ से एनपीएस की जगह लाई जाने वाली यूपीएस योजना का भी लगातार विरोध जारी है।
सरकार की तरफ से यूपीएस के सुधारों को लेकर भी कोई चर्चा नहीं की जा रही है, इसकी वजह से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस पेंशन के विरोध में और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 26 सितम्बर को अटेवा के बैनर तले एकत्रित होकर जिले के हजारों कर्मचारी **आक्रोश मार्च** निकालेंगे। **आक्रोश मार्च** को सफल बनाने के लिए सोमवार को अटेवा जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक शहीद स्मारक मुंशीगंज में आयोजित की गईमुंशीगंज के शहीद स्मारक पर आयोजित बैठक में जिला संयोजक इरफान अहमद ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से पुरानी पेंशन बहाल न करके अब न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह पर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने जा रही है। सरकार की यह पेंशन स्कीम बिल्कुल ही कर्मचारियों के हित में नहीं है।
जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने बताया कि ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के बैनर तले कर्मचारियों ने अपने ही कार्यस्थल पर हाथ में काली पट्टी बांधकर नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस का विरोध 2 से 6 सितंबर तक किया गया था इस विरोध में बेसिक, माध्यमिक और डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के साथ ही साथ लेखपालों, नर्सों और अन्य राज्य कर्मचारियों ने विरोध करते हुए सरकार से पेंशन स्कीम पर विचार करने का अनुरोध किया था लेकिन सरकार ने बिल्कुल ही गौर नहीं किया है
जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य ने बताया कि यूपीएस एक छलावा मात्र है भले इसमें सरकार अपना अंशदान 14 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर रही हैं लेकिन सेवानिवृत्त पश्चात आपके द्वारा किया गया अंशदान भी आपको नहीं मिलेगा।
हम लोग इसी का विरोध कर रहे हैं और हम अपनी बुढ़ापे की लाठी यानि पुरानी पेंशन स्किम की मांग सरकार ने अनवरत कर रहे हैंजिलामीडिया प्रभारी मो0 नसीम ने बताया कि आगामी 26 सितम्बरकोपूरे जिले के कर्मचारी जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर **आक्रोश मार्च** निकालेंगे। उन्होंने बताया कि इस **आक्रोश मार्च** में प्रतिभाग करने के लिए विभागों में जागरूकता कार्यक्रम अटेवा की तरफ से चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी प्रतिभाग करें उन्होंने बताया कि शिक्षकों के साथ ही नर्सों, फार्मेसी, लेखपाल, पंचायत सचिवों, सफाई कर्मचारी संघ के साथ ही अन्य विभागों के कर्मचारीभी इसमें प्रतिभाग करेंगे।
इस मौके पर हाल ही में ऊंचाहार और महराजगंज ब्लॉक के अटेवा संयोजक बने महेश कुमार और शीतांशु सोनकर का भी सम्मान जिला कार्यकारिणी की तरफ से किया गया।

## हिन्दी दिवस पर युवा कवयित्री कल्पना अवस्थी की पुस्तक का हुआ विमोचन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** हिंदी दिवस को सभी साहित्य प्रेमी मना रहे हैं। आज हिंदी रचनाकार के कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें युवा कवयित्री कल्पना अवस्थी की एक और पुस्तक दीप का विमोचन किया गया कल्पना अवस्थी ने बताया कि इस पुस्तक में उन्होंने पारिवारिक मापदंडों के साथ-साथसामाजिक भूमिकाओं कोक वितामेंपिरोनेकाप्रयासकिया हैकार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार सरस्वती प्रसाद रावत ने बताया कि पुस्तक कवयित्री की सोच की गहराई को दर्शाता है। जिसने समाज के हर पहलू को छुआ है। उन्होंने हिंदी की दिशा और दशा को सुधारने के लिए विश्व पटल पर प्रयास करने की बात कही है मुख्य अतिथि भाषा सलाहकार डॉ. संतलाल ने बताया कि हिंदी रचनाकार समूह हिंदी की दिशा और दशा को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है और सरकार को भी चाहिए की हर संस्थान में हिंदी को प्राथमिकता दी जाए।




# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । मंगलवार । 17 सितंबर 2024 05


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कानपुर के 500 करोड़ के निर्यात ऑर्डर रुके



## चीन मंगा रहा खाली शिपिंग कंटेनर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

निर्यातकों के सामने चीन ने समस्या खड़ी कर दी है। चीन की कंपनियों की ओर से खाली कंटेनरों की भारी मांग के चलते कानपुर समेत देश भर के निर्यातकों के सामने संकट खड़ा हो गया है। चीन की मांग के चलते शिपिंग कंपनियों ने भाड़ा बढ़ाकर 1200 डॉलर प्रति कंटेनर से बढ़ाकर 2800-3000 कर दिया है। इससे लागत बढ़ गई है, जबकि विदेशी खरीदार पहले के दाम पर ही माल मांग रहे हैं। ऐसा न होने पर आर्डर रद रने की बात कह रहे हैं। इससे कानपुर के करीब 500 करोड़ के आर्डर रोक दिए गए हैं। आगे समस्या और बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

दरअसल, अमेरिका ने चीन से आने वाली स्टील से लेकर सोलर सेल, लिथियम आयन बैटरी और उनके पुर्जे, इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत अन्य उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है। ये चरणबद्ध तरीके से 2026 तक लागू होने हैं। इसलिए चीनी कंपनियां नए टैरिफ के लागू होने से पहले ज्यादा से ज्यादा सामान अमेरिका भेजना चाहती हैं। खाली कंटेनरों की मांग इसीलिए तेजी से बढ़ी है।

चीन की मांग के कारण देश में कंटेनरों की उपलब्धता घटने से कंसाइनमेंट रुक रहे हैं। भाड़ा बढ़ने से उत्पादों के दाम भी प्रतिस्पर्धी नहीं रह गए हैं। ऐसे में निर्यात आर्डर भी रोके जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शहर से 11 हजार करोड़ का निर्यात लक्ष्य रखा गया। अप्रैल-मई 2024 तक 220 करोड़ का निर्यात हो चुका है। 2023-24 में शहर से 8900 करोड़, 2022-23 में 8995 करोड़ और 2021-22 में 9509 करोड़ का निर्यात किया गया था। अब नई समस्या खड़ी हो गई है।

जानकारों का कहना है अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम कानपुर के निर्यातकों के सबसे बड़े बाजार है। क्रिसमस के आर्डर सितंबर से ही भेजे जाते हैं। जानकारों का कहना है कि 2024 की पहली तिमाही में समुद्री परिवहन की मांग नौ प्रतिशत बढ़ गई है। पीक शिपिंग सीजन सामान्य से पहले शुरू हो गया। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण वाणिज्यिक जहाजों पर हमले हुए हैं, जिससे लाल सागर में समुद्री गतिविधि काफी कम हो गई है।

> लाल सागर दुनिया के 30 प्रतिशत कंटेनर यातायात के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। शंघाई, निंगबो और लॉस एंजिल्स जैसे बंदरगाहों पर कंटेनरों की संख्या बढ़ गई है। जिससे व्यवसायों के लिए देरी और उच्च लागत हो रही है। शहर से हर महीने 1800-2000 कंटेनर से माल निर्यात होता था। अब कंटेनरों की उपलब्धता घटकर 1200 रह गई है। इससे निर्यात पर असर पड़ा है। लाल सागर संकट पहले से ही है। माल भाड़ा भी बढ़ गया है। फियो ने शिपिंग और वाणिज्यिक मंत्रालय से निर्यातकों को राहत दिलाने की मांग की है।
>
> **आलोक श्रीवास्तव, संयोजक, फियो**

> चीन की कंपनियां खाली कंटेनरों को मंगा रहीं हैं। इससे शहर के निर्यातकों ने 500 करोड़ के आर्डर रोक दिए हैं। माल भाड़ा बढ़ने से उत्पादों की लागत बढ़ गई है। जो एक जोड़ी जूता पहले 12 डॉलर में निर्यात होता था। उसकी कीमत 18 डॉलर हो गई है। सरकार निर्यातकों को राहत दिलाए।
>
> **जफर फिरोज, आयात-निर्यात विशेषज्ञ**

# ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश के मामले में जांच एजेंसियों व पुलिस के हाथ अभी तक खाली



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर में शिवराजपुर के मुड़ेरी रेलवे क्रॉसिंग पर आठ सितंबर की रात लगभग 8:25 बजे ट्रैक पर गैस सिलिंडर रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश के मामले में अभी तक जांच एजेंसियों व पुलिस के हाथ खाली हैं। आठ दिन बीतने के बाद भी पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी सहित कई जांच एजेंसियां साजिश रचने वालों को पकड़ना तो दूर उनके नामों तक खुलासा नहीं कर सकी है।

इस मामले में मुड़ेरी गांव के एक संदिग्ध व उसके साथियों को जांच एजेंसियों ने बारी-बारी से हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन कोई तथ्य सामने न आने पर हिस्ट्रीशीटर व उसके साथियों को रिहा कर दिया गया। 10 सितंबर को जीटी रोड हाईवे के नेवादा टोल के सीसीटीवी फुटेज में संदिग्धों के फुटेज मिलने के बाद कन्नौज छिबरामऊ सहित पश्चिम के मुजफ्फर नगर जिले के संदिग्धों की धरपकड़ की चर्चाएं रहीं, लेकिन कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। उधर, शिवराजपुर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच लगातार जारी है।

सहायक पुलिस आयुक्त सुमित सुधाकर ने बताया कि कई उच्चाधिकारियों के निर्देशन में जांच जारी है, जल्द मामले का पर्दाफाश होगा।

## स्कूली बच्चे फ्री मे देखेंगे भारत बांग्लादेश की टेक्स्ट सीरीज का मैच

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। भारत-बांग्लादेश के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज का पहला मैच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम मे 27 सितंबर को खेला जाएगा। ग्रीनपार्क स्टेडियम को लंबे समय बाद इंटरनेशनल मैच मिला है जिसे लेकर कानपुरवासियों मे खुशी की लहर है। इस बार टिकट के दाम पिछली बार के मुकाबले अधिक होंगे। बता दें कि सबसे कम दाम की टिकट 200 रूपए की होगी। वहीं टिकट के दामों मे कितना इजाफा किया जाएगा। इसका खुलासा नही हो सका है। उम्मीद जताई जा रही है कि एक से दो दिन मे मैच की टिकट मिलना शुरू हो जाएंगे। यूपीसीए ने फैसला किया है कि मूक बधिर बच्चों को फ्री मैच दिखाया जाएगा। वेन्यु डायरेक्टर डॉ संजय कपूर के मुताबिक टेस्ट मैच की टिकट की बिक्री का काम दो से तीन दिन मे शुरू कर दिया जाएगा। ऑनलाइन टिकट बुक माई शो पर मिलेंगे।

# गणेश महोत्सव के दौरान बाल नृत्य प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चौक शहर के सर्राफा स्थित श्री सर्राफा कमेटी धोबी मोहाल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव मे बाल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मे आए दर्शकों ने बड़े उत्साह से बच्चों की कलाओं का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगता मे जीतने वाले टॉप 3 बच्चों मे से प्रथम विजेता को 2100, द्वितीय विजेता को 1100 व तृतीय विजेता को 500 रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया साथ ही आए हुए पदाधिकारियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि किसी न किसी बहाने इस तरह के नृत्य और खेल-कूद मे बच्चों को आगे आना चाहिए ताकि आने वाले समय मे हमारे देश के बच्चे भी बड़े बड़े प्लेटफॉर्म पर पहुंच अपने देश और मां-बाप का नाम रोशन कर सकें।प्रतियोगिता के समापन के बाद गणेश आरती कर आए हुए सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन मे मुख्य रूप से दीपक राजपूत, सोनू गुप्ता, मोहित वर्मा, बबलू साहू, प्रमोद वर्मा, बबलू राजपूत, राकेश वर्मा, क्षेत्रीय पार्षद अभिषेक गुप्ता व समस्त भक्तगण मौजूद रहे।

# मकान में कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर सीएम के आदेश के बाद लिखा मुकदमा




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

किदवई नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मकान पर कब्जे का मामला सामने आया है। जिसको लेकर पीड़ित ने पुलिस पर भूमाफिया पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। उसके बाद अब पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच मे जुटी है।

घंटाघर निवासी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि उनके पिता मन्नीलाल ने जूही बारादेवी मे मकान खरीदा था। पिता की मृत्यु के बाद मकान मां बिट्टन देवी के नाम हो गया। मां की मृत्यु के बाद मे मकान उनके नाम से हो गया था। मकान मे कोई रहता नही था। जिस कारण वहां उन्होंने अपना ताला लगा दिया था। पीड़ित ने बताया कि उनकी उम्र 72 साल है जिसके चलते रोजाना मकान देखने नही जा सकते हैं। 23 सितंबर 2023 को पड़ोसी ने सूचना दी कि उनके मकान मे बोरिंग कराई जा रही है। उन्होंने शिकायत की तो लाल कॉलोनी चौकी प्रभारी ने बोरिंग बंद करवा दी। इसके बाद भूमाफिया द्वारा मकान मे बाउंड्री कराई जाने लगी। उसे भी चौकी पुलिस द्वारा रुकवा दिया गया।

### सीएम से शिकायत के बाद थाने मे दर्ज हुई रिपोर्ट



भूमाफिया ने मकान को अपना बताया और फर्जी कागज तैयार कर रजिस्ट्री भी दिखा दी। जबकि जिस संख्या की रजिस्ट्री दिखाई गई है उस संख्या का कोई मकान वहां पर नही था। 9 दिसंबर 2023 को उन्होंने फिर से सूचना दी कि उनके मकान पर कब्जा किया जा रहा है। पड़ोसी ने उनको बताया कि भूमाफिया कह रहे हैं कि ओमप्रकाश ने मकान उन्हें बेच दिया है। दूसरे दिन मकान पर पहुंचे तो वहां मजदूर काम कर रहे थे। विरोध करने पर नरेंद्र सिंह भदौरिया और अन्य लोग वहां आ गए। उनके साथ मारपीट करते हुए प्लाट की तरफ दोबारा देखने पर प्लाट मे दफन करने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचे। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। उन्होंने तत्कालीन एसीपी बाबू पुरवा अमरनाथ यादव पर भूमाफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। कही सुनवाई न होने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री के यहां गुहार लगाई उसके बाद अब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## शनिदेव मंदिर दर्शन करने गईं चार छात्राएं लापता

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के मालपुरवा स्थित शनिदेव मंदिर पर शनिवार शाम को दर्शन करने आईं दो सगी बहनों सहित चार छात्राएं लापता हो गईं। खोजबीन के बाद भी पता न चलने पर परिजन ने कहिंजरी चौकी पुलिस को घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने छात्राओं की तलाश शुरू की है। एक गांव निवासी चार छात्राएं शनिवार को स्कूल पढ़ने गईं थीं। स्कूल की छुट्टी होने के बाद चारों गांव से दो किलोमीटर दूर मालपुरवा के पास रसूलाबाद- कानपुर मार्ग पर स्थित शनि देव मंदिर दर्शन करने चली गईं। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजन ने उनकी आसपास के क्षेत्र में तलाश की। मगर किसी का भी कुछ पता नहीं चला। इसपर परिजन ने रविवार सुबह घटना की जानकारी कहिंजरी चौकी पुलिस को दी। पुलिस छात्राओं की तलाश में जुटी है। चौकी प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि सगी बहनों समेत चार छात्राएं लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

# ज्वैलर्स की दूकान से चोरों ने नगदी व उड़ाया लाखों का माल, डी.वी.आर. भी ले गए साथ



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन सोमवार को हनुमंत विहार थाना अंतर्गत चोरी की घटना सामने आई है। जहां चोरों ने एक ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाया है। चोर दुकान के पीछे लगे दरवाजे को तोड़कर नगदी व जेवर समेत लाखों रुपये का माल लेकर चंपत हो गए। चोर दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे के डी.वी.आर. को भी साथ ले गए हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ जांच मे जुट गई है।

नौबस्ता के सागरपुर निवासी दीपक गुप्ता ने बताया कि उनकी नौबस्ता मछरिया के रूपरानी सुखनंदन सिंह डिग्री कॉलेज के पास श्री रामकरण ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। रविवार को दुकान बढ़ाने के बाद वह अपने घर चला गया।

जब सोमवार की सुबह दुकान के पड़ोसियों ने फोन कर जानकारी दी कि दुकान मे चोरी हो गई है। जिसके बाद वह दुकान पहुंचे और देखा कि दुकान के पीछे हिस्से मे लगे दरवाजे को फाड़कर चोर दुकान मे घुसे और काउंटर मे रखे सोने चांदी, रॉल्डगोल्ड के जेवर व नगदी समेत करीब ढाई तीन लाख रुपये का सामान और दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे का डी.वी.आर. लेकर फरार हो गए। जिसके बाद घटना की सूचना हनुमंत विहार थाने पर दी।

उसके बाद डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा, एडीसीपी मनोज कुमार पांडे, एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह व हनुमंत विहार थाने की पुलिस मय फोर्स के पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

दीपक गुप्ता ने बताया कि इससे पहले भी उनकी दुकान पर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया था। लेकिन तब वे कामयाब नही हो पाए थे।

### पुलिस अधिकारियों ने घटना के खुलासे के लिए गठित की टीम

एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि कल रात हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के हमीरपुर रोड स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान पर चोरी की वारदात हुई है। चोर दुकान के काउंटर मे रखे चांदी और रोल्डगोल के जेवर ले गए हैं। फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वाड और सर्विलांस टीम ने मौके पर निरीक्षण किया है। घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी गई है।

## मानसिक बीमारी से परेशान 9वीं की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में बिधनू के भारू बंगला गांव में सोमवार को मानसिक बीमारी से परेशान 9वीं की छात्रा पूजा उर्फ अनामिका (15) ने फंदे से लटककर जान दे दी। उसका शव पंखे के कुंड़े में दुप्पटे के सहारे लटका मिला। मजदूर कुंवर चंद के परिवार में पत्नी छोटी, बेटी पूजा उर्फ अनामिका और बेटा अमन हैं। परिजनों के मुताबिक पूजा बीते कुछ महीने से मानसिक तौर पर बीमार रहती थी। एक सप्ताह पहले मां छोटी घाटमपुर स्थित मिर्जापुर गांव मायके चली गई थी। वहीं, सोमवार सुबह पिता कुंवर चंद काम पर गए थे, जबकि भाई अमन घर के बाहर था। इसी दौरान पूजा ने कमरे में बड़े बक्से के ऊपर छोटा बक्सा रखकर पंखे के कुंडे से दुप्पटे के सहारे फंदे से लटककर जान दे दी। कुछ देर बाद बगल में रहने वाली ताई सन्नो घर के अंदर गई तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिधनू इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में छात्रा के मानसिक तौर पर बीमार होने की बात सामने आई है।

# डेटिंग एप के माध्यम से ब्लैकमेल करने वाले दो युवक और एक युवती चढ़े पुलिस के हत्थे





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अगर आप भी सोशल मीडिया के माध्यम से किसी डेटिंग एप का उपयोग कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है हो सकता है डेटिंग एप के माध्यम से आप भी किसी ठगी का शिकार हो जाएं।किदवई नगर पुलिस ने बीते दिन सोमवार को प्रेस वार्ता कर ऐसे ही गिरोह का खुलासा किया है जो डेटिंग एप के माध्यम से लोगों को अपने जाल मे फंसाकर ठगी की घटना को अंजाम देता था। पुलिस ने इस तरह की घटना को अंजाम देने की आरोपी एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि किदवईनगर पुलिस ने डेटिंग एप के जरिये प्रेम जाल (हनी ट्रैप) मे फंसाकर लोगों के साथ ठगी की और फिरौती वसूली। पुलिस ने प्रयागराज निवासी नैंसी उर्फ तनु, सौरभ दत्त और कानपुर निवासी संजोग को गिरफ्तार किया है। डीसीपी साउथ ने बताया कि गिरोह मे शामिल नैंसी उर्फ तनु डेटिंग एप के माध्यम से लोगों को प्रेम जाल मे फंसाती थी और मुलाकात कर उनसे होटल देखने के नाम पर लोगों को होटल भेजती थी। जैसे ही वे लोग होटल देखने के लिए जाते थे। इनके अन्य साथी गाड़ी लेकर फरार हो जाते थे।

उसके बाद ब्लैकमेल कर गाड़ी छुड़वाने के नाम पर लोगों से पैसे की वसूली करते थे और पैसे नही मिलने पर चोरी की गई गाड़ियां बेच देते थे।

### प्रयागराज मे भी कर चूके हैं इस तरह को वारदात

ऐसे ही एक घटना को गिरोह के लोगों ने प्रयागराज मे अंजाम दिया था। उसमे पीड़ित की गाड़ी लेकर फरार हो गए और उसकी नंबर प्लेट निकालकर रास्ते मे फेंककर कानपुर आ गए थे। चोरी की गई गाड़ी ये लोग कानपुर मे बेचने की फिराक मे लगे थे। उसी दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग चोरी की गाड़ी बेचने जा रहे हैं। इस सूचना पर इन तीनों को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद पूछताछ मे खुलासा हुआ कि यह लोग डेटिंग एप के माध्यम से लोगों की गाड़ियां चुराकर बेच देते थे। पुलिस ने चोरी की हुई गाड़ी की चेचिस नंबर से गाड़ी मालिक का पता किया। गाड़ी मालिक ने पूरी घटना पुलिस को बताई। हालाकि पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस को आरोपियों के फोन से कई अहम जानकारियां मिली हैं।

## मवेशी बेचकर कराया इलाज, फिर भी चली गई जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। महाराजपुर की सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग की सोमवार को इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पिता ने मवेशी बेचकर और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर निजी अस्पताल में बेटी का इलाज करा रहे थे। 30 अगस्त को गांव के ही चार युवकों ने नाबालिग के घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था। इससे आहत नाबालिग ने कीटनाशक पी लिया था। पुलिस सामूहिक दुष्कर्म के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल जेल भेज चुकी है। महाराजपुर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान ने बताया कि उनकी 13 साल की बेटी क्षेत्र एक स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। बीते 30 अगस्त को देर रात घर के बाहरी हिस्से में बने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। जबकि, वह पत्नी और बड़े बेटे के साथ भीतर आंगन में सो रहे थे। रात करीब 12:30 बजे गांव के ही इरफान उर्फ काकू, इजराइल, राजा उर्फ इस्लाम और इमरान वहां पहुंचे। मौका पाकर इमरान उर्फ काकू कमरे में घुस गया और बेटी को दबोच कर दुष्कर्म किया। उसके शोर मचाने पर माता-पिता बाहर निकले तो काकू को पकड़ लिया, लेकिन वह दोनों को धक्का देकर भाग गया। उसके साथ ही घर के बाहर मौजूद इजराइल, राजा उर्फ इस्लाम और इमरान भी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। इस दौरान काकू का मोबाइल फोन मौके पर ही छूट गया था।

# बुढ़वा मंगल को लेकर यातायात पुलिस ने आने जाने वाले रूटों मे किया बदलाव



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर की यातायात पुलिस ने बीते दिन मंगलवार को यातायात व्यवस्था मे बदलाव किया है। यातायात पुलिस ने पूरा रूट प्लान तैयार किया है। यातायात व्यवस्था मे बदलाव पनकी हनुमान मंदिर मे बुढ़वा मंगल पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर किया गया है। यह बीते दिन सोमवार शाम 4 बजे से मंगलवार रात्रि 2 बजे तक लागू रहेगा।

### यातायात पुलिस द्वारा बदला हुआ रूट

(1) सचेंडी थाना भौंती बाईपास चौराहा होकर पनकी मंदिर आने वाले श्रद्धालु पनकी पड़ाव गंगागंज क्रासिंग से बायें मंदिर तक पहुंचेंगे।
(2) हमीरपुर, फतेहपुर और उन्नाव से आने वाले जो श्रद्धालु घंटाघर, रामादेवी, नौबस्ता, विजय नगर होते आएंगे, भाटिया तिराहे से दाएं मुड़कर स्टेशन रोड होते मंदिर परिसर तक पहुंचेंगे।
(3) कन्नौज, कानपुर देहात और फर्रुखाबाद से कल्याणपुर होकर आने वाले आवास विकास नहर पनकी होते हुए मंदिर की ओर जा सकेंगे।
(4) कानपुर देहात, शिवली और रसूलाबाद से आने वाले वाहन जवाहरपुरम शताब्दी नगर रतनपुर होते हुए मंदिर जाएंगे।
(5) पनकी क्षेत्र के आसपास डायवर्जन कल्याणपुर से आने वाले वाहन आवास विकास नहर पनकी से आगे शताब्दी द्वार पनकी मंदिर नही जा सकेंगे। वह आवास विकास नहर पनकी से अर्मापुर नहर तिराहा या एमआईजी तिराहा होकर जाएंगे।
(6) पनकी रोड चौकी से भारी व मध्यम वाहन पनकी नहर की ओर नही जाएंगे। ऐसे वाहन डबल पुलिया विजय नगर होते हुए जाएंगे।
(7) भाटिया तिराहा से भारी व मध्यम वाहन पनकी मंदिर नही जाकर अर्मापुर नहर होते जाएंगे।
(8) कालपी रोड से कोई भी भारी व मध्यम वाहन पनकी धाम स्टेशन होते मंदिर की ओर नही जाएगा।
(9) नारायणा कॉलेज चौराहे से कोई वाहन शताब्दी द्वार तिराहा की ओर नही जाएगा।
(10) पनकी पड़ाव गंगागंज क्रासिंग से भारी व मध्यम वाहन मंदिर की ओर नही जा सकेंगे।
(11) भौंती बाईपास चौराहे से विजय नगर तथा विजय नगर चौराहे से भौंती बाईपास की ओर भारी वाहन नही जाएंगे। ऐसे वाहन बाईपास से एलएमएल चौराहा होते दादा नगर, विजय नगर चौराहा मार्ग का प्रयोग करेंगे।

### यातायात पुलिस द्वारा बनाए गए पार्किंग स्थल

(1) मंदिर का पश्चिम द्वार (वीवीआईपी व आवश्यक सेवा के लिए)।
(2) कछुआ तालाब रोड (पुलिस व प्रशासन की पार्किंग)।
(3) शताब्दी नगर रोड तिराहा से रतनपुर रोड पर सड़क के दोनों ओर।
(4) सब्जी मंडी रोड पर, रामलीला मैदान, पनकी थाना मार्ग सड़क के दोनों ओर।
(5) कमल मेमोरियल स्कूल गली, स्टेशन रोड तिराहा से गंगागंज क्रासिंग मार्ग।
(6) गेट नंबर 4 के सामने तथा एटीएम चौराहा।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय


# चीन पर कभी यकीन नहीं किया जा सकता

**इस बार चीनी सेना के सीमा से पीछे हटने का कारण चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग काबयान भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अशांत विश्व का सामना करते हुए, दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को स्वतंत्रता पर दृढ़ रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एकता और सहयोग का चयन करना चाहिए तथा एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। वांग ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के जरिए अपने मतभेदों को उचित ढंग से हल करेंगे और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का उचित तरीका ढूंढेंगे।**

*लगातार चार साल से चले आ रहे भारत चीन के बीच तनाव के कम होने के संकेत हैं। भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घटा है। चीन भारत सीमा से सेना का पीछे हटना बहुत अच्छा है किंतु चीन की बात पर आंख मूंदकर यकीन नहीं किया जा सकता। समझौते करने के बाद अपनी बात से मुकरना उसकी आदत रही है। धोखा देना चीन का चरित्र है। उस पर पूरी तरह से नजर रखनी होगी। उसकी चाल के अनुरूप हमें अपना व्यवहार और तैयारी करना होंगी। भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत 12 सितम्बर को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में इस बात का जिक्र था कि दोनों देशों ने बचे हुए क्षेत्रों में भी पूर्ण डिसएंगेजमेंट की दिशा में काम करने को लेकर सहमति जताई है। जानकार मानते हैं कि गतिरोध दूर करने करने की दिशा में ले जाने की प्रक्रिया एकाएक नहीं होती। इसके लिए बैकग्राउंड में काम होता रहता है । ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। बॉर्डर पर आए गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बैठकें किए जाने का एक मैकेनिज्म तैयार किया गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर 12 सितम्बर को कहा कि सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है। जिनेवा में थिंकटैंक के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जून 2020 में गलवन घाटी में हुए टकराव ने भारत-चीन संबंधों को समग्र रूप से प्रभावित किया। जयशंकर ने कहा कि विवादित मुद्दों का समाधान ढूंढ़ने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर सैनिकों की वापसी संबंधी करीब तीन-चौथाई मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। लेकिन इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक-दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है। भारत कहता रहा है कि सेना के पूर्व स्थान पर पहुंचे बिना सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर ने कहा कि 2020 में जो कुछ हुआ, वह कुछ कारणों से कई समझौतों का उल्लंघन था जो अभी भी हमारे लिए पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और स्वाभाविक रूप से जवाबी तौर पर हमने भी अपने सैनिकों को भेजा।*

### एक्सप्रेस आलेख

**क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं ? देखा जाए तो केवल धर्म पालन की स्वतंत्रता होनी चाहिये। धर्म के प्रचार- प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता ही नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निर्माताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम किया गया है। पर कहने वाले कहते हैं कि उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण का ही मुख्य लक्ष्य रहा है।**



आर.के. सिन्हा

उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ किए ही धर्मांतरण करवाने के मौके खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों की शिक्षण संस्था अंजुमन इस्लाम ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। ये मुंबई में सक्रिय है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज, अस्पताल वगैरह चल रहे हैं।

# कौन करवाता है योजनाबद्ध धर्मांतरण

भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी धर्म को मानने या ना मानने या फिर किसी भी धर्म से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या ग़लतफ़हमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के धर्मांतरण को अपराध माना गया है। इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत द्वारा हाल ही में अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, धर्मांतरण करवाने के धंधे से जुड़े शातिर लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत सजा सुनायी गई। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। इसके लिए आरोपी हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे। उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। वह एक ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था जो उत्तर प्रदेश में मूक-बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था । इस बात की पुरज़ोर आशंका जताई जा रही है कि इसके लिए उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। उमर गौतम पहले हिंदू था । लेकिन , उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से दूसरी या तीसरी शादी कराई है। देखिए, भारत में धर्म परिवर्तन को लेकर बहस तो होती रही है , होनी भी चाहिये। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेक्षा या स्वविवेक से धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं। कुछ साल पहले केरल के प्रतिष्ठित फ़िल्म निर्माता निर्देशक अली अकबर और उनकी ईसाई पत्नी लूसीअम्मा ने आर्य समाज में हवन के ज़रिए हिन्दू धर्म अंगीकार कर लिया था। आर्य समाज के स्वामी जी द्वारा उनका नया नामकरण भी कर दिया गया है। अली अकबर को नया नाम मिला था राम सिम्हन। हिन्दू धर्म ही क्यों ? यह प्रश्न पूछे जाने पर अली अकबर ने कहा था, %क्योंकि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं बल्कि एक संस्कृति है। यहां नर्क में जाने का डर नहीं है। आप एक इंसान की तरह जी सकते हैं क्योंकि भगवान आपके अंदर हैं।




**पिछले कई सालों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि राज्य में दलित सिखों को लालच देकर ईसाई धर्म से जोड़ा जा रहा है। मेरे संज्ञान में एक एक सच्ची घटना है जो मैं शेयर कर रहा हूँ।। लगभग दस वर्ष पहले मुझे अपने एक स्कूल के खेल शिक्षक के बारे में पता चला कि उसने त्यागपत्र दे दिया है और अगले महीने से हमें एक खेल शिक्षक नियुक्त करना होगा।**

अपने भीतर ईश्वर को देखना एक महान विचार है। कहते हैं कि राम सिम्हन केरल में हिंदू धर्म अपनाने वाले पहले मुसलमान थे।लेकिन , यह राम सिम्हन के स्वविवेकपूर्ण निर्णय को दर्शाता है । इसपर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये ! एक बात बहुत साफ है कि किसी को लालच देकर या जोर जबरदस्ती धर्मांतरण करवाना तो कतई सही नहीं माना जा सकता है। समझ नहीं आता कि कुछ धर्मों से जुड़े लोग क्यों इसी फिराक में रहते हैं कि उनके धर्म से अन्य धर्मों को मानने वाले जुड़े जाएं। गुस्ताखी माफ, कई इस्लामिक और ईसाई संगठन इसी कोशिश में रहते हैं कि दूसरे धर्म को माननेवाले उनके मजहब का हिस्सा बन जाएं ? यह कोई बात हुई क्या ? फिर यदि बाकी धर्मों को मानने वाले लोग भी यही करने लगें , तो समाज में भाईचारा कहाँ और कैसे बचा रहेगा ।अगर कोई अपने मन से उस धर्म को त्याग देता है ,, जिसमें उसका जन्म हुआ है तब तो कोई बात नहीं है। उदाहरण के रूप में म्युजिक डायरेक्टर रहमान को ही लेते हैं। उन्होंने खुद ही हिन्दू धर्म को छोड़कर इस्लाम को स्वीकार कर लिया। उनके परिवार के बाकी सदस्यों ने भी इस्लाम अपना लिया। यहां तक तो सब ठीक है। पर कुछ तत्व सुदूर इलाकों में रहने वालों को अपना पाले में लाने की जुगाड़ में रहते हैं। इस सबकी तो हमारा संविधान अनुमति नहीं देता। जब गौतम जैसों पर एक्शन होता है तो कुछ कथित बुद्धजीवी अलाप करने लगते हैं। पिछले कई सालों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि राज्य में दलित सिखों को लालच देकर ईसाई धर्म से जोड़ा जा रहा है। मेरे संज्ञान में एक एक सच्ची घटना है जो मैं शेयर कर रहा हूँ।। लगभग दस वर्ष पहले मुझे अपने एक स्कूल के खेल शिक्षक के बारे में पता चला कि उसने त्यागपत्र दे दिया है और अगले महीने से हमें एक खेल शिक्षक नियुक्त करना होगा। मैंने उसे बुलाया और पूछा कि तुम्हारी तकलीफ़ क्या है ? उसने बताया कि मुझे कोई तकलीफ़ नहीं है । पर आप जितना वेतन मुझे दे रहे हैं, उससे दस या बीस गुना कमाने का ज़रिया मुझे मिल गया है । मुझे घर मरम्मत के लिये पैसों की सख़्त ज़रूरत थी । मुझे पता चला कि मेरे इलाक़े में एक नया चर्च बना है उसके पादरी ज़रूरतमंदों की मदद करते हैं। मैं उनके पास गया । उन्होंने कहा कि मदद करूँगा । लेकिन , तुम्हें हर रविवार चर्च आकर प्रार्थना करनी होगी। मुझे तरीक़ा आसान सा लगा।

### एक्सप्रेस कविता

*क्या दिया मोहब्बत के इस जज्बात नें*
*हमें भी पीसा है बेहद इस हालात नें।*
*मेरी तकदीर को चांद सा चमका दिया*
*तेरी उस पहली पहली मुलाकात नें ।*
*तेरी आंखों के हैं जाम तौबा-शिकन*
*मस्तियां घोल दी पहली बरसात नें।*

*मेरे दिल में बना ली खुद अपनी जगह*
*तेरी छोटी सी उसे पुरुसोज सौगात नें*
*हम तो कब के गुजर गए होते सनम*
*तूने साथ ना दिया होता सियाह रात में।*
*मुझको संजीव जीने का हुनर दे दिया*
*ऐसे तरीके सिखाए हकीकी हालात ने।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*कितना हक है आप पर हमारा, ये तो हम नहीं जानते हैं, लेकिन दुआओं में हम आप ही की, खुशी मांगते हैं*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्दशी 11:44 तक |
| नक्षत्र: | शतभिषा 13:53 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | घृति, 07:48 तक |
| सूर्योदय: | 05:53 |
| सूर्यास्त: | 18:08 |
| चंद्रमा: | कुम्भ राशि में |
| राहुकाल: | 15:04-16:36 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:36-12:25 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्रेग्नेंसी में आम है मतली और उल्टी जैसी समस्याएं



हर महिला को प्रेग्नेंसी के दौरान अलग-अलग स्वास्थ्य समस्याओं और लक्षणों का अनुभाव होता है। कई महिलाओं के कमर में दर्द होता है, कुछ के शरीर में खुजली की समस्या होती है, तो कई महिलाओं को उल्टी और मतली के कारण परेशानी होती है। हर महिला के शरीर में प्रेग्नेंसी से जुड़ी अलग-अलग लक्षण नजर आते हैं। हालांकि, अधिकतर महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान उल्टी और मतली का अनुभव जरूर होता है। कुछ महिलाओं को प्रेग्नेंसी के शुरुआत में तो कुछ को प्रेग्नेंसी के आखिरी महीनों में। ऐसे में प्रेग्नेंट महिलाओं के मन में ये सवाल जरूर आता है, कि क्या मतली और उल्टी प्रेग्नेंसी में आम है, और अगर है तो इसके होने के पीछे क्या कारण है?

प्रेग्नेंसी में उल्टी होना नॉर्मल क्यों है? गर्भावस्था के दौरान मतली और उल्टी, जिसे आमतौर पर मॉर्निंग सिकनेस कहा जाता है, शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलावों के कारण होते हैं। खासकर प्रेग्नेंसी के दौरान आपके शरीर में प्रोजेस्टेरोन का स्तर बढ़ जाता है। प्रोजेस्टेरोन आपके शरीर की मांसपेशियों को आराम देता है, जिसमें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) के रास्ते की मांसपेशियां भी शामिल हैं। यह आंतों की गतिशीलता को धीमा कर देता है, जिसके कारण भोजन आपके पेट में ज्यादा समय के लिए रहता है और जल्दी पचता नहीं है। इसलिए, आपको पेट भरा हुआ, फूला हुआ लगता है और कम भूख लग सकती है। इतना ही नहीं कई बार ये पेट का भोजन आपके मुंह तक भी आ जाता है, जिस कारण प्रेग्नेंसी के दौरान आपको मतली या उल्टी महसूस होती है। इसके अलावा, ह्यूमन कोरियोनिक गोनाडोट्रोपिन (एचसीजी) और एस्ट्रोजन बढ़ने के कारण भी आपको उल्टी और मतली का अनुभव हो सकता है, खासकर प्रेग्नेंसी के शुरुआत में।

**प्रेग्नेंसी में उल्टी रोकने के घरेलू उपाय:** प्रेग्नेंसी के दौरान मतली और उल्टी होने की समस्या हर महिला में अलग-अलग होती हैं, लेकिन आप अपने हार्मोन्स के स्तर पर निगरानी रखकर और उन्हें कंट्रोल करके मॉर्निंग सिकनेस या उल्टी-मतली की समस्या से राहत पा सकते हैं। प्रेग्नेंसी में मतली और उल्टी कंट्रोल करने के लिए आप इन टिप्स को अपना सकते हैं- अपने पेट को भारी होने से बचाने के लिए एक बार में ज्यादा खाना खाने के स्थान पर कम लेकिन कई बार खाना खाएं। डॉक्टर की सलाह पर खट्टी टॉफी, इमली या अपनी पसंद की चीजों का सेवन कर सकते हैं, जो मतली की समस्या को कम कर सके। प्रेग्नेंसी के दौरान खुद को हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करें। तेज गंध मतली की समस्या को ट्रिगर कर सकती है, इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों या वातावरण से दूर रहें जो इस समस्या को बढ़ाते हैं। थकान मतली को बढ़ा सकती है, इसलिए शरीर को ज्यादा से ज्यादा आराम देने की कोशिश करें।

### एक्सप्रेस विशेष



प्रवीण गुगनानी

हिंदी भाषा के प्रसार से पूरे देश में एकता की भावना और मजबूत होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के माध्यम से हम हिंदी के संपर्क भाषा और राजभाषा, दोनों रूपों की तरक्की में बेहतर योगदान कर पाएंगे।

# राजभाषा, राष्ट्रभाषा और विश्वभाषा

**राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन योजना के द्वारा हिंदी में ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकों के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे हमारे विद्यार्थियों को ज्ञान-विज्ञान संबंधी पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध होंगी। हिंदी भाषा के माध्यम से शिक्षित युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें, इस दिशा में निरंतर प्रयास भी जरूरी है।**

**एक** भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। आज देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। देश की राजभाषा हिंदी होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्य रिपोर्टें राजभाषा विभाग को त्वरित गति से भिजवाना आसान हो गया है। सभी मंत्रालयों और विभागों ने अपनी वेबसाइटें हिंदी में भी तैयार कर ली हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरि कों को हिंदी में मि?लने से गरीब, पि?छड़े और कमजोर वर्ग के लोग भी लाभान्वित होते हुए देश की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। देश की स्वतंत्रता से लेकर हिंदी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिंदी तथा प्रांतीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय द्वारा 'विश्व हिंदी सम्मेलन' और अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा 'प्रवासी भारतीय दिवस' मनाया जाता है, जिसमें विश्व भर में रहने वाले प्रवासी भारतीय भाग लेते हैं। विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम से भारतीय मूल्यों का विश्व में और अधिक विस्तार हो रहा है। विश्वभर में करोड़ों की संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को एक नई पहचान मिली है। भारतीय विचार और संस्कृति का वाहक होने का श्रेय हिंदी को ही जाता है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। हिंदी जन-आंदोलनों की भी भाषा रही है। हिंदी के महत्त्व को गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। यह खुशी की बात है कि सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी का इस्?तेमाल बढ़ रहा है। आज वैश्वीकरण के दौर में, हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है। आज पूरी दुनिया में 260 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकें बड़े पैमाने पर हिंदी में लिखी जा रही हैं। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। भाषा का विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। आज के तकनीकी के युग में विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी हिंदी में काम को बढ़ावा देना चाहिए।

# डीएम के निर्देश पर बाढ़ग्रस्त ग्राम बड़ा पटवारा से रेस्क्यू की गई गर्भवती महिला

* देर रात सीएचसी पलिया में बच्ची का हुआ जन्म, परिजन ने डीएम का जताया आभार

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**एसडीएम ने गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव हेतु भेजा सीएचसी**

निघासन। निघासन तहसील क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त ग्राम बम्हनपुर के मजरा लालभोजी की एक गर्भवती को सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी (निघासन) राजीव कुमार निगम ने गर्भवती महिला और उसके परिवारीजनों को नाव के जरिए सड़कमार्ग तक और सड़क मार्ग से मुख्य मार्ग तक एसडीएम अपने सरकारी वाहन से लेकर पहुंचे, जहां एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन भिजवाया। एसडीएम ने टेलीफोन के जरिए अधीक्षक को एंबुलेंस से भेजी गई महिला की सुरक्षित प्रसव कराने के लिए निर्देशित किया।



**लखीमपुर खीरी।** रविवार को संकट की घड़ी मेंशासन-प्रशासन के हरसंभव सहायता के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी (पलिया) कार्तिकेय सिंह ने अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया डॉ भरत वर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम को ट्रैक्टर से बाढ़ग्रस्त गांव बड़ा पटवारा भेजा, जहां गर्भवती महिला को परिवारीजनों संग ट्रैक्टर के जरिए रात्रि दो बजे सीएचसी पलिया पर लाया गया। करीब रात्रि 3.30 बजे चिकित्सकों के प्रयास से सफलतापूर्वक पुत्री का जन्म हुआ। पारिवारिक जनों ने बेटी के जन्म पर खुशी जाहिर करते हुए संकट की घड़ी में प्रशासन की ओर से की गई मदद के लिए आभार भी जताया।

# ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

* हजरत सैयद तारिक मियां हजरत मौलाना रजीउल्लाह आदि कार्यक्रमों में तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



तहसील क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया मदरसा फैजुल रसूल रजविया में 12 रबीउल अब्बल के मौके पर जश्न ए ईद मिलादुन्नबी बड़े ही खुलूस और मोहब्बत के साथ से मनाया गया बच्चों ने नात शरीफ़ पढ़ी तकरीर की सरकार की आमद मरहबा खूब नारे लगाए और एक दूसरे को मुबारकबाद दी और खुशी का इज़हार किया इस मौके पर मौलाना नफीस नबी के बारे में बताया वही मदरसा कमेटी के अलावा बहुत से आशिक ए रसूल इस मुबारक मौके पर जश्न में सामिल हुए मदरसा संरक्षक जनाब इदरीश ख़ान और कमेटी के सदर इकतदार ख़ान प्रबन्धक/सचिव रईस झंझटी खाजंची जियाउल्ला ख़ान के अलावा मदरसा कमेटी के तमाम सदस्य व मदरसे के बच्चे मौजूद रहे जिसमें मुख्य रूप से मदरसा फैजुल रसूल रजविया के प्रांसिपल मौलाना महशाद हाफिज शकील अहमद साहब ने भी हमारे आका हुज़ूर ए अकरम की सीरत ब्यान की मदरसे के बच्चों ने प्रोग्राम बहुत ही बेहतर अंदाज में पेश किए मोहल्ला सरैया में फैजाने मुस्तफा दारुल उलूम में बारावफात के मौके पर आयोजन किया गया मौलाना मोहम्मद यूनुस सावन राजा आदि तमाम मोहल्ले वासी मौजूद रहे। मदरसा फैजाने गरीब नवाज में बारावफात के मौके पर प्रोग्राम किया गया जिसमें हजरत सैयद तारिक मियां हजरत मौलाना रजीउल्लाह आदि कार्यक्रमों में तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे। मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में नगर से लेकर ग्रामों तक ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के नेतृत्व में चला सदस्यता अभियान

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान 2024, विशेष सदस्यता अभियान के अन्तर्गत आज शाहपुरा कोठी चौराहे पर व्यापारियों को सदस्यता दिलाई। इस विशेष सदस्यता अभियान के अन्तर्गत हर घर सदस्यता अभियान कार्यक्रम शक्ति केन्द्र सदर प्राइमरी स्कूल पर आज चौराहे पर अपने मोबाइल से सदस्यता दिलाकर उनको सदस्यता कार्ड दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, जितेन्द्र त्रिपाठी 'जीतू' एड0, अम्बरीष सिंह, आर0पी0 कटियार, जितेन्द्र साहनी, देवदत्त चढ्ढा, पुष्पा सिंह, समीक्षा गुप्ता, विकास शुक्ला, बिब्बू मिश्रा, भैया लाल तिवारी, मुदित अग्रवाल, सहित कई व्यापारी गण मौजूद रहे।

# भाजपा के वयोवृद्ध नेता ठाकुर जोगेंद्र सिंह का 95 वर्ष की आयु में लम्बी बीमारी के चलते निधन





जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी

भाजपा के वयोवृद्ध नेता उमरिया गांव के निवासी जोगेन्द्र सिंह ने ली 95 वर्ष की आयु में अन्तिम सांस जनसंघ पार्टी से लेकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले भारतीय जनता पार्टी के ठाकुर जोगेंद्र सिंह का 95 वर्ष की आयु में रविवार को लम्बी बीमारी से निधन हो गया। अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपाइयों ने उनके सम्मान में भाजपा के झंडे में उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।गोला विधानसभा के गांव उमरिया निवासी उम्रदराज वयोवृद्ध भाजपा नेता ठाकुर जोगेंद्र सिंह के निधन पर क्षेत्र के भाजपाइयों में शोक की लहर दौड़ गई, जिसने भी सुना उनके आवास पर पहुंचे और अपने नेता को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।श्री सिंह कई सालों से लम्बी बीमारी से ग्रस्त थे तथा उनका इलाज चल रहा था। जब क्षेत्र में गिने चुने भाजपा के कार्यकर्ताओं थे, जब लोग भाजपा का झंडा उठाने की हिम्मत नही जुटा पाते थे उस विषम परिस्थितियों में उन्होंने क्षेत्र में भाजपा की बागडोर संभाली। अपने समय में उन्होंने अपने साथियों के साथ गांव - गांव जाकर वालपेटिंग से लेकर पोस्टर चिपकाने का कार्य किया। अपनी सक्रियता की चलते उन्होंने पूरे उमरिया गांव को भाजपा के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान कराने का इतिहास रच डाला था जो आज भी गांव में रिकार्ड बना हुआ है।

जब कभी किसी गांव में भाजपा के लिए शत प्रतिशत मतदान की बात होगी तो जोगेंद्र सिंह जी को जरुर याद किया जाएगा।

भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्मा नंद शुक्ला शुक्ला ने बताया कि उनके जीवन में बहुत उतार चढ़ाव आए पर कभी उनके कदम रुके नहीं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक कार्य किया और दशकों बूथ अध्यक्ष रहे।सारा जीवन भाजपा के लिए समर्पित किया।

उनके अंतिम संस्कार के में तमाम गणमान्य लोग और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पैगंबर हजरत मुहम्मद की जयंती मनाई गई

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

कस्बे में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर एक बड़ा जुलूस निकाला गया, जिसमें कस्बे के विभिन्न हिस्सों से लोग बड़ी संख्या में भाग लिया। जुलूस में लोगों ने पैगंबर हजरत मुहम्मद की जयंती मनाई और उनकी शिक्षाओं को याद किया। जुलूस की शुरुआत कस्बे के नूरी मस्जिद से हुई और यह भेरौड़ा से मेन रोड होते हुए पुरानी चुंगी झाला गुजरता हुआ कस्बे में समाप्त हुआ। जुलूस में लोगों ने धार्मिक गीत गाए और पैगंबर हजरत मुहम्मद की जयंती का जश्न मनाया। इस अवसर पर मौलाना इमामत हुसैन हुजेफा ने पैगंबर हजरत मुहम्मद की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मुहम्मद की शिक्षाएं हमें शांति, एकता और भाईचारे का संदेश देती हैं।जुलूस के दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार भदौरिया ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम, हाफिज फारूक, शरीफ सिद्दीकी, मौलाना लुकमान साहब, वाजिद हुसैन, इसरार सहित हजारों की संख्या में लोग जुलूस में मौजूद रहे।

# एसडीएम हो तो ऐसा: नाव पर बैठकर सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के सख्त निर्दाशुनारनुसार एसडीएम निघासन राजीव निगम ने नाव पर सवार होकर घाघरा और शारदा नदी में आई बाढ़ की विनाशलीला का जायजा लिया तथा बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करने का आश्वासन देते हुए उनसे सतर्क रहने को अपील की। गौरतलब है कि पहाड़ों पर हुई लगातार बारिश की वजह से नेपाल से निकलने वाली मोहाना तथा बनबसा बैराज से अत्यधिक मात्रा में पानी डिस्चार्ज डिस्चार्ज किए जाने की वजह से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में एक बार फिर से त्राहि-त्राहि मची हुई है। उक्त आशय की सूचना मिलने पर एसडीम राजीव निगम ने नाव पर बैठकर सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नजदीकी जायजा लेने के साथ ही अधीनस्थों को तत्काल पीड़ितों को राहत पहुंचाने एवं उनके सुरक्षा इंतजामों के संबंध में सख्त हिदायत दी। उल्लेखनीय है कि बाढ़ ने दो महीने के भीतर दूसरी बार विनाशलीला मचाई है, मोहाना नदी में उफान आने की वजह से भारत नेपाल सीमा से सटे गांव कड़िया, डांगा, जसनगर, रामनगर, दीपनगर, कौड़ियाला घाट, रघुनगर, इंदर नगर, बाबा पुरवा, गंगा नगर तथा नया पिंड आदि में बाढ़ का पानी लबालब भर गया है, नया पिंड गांव के बाढ़ पीड़ितों को खैरटिया गुरुद्वारे में शरण दी गई है इनके खाने-पीने की व्यवस्था नायब तहसीलदार हरीराम द्वारा की गई है नायब तहसीलदार ने बताया की ग्राम जसनगर के बाढ़ पीड़ितों को गत रात 8:00 बजे भोजन कराया गया नया पिंड के लेखपाल कोमल को गांव में ही रुकने को कहा गया है। वास्तव में मोहाना नदी की विनाशकारी बाढ़ तिकुनिया तथा बेलरायां क्षेत्र के दर्जनों गांवों में हाहाकार मचा दिया है। इसी प्रकार बनबसा बैराज से अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने शारदा नदी में आई बाढ़ की वजह से स्थानीय तहसील क्षेत्र के छेदुई, भदुरैहा, गदियाना, बल्लीपुर, मुर्गहा, दौलतापुर, खाले पुरवा, मोती पुरवा, जिले की सबसे बड़ी पंचायत लुधौरी, पुरैना, दुर्गा पुरवा, नंदा पुरवा, सेमरा पुरवा, गोबिंद पुर के अलावा शीतला पुर खमरिया, झौआ पुरवा, लाल बोझी, बैलहा तथा जीत पुरवा में बाढ़ का पानी पहुंच गया है कई रास्तों पर तेज धार के साथ पानी चल रहा है जिससे लोगों का आवागमन लगभग बंद हो गया है बाढ़ से परेशान किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें है क्योंकि उनकी बची हुई फसल भी बाढ़ में डूबकर नष्ट हो चुकी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशानुसार एसडीएम निघासन राजीव निगम पीड़ितों को बाढ़ की त्रासदी से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटे हैं उन्होंने नाव पर बैठकर बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया है और बाढ़ पीड़ितों की शासनादेश के मुताबिक फौरन सहायता जारी करने का निर्देश दिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अकीदो एतराम के साथ निकल गया जुलूसे मोहम्मदी

जन एक्सप्रेस । अमीर नगर खीरी। अमीर नगर नवी की योमे पैदाईश के अवसर पर झूम उठा कस्बा, अमीर नगर मोहम्मद पुर मदरसा अनवर उल कुरान से हाफिज नईम अली बरकाती की मौजूदगी में हजारों की तदाद मे लोगो ने जुलुसे मोहम्मदी मे हिस्सा लिया और अमीर नगर नूरी जामा मस्जिद से हाफिज खालिद राजा की मौजूदगी में जुलूस निकल गया और आलिया मस्जिद से हाफिज आरिफ राजा की मौजूदगी में जुलूस निकाला गया वही राजगढ़ से मौलाना, खालिद राजा और हाफिज, अब्दुल नबी ने देवरिया गांव से इमाम शरीफ अहमद की मौजूदगी में जुलूस निकाला गया वहीं लोगों ने अपने निजी वाहन कार, मोटर साइकिल, को जुलुसे मोहम्मदी मे सरिक किया। और जुलूस को गांव की प्रतयेक गली मे धुमाया। जुलूस के दौरान छोटे -छोटे बच्चो ने नात शरीफ़ पेश की हर बच्चे और बडो की जुबान पर नारे तकबीर नारे रिसालत की सादाये गूँज रही थी, सरकार की आमद मरहबा, मरहबा, जिससे ये मालूम हो रहा था कि नवी की योमे पैदाइस से लोग दिलों जान से कुर्बान नज़र आ रहे हैं। वही हाफिज कादिर ने कहा की उनकी महक ने दिल के गुनचे खिला दिए है जिस समत आ गये है कुचे बसा दिए हैं वहीं सुरक्षा दृष्टि को देखकर एसडीएम गोला विनोद कुमार, मोहम्मदी सी ओ अरुण कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह, अमीर नगर चौकी इंचार्ज सतीश द्विवेदी, ने अपने फोर्स के साथ जुलूस में शिरकत की और जुलूस को सफल बनाया। जुलूस में शिरकत करने बाले सूफी रियाज मियां, नन्हे खा, हिमायतुल्ला खां, हसनैन वेग शबनुर खां, हाफिज जकिल खा,ने अमीर नगर से दो किलोमीटर दूर छतरी मैं काजिम अली शाह उर्फ़ बूढ़े मियां की मजार पर सलातो सलाम पढ कर के जुलूस का समापन किया गया।

### जर्जर तार अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे, बिजली विभाग मौन

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। नगर में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। विद्युत विभाग द्वारा लाइन के तार जर्जर हो गए हैं। तार लटककर जमीन के तरफ झुक गए हैं, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी देखने तक नहीं जाते। जहां सरकार द्वारा सबके सुरक्षा की बात की जाती है। वहीं नगर के देविस्थान मंदिर के बाहर खंबे लगे होने के बाद भी तार छू रहे जमीन, विद्युत कर्मियों को इतना समय नहीं कि ये तार खंभे से बांध दिए जाए देविस्थान मंदिर जाने वाली रोड बाबू खा के घर के पास से गुजरी विधुत लाइन जर्जर है अभी कुछ दिन पूर्व तार टूटने एक बच्चा बाल बाल बचा था फिर भी नही जागे विधुत विभाग के अधिकारी जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते विधुत लाइन जर्जर जिसको बदलने को लेकर कहा गया लेकिन जिम्मेदार बेखबर स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा जो तार पड़े है, वह पूर्ण रुप से जर्जर हो गए है। तार जमीन को छू रहे हैं। वही नई बस्ती में भी खंभा तो लग गया लेकिन तार अभी भी जमीन छू रहे जिससे हो सकता है बड़ा हादसा मोहल्लों के कई जिम्मेदारों ने बताया कि इसकी शिकायत किए जाने पर विद्युत विभाग के अधिकारी देखने तक नही आते हैं।कहा कि इस तरह तार के जमीन पर लटकने से और लाइन जर्जर होने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। विधुत विभाग के एसडीओ शुभम मौर्या ने बताया की लगभग एक सप्ताह में विद्युत लाइन भी बदल जाएगी और जो तार जमीन छू रहे हैं उनको भी सही कराया जाएगा।पूर्व में हुई विधुत लाइन की घटनाओं से नही जागा विधुत विभाग।

### बाघ को मचान से ट्रैक्यूलाइज किये जाने का प्रयास किया जा रहा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। रविवार को मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र ग्राम मूड़ा अस्सी, मूडा जवाहर में मिली बाघ की लोकेशन पर टीम निगरानी बनाये हुये है। बाघ को पकड़ने हेतु उक्त स्थल पर पिंजरे लगाने के साथ एक अस्थायी मचान बनायी गयी है। गन्ने में हलचल पर बाघ सर्तक होकर बराबर स्थान बदल दे रहा है इसलिए बाघ को मचान से ट्रैक्यूलाइज किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। डा. दया, पशुचिकित्सक एवं डा. नितेश कुमार कटियार, पशुचिकित्सक कानपुर चिड़ियाघर वनकर्मियों के साथ क्षेत्र को आइसोलेट करते हुये बाघ को ट्रैंक्युलाइज करने का प्रयास कर रहे हैं। रेस्क्यू अभियान के साथ प्रभावित क्षेत्रों में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में वन कर्मी वन्यजीव की आमद को पहचानने एवं उनसे बचाव के उपाय स्थानीय निवासियों को बता रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वन्यजीव के देखे जाने की भ्रामक खबरें भी वायरल हो रही हैं। जनसामान्य से अपील की जाती है कि वन्यजीवों के देखे जाने की खबरों के प्राप्त होते ही तत्काल स्थानीय वन चौकी अथवा वनकर्मियों से सम्पर्क करें और पुष्टि करने उपरान्त ही जनसामान्य में प्रसारित करें। भ्रामक खबरों से जनमानस में अकारण ही भय का वातावरण बन सकता है।

## ग्राम मोहम्मदी सराय में धूम धाम से निकाला गया जूलूस ए मोहम्मदी



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। वर्ष 1986 से हर साल परमपरागत जूलूस ए मोहम्मदी सोमवार को मदरसा फौजुल उलूम मोहम्मदी सराय में इमाम-ए- अहले सुन्नत एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यछ मुफ्ती मेज़बान खान मिस्बाही की अगुवाई में शांति पूर्वक निकाला गया। यह जुलूस उत्तर मोहल्ला रशीद खा के मकान से दक्षिण में कलीम व मुशीर के मकान से पश्चिम आरिफ खां के मकान तक बीच गांव में ताहिर मास्टर के मकान से पश्चिम हिंगन व समीम के मकान तक व अयूब के मकान से पूर्व शमशाद खा के मकान तक व मजहर के मकान से पूर्व की और अबरार शाह की मकान तक पूरे गाँव हर हर गली में सभी समुदायक के सहयोग से भाईचारा के साथ निकाला गया। उस के बाद दरगाह मीरा शाह के मजार पर सलाम के बाद मुल्क व अबाम की शांति एकता तरक्की के लिए इमाम मस्जिद मौलाना तय्यब साहब की दुआ पर जुलुस सम्पन्न हुआ। जुलूस को सफल बनाने में प्रशासन द्वारा एव इमाम ए अहले सुन्नत एजूकेशनल ट्रस्ट के अध्यछ मुफ्ती मेजबान मिस्बाही खां सदस्य हाफिज निसार, हाफिज सिरोज, शमीम, नब्बन, आफताब, सलमान, शाबान, व समस्यट ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

# शान ओ शौकत और एहतराम से निकला जुलूस ए मोहम्मदी, नारों से गूँजी फ़िज़ा



ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर का पुराना इलाका रोशनी से जगमगा उठा। लोगों ने अपनों घरों और मोहल्लों में रंगबिरंगी झालरें लगाकर बेहतरीन सजावट की। इसके साथ-साथ पक्का पुल, कोट, कज़ियारा, मन्त्री चौराहा समेत कई जगहों पर खूबसूरत लाइटों से सजे गेट बनाये गए। पक्के पुल से सिटी स्टेशन रोड पर रंगबिरंगी झालरों के साथ लाइट का प्रयोग किया गया, जो एक मनमोहक नज़ारा पेश कर रहा था, जिसे कैमरे में क़ैद करने के लिए लोग आतुर दिखे। वहीं जुलूस को देखने के लिए दूरदराज़ से लोग पहुंचे और घरों में अच्छे पकवान बनाये गए।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

पैगंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को पूरी शान ओ शौकत और एहतराम के साथ ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। मरकज़ी कमेटी जुलूस ए मोहम्मदी की कयादत (नेतृत्व) में जुलूस की शुरुआत पक्के पुल से की गई। जिसमें सैकड़ों अंजुमनें शामिल हुईं। वहीं जुलूस में शामिल दर्जनों ऊँट आकर्षण का केंद्र रहे।

सबसे कल्लू पहलवान के घर फातिहा पढ़ा गया। उसके बाद मरकज़ी कमेटी के पदाधिकारी पक्के पुल चौराहे पर जमा हुए। वहीं से अंजुमनों के जुड़ने से जुलूस की शुरुआत की गई। जुलूस में नारा ए तकबीर अल्लाह हु अकबर, हुज़ूर की आमद मरहबा आदि मज़हबी नारे गूँजते रहे। जगह-जगह लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए खाने पीने की सबीलें लगाई। ऊँट-घोड़ों पर भी लोग सवार हुये। छोटे बच्चों में ऊँटों को देखने के लिए काफ़ी उत्साह दिखाई दिया। अपने तय रास्तों से होता हुआ जुलूस कज़ियारा चौराहा, मो. शेख सरायं, मिरदही टोला, जोगी टोला, मन्त्री चौराहे आदि जगहों से होता हुआ तरीनपुर पहुंचा, जहां से मन्त्री चौराहा होते हुए वापस कज़ियारे चौराहे पहुंचा और एक जलसे में बदल गया। जहां हज़रत मोहम्मद साहब के बारे बयान किया गया। उसके बाद देश की सलामती और अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। आखिर में जुलूस में शामिल अंजुमनों को पुरुस्कार दिए गए। जुलूस के दौरान मरकज़ी कमेटी सदर हाजी मुजीब अहमद ने बताया कि सभी अंजुमनों से अपील की गई है कि जुलूस का एहतराम करें और गाड़ियों पर न बैठकर पैदल चलें। आज का दिन हम सबके लिए बहुत बड़ा दिन है, इसलिए सभी लोग इसकी इज़्ज़त करें। जनरल सेक्रेटरी इक़बाल अहमद ने कहा कि इस बार लोगों से जुलूस में पैदल चलने की अपील की जा रही है, ताकि जुलूस का एहतराम बना रहे। मरकज़ी कमेटी की कोशिश है कि आने वाले सालों में जुलूस को और बेहतर बनाया जाये। वहीं विशाल जुलूस को कण्ट्रोल करने में शमीम बेग, मो. नबी मोल्हे व ज़ीशान मिर्ज़ा जुटे रहे। जुलूस के दौरान इस दौरान मरकज़ी कमेटी जुलूस ए मोहम्मदी के सरपरस्त मुन्ना पहलवान व कारी सलाहउद्दीन, नायब सदर अब्दुल कय्यूम अंसारी व अकील अहमद अंकल, जॉइंट सेक्रेटरी आफताब अंसारी व सरताज खां, आफताब इक़बाल मोनिस, कंट्रोलर शमीम बेग, मीडिया प्रभारी अयाज़ अहमद, मो. नबी मोल्हे, मो. सलीम अड्डू, नूरुल हक़ खां, अक़ील उर रहमान, नेहाल, मोईन खान, एहराज बेग बब्बू, मो. काशिफ, शाहनवाज़ अंसारी, फुरक़ान अंसारी, मुमताज़ गाज़ी, असद अराफात, पप्पू अंसारी व ज़ीशान मिर्ज़ा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# भगवान वामन की जयंती पर निकला ऐतिहासिक जुलूस एवं शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



महमूदाबाद। वामन भगवान की जयंती पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जुलूस एवं शोभा यात्रा के मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था तथा गाजे-बाजे के साथ ठठेरी बाजार रामलीला मैदान में शोभायात्रा का शुभारंभ अयोध्या स्थित निर्मोही अखाड़े व हनुमान गढ़ी महंत रामदास जी महराज, पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, समिति अध्यक्ष सत्य नारायण पारेवार, महामंत्री प्रतीक सिंह, कोषाध्यक्ष हर्षित सोनी, शरद मिश्र, वागीश दिनकर, अतुल वर्मा, अंब्रीश गुप्त, चंक्र सुदर्शन पांडेय, सतीश गुप्ता द्वारा जलविहार महोत्सव समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मां संकटा देवी धाम के पुजारी पं. पुरूषोत्तम मिश्र व बांके बिहारी मंदिर के अभिषेक मिश्रा व गायत्री परिजनों के वेद मंत्रों के बीच ध्वज का पूजन-अर्चन कर किया। दर्जन भर से अधिक विभिन्न मनोहारी और चित्ताकर्षक झॉकियों के आगे चल रहे नेता जी सुभाष चंद्र बोस व्यायामशाला के युवकों ने रोमांचकारी प्रदर्शन करके हजारों दर्शकों का दिल जीत लिया। विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके लोगों ने स्वागत किया। भगवान वामन जयंती के अवसर पर रविवार को विधिवत् पूजन-अर्चन के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया। पुष्पों आदि से सुसज्जित आकर्षक रथ पर विराजमान भगवान की मूर्तियों की आरती के बाद शोभायात्रा बजाजा चौराहा, रामकुण्ड चौराहा, कोतवाली मार्ग, बस स्टेशन, बजाजा मार्ग, चिकमंडी चौराहा, पुरानी बाजार, रेलवे स्टेशन, अमीरगंज होती हुई मानस तीर्थ श्री संकटा देवी धाम पहुंची, जहॉ गगनभेदी जयकारों के साथ आरती हुई। शोभायात्रा का पूरे नगर में लोगों ने स्थान-स्थान पर स्वागत किया, भगवान की आरती उतारी, प्रसाद चढ़ाया और शोभयात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया। ऐतिहासिक श्री जलविहार महोत्सव के अवसर पर निकली विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा में बैण्डबाजों की धुन पर भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति हो रही थी तो उत्साही युवा नाचते गाते, जयकारे लगाते चल रहे थे। व्यायामशाला के कमांडर बुद्धिलाल कश्यप के नेतृत्व में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस व्यायामशाला के गणवेशधारी युवकों ने लाठी, तलवार, भाला आदि शस्त्रों का रोमांचकारी प्रदर्शन करके हजारों लोगों का दिल जीत लिया। देर शाम शोभायात्रा संकटा देवी धाम पहुंची, जहां मंदिर में भगवान को जलबिहार कराया। वामन द्वादशी के मौके पर महमूदाबाद में निकलने वाली विशाल जलविहार शोभायात्रा के सकुशल निपटने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## प्रियाजू का छठ उत्सव बहुत धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया



जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी। लहरपुर। नगर के बेहटी स्थित छन्नू लाल द्वारिका प्रसाद मंदिर प्रांगण में प्रियाजू का छठ उत्सव विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धा एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर श्री राधा नाम का संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राधा जी की मूर्ति को श्रद्धा पूर्वक भ्रमण कराकर मंदिर में स्थापित कर किया गया, जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर छठ उत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार, अंगने में बधाइयां बाजे, मेरे सिर पर रख दे बनवारी अपने दोनों हाथ, देना है तो दीजिए जन्म-जन्म साथ भजनों का ऐसा समां बांधा कि उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामगोपाल पूरी, वीरेंद्र पुरी, राघवेंद्र पांडे, श्याम सुंदर पुरी, जानकी पुरी, अनमोल पुरी सहित भारी संख्या में महिलाएं बच्चे व श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण का किया गया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष का एक वर्ष पूर्ण, जिला कार्यालय पर पदाधिकारियों ने केक काटकर दी बधाई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला का जिला अध्यक्ष के रूप में 1 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के द्वारा केक काटकर एवं एक दूसरे का मुंह मीठा करा के बधाई दी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया और सभी को उनके अतुल सहयोग के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया उन्होने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी ने भारत माता की सेवा का जो अवसर दिया है उसके लिए मैं स्वयं को सौभाग्यशाली समझता हूं उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया की पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्यो को प्राप्त कर भारत माता को परम वैभव दिलाना हम सब का परम धर्म है इसमें हम सबको लगना है यही हमारा लक्ष्य है । उन्होंने इस अवसर पर बताया कि भारत मां की सेवा के लिए अपने जीवन के हर क्षण तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर पार्टी के सभी पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्राम सागर राठौर, नैमिष रतन तिवारी, उदित वाजपेई जया सिंह, जितेंद्र मल्होत्रा, रमेश भार्गव दीपू अंकित दीक्षित, संदीप अवस्थी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में आज यानी सोमवार को पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस की खुशी में ईद मिलादुन्नबी का आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर शहरभर में %जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी% की महफिलें सजाई गईं और धार्मिक उत्साह से भरी गतिविधियाँ संपन्न हुईं।




## मस्जिदों और मदरसों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम

ईद मिलादुन्नबी के दिन घरों, मस्जिदों और मदरसा-दरगाहों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुरआन-ए-पाक की तिलावत के साथ-साथ दरूदो-सलाम का नज़राना पेश किया गया, और फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी का आयोजन किया गया। इस दौरान इस्लामी टोपियां और अमामा शरीफ से सजे हुए लोग नजर आए और लंगर भी बांटा गया।

## सुबह से लेकर देर रात तक जुलूस-ए-मुहम्मदी की धूम

सुबह-सुबह मस्जिदों पर परचम कुशाई (झंडारोहण) की रस्म अदा की गई और विभिन्न मुहल्लों से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाले गए। सोशल मीडिया और हर जुबां पर ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबादों की बाढ़ सी आ गई। इस पवित्र अवसर पर अमन, शांति और कौम की तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई।

## जुलूसों ने फैलाया अमन और मुहब्बत का संदेश

दावते इस्लामी इंडिया और अन्य संगठनों द्वारा आयोजित जुलूसों ने अमन और मुहब्बत का पैगाम फैलाया। जुलूस के मार्गों पर स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की गई और लोगों ने मिठाई, बिस्किट और अन्य खाद्य पदार्थों का वितरण किया। जुलूस में कई आकर्षक झांकियां और इस्लामी प्रतीक भी शामिल थे।

## ईद मिलादुन्नबी की महफिलों का आयोजन और धार्मिक आनंद

जुलूस की समाप्ति के बाद मदरसों में ईद मिलादुन्नबी की विशेष महफिलें आयोजित की गईं, जिसमें इस्लामिक नात-ए-पाक और धार्मिक नारों की गूंज सुनाई दी। गोरखपुर में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसने शहर को धार्मिक आनंद और एकता से भर दिया।

# सीएम सिटी में लगातार हो रही चेन स्नेचिंग की वारदातें

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर के शाहपुर इलाके में अपराधी बेखौफ होते जा रहे हैं। जहां बीते मंगलवार की सुबह जेल बाइपास रोड पर टहल रहे एक व्यक्ति की चेन झपट कर बदमाश फरार हो गया। पीड़ित ने शोर मचाया, लेकिन लुटेरा इतनी तेजी से भागा कि कोई उसे पकड़ नहीं पाया। घटना के बाद लोगों ने पुलिस पर सुस्त कार्रवाई का आरोप लगाया है।

## 6 दिन बाद दर्ज एफआईआर

घटना के 6 दिन बाद पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज किया। अब जांच में जुटी है। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। जिसमें आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

सरस्वतीपुरम कॉलोनी निवासी पीड़ित अशोक मिश्रा ने बताया कि वह रोज़ की तरह सुबह 6 बजे टहलने निकले थे। जेल बाइपास के पास अचानक एक बदमाश ने आकर उनकी गले से चेन झपटी और तेज़ी से भाग निकला।

## इलाके में फैला डर, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

शाहपुर में इस तरह की लगातार घटनाएं सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में असुरक्षा का माहौल है। पुलिस द्वारा 6 दिन बाद केस दर्ज करने से नागरिकों में नाराजगी और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि इलाके में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के इंतज़ामों को मजबूत करने की ज़रूरत है।

## गीता वाटिका में दिनदहाड़े महिला से चेन चोरी




सिर्फ जेल बाइपास ही नहीं, बल्कि शाहपुर के गीता वाटिका मंदिर में भी बुधवार को एक महिला के गले से चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। बेलघाट निवासी रीता सिंह जब दोपहर में मंदिर में पूजा करने गई थीं। तभी भीड़ का फायदा उठाकर एक अज्ञात महिला ने उनके गले से चेन उड़ा ली। रीता सिंह को जैसे ही इसका पता चला, चोर वहां से फरार हो चुकी थी। रीता सिंह ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर लिया और मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## लगातार हो रही स्नैचिंग से शहरवासियों में दहशत का माहौल

शाहपुर में एक के बाद एक चेन स्नेचिंग की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। इलाके के लोग अब पुलिस से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजामों की मांग कर रहे हैं। शहरवासियों में दहशत का माहौल है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा, लेकिन जनता में बढ़ती चिंता और भय को देखते हुए त्वरित और प्रभावी कदम उठाना बेहद जरूरी है।

# मोहब्बत के पैगाम के साथ निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**✻ बड़ी संख्या में लोगों ने किया इस्तकबाल, बाँटी मिठाइयां**

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



जुबां पर अमन के तराने और हथेलियों में दुआओं की शक्ल हो तो पैगम्बर हजरत मोहम्मद की आमद का दिन और खास हो जाता है। क्योंकि यही इस्लाम की ताकत और पहचान है। उक्त बातें महासोंन बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना तौकीर आलम ने कही।वह रविवार की सुबह महासोंन से ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को रवाना कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस्लाम इंसानियत, हक-हकूककी हिफाजत का नाम है।इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए 571 ईसवी की तीसरी ईद अर्थात बारह तारीख अव्वल को हजरत मोहम्मद की पैदाइश हुई थी। मौलाना ने सभी से देश की एकता अउर अखण्डता को मजबूत करने के साथ आपसी सौहार्द को और मजबूत करने पर बल दिया। इसी प्रकार बसडीला पांडेय,महुअवा कारखाना में हजरत मोहम्मद की पैदाइश की खुशी में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग हाथों में इस्लामी झंडा के साथ तिरंगा ले रखे थे।और नबी के नारे लगा रहे थे। जुलूस महासोंन बड़ी मस्जिद से होता हुआ बसडीला जामा मस्जिद, रावतपार, डिग्री, महासुन, फुरसतपुर, मारवाड़ी बेलवा, झनकौल, छहू चौराहा, तेंदुवा, अमवा दुबे पुनः बसडीला पाण्डेय आकर जुलूस समाप्त हुआ। रास्ते में फूलों से, चमकीले कागजों से, झंडा, पतंगियों क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह जगह जल्पनान की भी ब्यवस्था की गई थी। जुलूस में बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान सभी शामिल हुए। मुन्ना अली रावतपार ने नात पढ़कर चार चांद लगाया। जुलूस के समाप्ति स्थल पर मुहम्मद कलाम साहब, मुर्तुजा अंसारी, हारून कादरी तथा आरिफ अली ने मोहम्मद साहब के विचारों के साथ समाज में एकता का संदेश दिया।

इसमें मुख्य रूप से आफताब आलम, फारूक अंसारी, कासिम अली, शमसुद्दीन ठीकेदार, अजरुद्दीन अंसारी, छोटे अली, मंसूर आलम, मंजूर अली, नैमुल्लाह सिद्दीकी, मुर्तुजा सिद्दीकी हारून सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी के भरण पोषण भत्ता के 1.68 लाख बकाए में पति गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** फरेंदा सर्किल के पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के मोहनापुर निवासी शमशाद के विरुद्ध परिवार न्यायालय द्वारा पत्नी के भरण -पोषण के मद में 1.68 लाख रुपये बकाया भुगतान न करने के कारण पति के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। रविवार को पुलिस ने आरोपित पति को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुरन्दरपुर की नाजमा का निकाह मोहनापुर निवासी शमशाद के साथ हुआ था। कुछ दिनों बाद पति-पत्नी के बीच मनमुटाव हो गया। इसी बीच पत्नी ने परिवार न्यायालय में अधिवक्ता दुर्गेश कुमार जायसवाल के माध्यम से भरण द्वपोषण का मुकदमा दाखिल कर दिया। उसे बार-बार न्यायालय से समन जारी किया जा रहा था फिर भी हाजिर नहीं हो रहा था। इस मामले में न्यायालय द्वारा पत्नी व चच्ची साथिया को प्रतिमाह 7000 रुपये भरण-पोषण देने का आदेश पारित किया गया था। कुल 1.68 लाख बकाये के लिए कई बार मौका दिया गया, किंतु भागता रहा जिसे पुलिस न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# होंडा मोटरसाइकिल एजेंसी का हुआ उद्घाटन



जन एक्सप्रेस। निचलौल महराजगंज

कस्बे में नवीन मंडी अवस्थित लक्ष्मी होंडा बाइक एजेंसी का पूर्व सपा नेत्री सुमन ओझा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बाइक एजेंसी खुलने से स्थानीय और आसपास के ग्रामीणों को सहुलियत मिलेंगी।

एजेंसी के प्रोपराइटर राज दीपक पाठक ने बताया कि निचलौल के लोगों की मांग थी कि होंडा कंपनी के बाइक का शोरूम खोला जाए जिससे खरीददारों को दूरी कम तय करना पड़ेगा और नजदीक में ही बाइक लेने में कम समय लगेगा।उन्होंने बताया कि हमारे यहां नगद तथा फाइनेंस की सुविधा पूर्ण रूप से उपलब्ध हैं।इस मौके पर अवधेश कुमार, आलोक कुमार ,अष्टभुजा दुबे ,विष्णु प्रताप सिंह एडवोकेट, शिवम दुबे ,उमेश चक्रवर्ती ,सुधीर सिंह ,जय अम्बे कुमार आदि लोग उपस्थित रहें।
ह्व4

## हत्या में दो को आजीवन कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक पवन कुमार श्रीवास्तव ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार का जुर्माना लगाया है। अभियोजन के अनुसार, बरगदवा थाना कोतवाली निवासी अमरनाथ यादव वर्तमान में अपने मामा के घर बेलभरिया रहते हैं। बताया मेरे नाना गया यादव की दो पत्नियां थी। पहली पत्नी से जगरनाथ यादव व दूसरी से मेरे मामा रामनाथ यादव थे। मेरी नानी बसंता देवी ने कुछ जमीन मामा के लड़कों के नाम कर दी थी। इसी बात को लेकर काफी दिनों से मेरे मामा और जगरनाथ के बीच विवाद होता रहता था, जिसका मुकदमा चल रहा था। इसमें मेरे मामा के पक्ष में फैसला आया था, जिसमें अभी मुकदमा चल रहा है। 25 जून वर्ष 2004 में अपने नाना रामनाथ यादव के साथ नंदुआ बाजार से साइकिल से आ रहा था। इसी दौरान जगरनाथ यादव, उनके बेटे कपिल देव व सुरेश यादव ने गंडासा व फरसा लिए घेर लिया। गाली गलौज देते हुए जानमाल की धमकी देने लगे। अभियुक्तों ने मेरे मामा के ऊपर गंडासा और फरसा से वार दिया था, जिससे वह जमीन पर बेहोश होकर गिर गए।

आसपास के लोगों ने घटना को देखा था। मामा के हत्या के मामले में कपिल देव यादव व सुरेश यादव निवासी भेलभरिया के विरुद्ध चौक पुलिस ने हत्या के मामले में अभियोग पंजीकृत किया था। हत्या का आरोप सिद्ध होने पर दोषी कपिल देव एवं सुरेश यादव निवासी भेलभरिया थाना चौक जनपद महराजगंज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# डीएम ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज हरका रामपुर का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सोमवार को दोपहर राजकीय मेडिकल कॉलेज हरका(रामपुर) के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ में प्राचार्य मेडिकल कॉलेज आर के शाही भी उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक फ्लोर में बारी बारी से प्रत्येक कमरों यथा पुस्तकालय,

मल्टी प्रयोज्य रूम, शौचालय, डाइनिंग हॉल, फायर कंट्रोल रूम, लैब, डाइनिंग हॉल, मेस एरिया,रीडिंग रूम, का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के पीएसपी प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारियों एवं अवर अभियंता से एकेडमिक ब्लॉक, पार्किंग एरिया ,कंप्यूटर रूम ,मल्टी प्रयोज्य लाइब्रेरी , हिस्टोलिजी लैब रूम, पाथवे, फाउंटेन, स्मार्ट बोर्ड, विद्युत कार्य, ड्रेनेज सिस्टम की सुविधा, टीचिंग स्टाफ रूम, फायर व प्लंबिंग कार्य, ड्रेनिंग व्यवस्था, कांफ्रेंस हॉल और कक्षाओं , पुस्तकालय के बारे में जानकारी ली। जिस पर सहायक अभियंता के द्वारा बताया गया की राजकीय मेडिकल कॉलेज में चार लैब है, नीचे 2 लाइब्रेरी है और प्रत्येक फ्लोर पर लेक्चर की कक्षाएं है, कंप्यूटर रूम ठीक बगल में स्थित है तथा अन्य पाठन से संबंधित कक्षाएं प्रत्येक फ्लोर पर स्थित है के साथ साथ अन्य जानकारियां भी उपलब्ध कराई। अग्नि से बचाव हेतु अपनाए गए सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों की जानकारी भी ली । कहा कि ड्रेनेज की व्यवस्था हमेशा ठीक रहे व जलजमाव की समस्या भविष्य में कभी न आए। उन्होंने कहा की प्रत्येक फ्लोर पर खिड़कियों के आगे ग्रिल या जाली लगाने, शत प्रतिशत कैमरों की टेस्टिंग कराने तथा अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के ए ई, पीएसपी प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारी, पीएमसी आर्चर इन डिजाइन के कर्मचारी गण तथा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान पर आवास को लेकर धांधली का आरोप

## अपने ही घर में बने कमरे के नाम पर उठा लिया आवास की रकम

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



मामला जनपद के तहसील तमकुहीराज के अंतर्गत विकासखंड सेवरही का है जहां बसडिला बुर्जुग गांव में बीते शनिवार को तड़के सेवरही खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान के घर पर पहुंचे तो अचानक ग्राम प्रधान बेचैन हो उठा। दरअसल ग्राम प्रधान के ऊपर ग्राम पंचायत में कई फर्जी आवास दिलाने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान लालमन यादव ने फर्जी तरीके से अपने ही घर में बने एक कमरे के नाम पर आवास आवंटित करा लिया। इसी प्रकार गांव के दर्जनों ऐसे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के तहत फर्जी तरीके से आवास वितरण कराए जाने का आरोप लगा है और कई घरों में दो-दो आवास दिए जाने की बात कही जा रही है जिसे लेकर शनिवार को खंड विकास अधिकारी गांव में जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले में जांच की जा रही है जांच उपरांत अगर आवास योजना में अथवा वितरण में धांधली पाई जाती है तो तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी लेकिन 2 दोनों बाद भी कोई कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हैं भाजपा कार्यकर्ता - प्रेमचंद मिश्रा



जन एक्सप्रेस। बरहज/देवरिया

बरहज विधानसभा क्षेत्र भलुअनी ब्लॉक सभागार में वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की प्रगति समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा कुशीनगर के पूर्व जिला अध्यक्ष व जनपद देवरिया के जिला सदस्यता प्रवासी प्रेमचंद्र मिश्रा रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यता पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं पार्टी के महा सदस्यता अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने विधानसभा क्षेत्र के चारो मंडल अध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के मंडल प्रमुख,सह प्रमुख से एक एक कर अभियान की जानकारी ली और सदस्यता अभियान को द्रूत गति से पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक सदस्यों को भाजपा की राष्ट्रवादी नितियों से अवगत कराते हुए जोड़ने का सुझाव दिया।बरहज देहात मंडल प्रभारी पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नीरज शाही ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे तमाम योजनाओं एवं उपलब्धियों को बताते हुए सदस्य बनाएं ।

भलुअनी मंडल अध्यक्ष प्रणव दुबे ने कार्यकर्ताओं का आवाह्न करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाना हमारी प्राथमिकता है यदि किसी कार्यकर्ता को आनलाइन सदस्य बनाते समय दिक्कतें हो रही है तो पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए सदस्यता प्रपत्र पर ऑफलाइन भी सदस्य बना सकते हैं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गण पंडित प्रणव दुबे ,दीनबंधु सिंह,राम जोखन निषाद,जिला कार्य समिति सदस्य शत्रुघ्न सिंह विशेन, भलुअनी मंडल महामंत्री सतेंद्र गिरी, शौर्य सिंह , पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह,गिरीजेश सिंह,अश्वनी दीक्षित,ब्लॉक प्रमुख छद्दू यादव , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी जितेन्द्र सागर, जितेंद्र तिवारी,कामेश्वर तिवारी,दिनेश गुप्ता,प्रमोद सिंह,संजय मिश्रा,अजय राव,प्रदीप तिवारी सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत स्पर्शाघात से 12 वर्षीय किशोर की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। रुद्रपुर देवरिया

तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा छपरा खुर्द में हाई वोल्टेज तार गिरने से एक बारह वर्षीय किशोर चपेट में आ गया जिससे किशोर की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि युवक तीन बहन इकलौता भाई था मृतक का नाम शिवम् यादव (12) वर्ष पुत्र सिकंदर यादव जो की बेहद निर्धन परिवार का था शोकाकुल परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया मौक़े पर एकौना थाना की पुलिस पहुँचकर लाश को क़ब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस दौरान भाजपा नेता डीके यादव ने मृतक के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन से मृतक के परिवार के लिए अहेतुक सहायता की माँग की है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल जा रहें व्यक्ति की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज



गोरखपुर -सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत, घर पर पसरा मातम। बताया जाता है कि पप्पू भारती पुत्र राधेश्याम 38 वर्षीय निवासी बनकटी, थाना फरेंदा सोमवार को सुबह साढ़े दस बजे किसी काम से फरेंदा गया था और वह वापस पैदल ही लौट रहा था अभी उक्त नेशनल हाईवे के (परसा महंथ) के समीप देशी शराब की दुकान के बगल में पहुंचा था तभी तेज रफ्तार में सोनौली की तरफ जा रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, घटना को कारित कर अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फरेंदा पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हैं। मृतक व्यक्ति शादीशुदा था और मृतक के दों बच्चे हैं। इस संबंध में फरेंदा कोतवाल प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, मृतक के परिजनों के तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

# चलती बाइक में लगी आग, चालक ने कूद कर बचाई जान

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



जनपद के पीपीगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत पीपीगंज में एक चलती बाइक में अचानक से आग लग गई। जिसके बाद बाइक पर सवार चालक ने समय रहते बाइक से कूद कर अपनी जान बचा ली। वही कुछ देर बाद बाइक धूँ-धूँ कर जलने लगी। नगर पंचायत पीपीगंज में उस समय लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिला जब एक बाइक में अचानक से आग लग गई। आग लगने के बाद बाइक से ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई देने लगी। आसपास के लोगों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पास मौजूद लोगो की मदद से आग पे काबू पाया । बताते चलें कि मामला पीपीगंज थाना कस्बे का है। यहां सोमवार को देर सुबह 11.00 बजे शाहपुर थाना क्षेत्र के रहने बाले योगेंद्र यादव निवासी गंगा टोला नियर चेतना प्रेस के रहने वाले अपनी बाइक जिसका गाड़ी नंबर क्क3 छ्व्र 0195 से गोरखपुर से नौतनवा अपने पाही पर जा रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक पीपीगंज चौराहे के पास पहुंचती वैसे ही बाइक से धुंआ निकलने लगता है। इस बात की भनक योगेंद्र यादव को लगी तो वह बाइक को चौराहे पर खड़ा कर के दूर चले गए। कुछ देर बाद बाइक धूँ-धूँ कर जलने लगी ।

बाइक में आग लगने की जानकारी पुलिस टीम को हो गई तब तक बाइक में भीषण आग लग चुकी थी। मौके पर पहुंचे पीपीगंज थाना के उपनिरीक्षक अजीत कुमार यादव, उप निरीक्षक विपिन बिहारी, कांस्टेबल उमेश कुमार सिंह, कांस्टेबल आकाश यादव व दुकानदारों के काफी कड़ी मशक्क़त के बाद बाइक में लगी आग पर काबू पाया गया काम। वही बाइक में आग लगने का एक वीडियो भी सामने आया जिसमें बाइक धूँ-धूँ कर जलती हुई दिखाई दी । बाइक में शॉर्ट सर्किट हुआ और उसके बाद उसमें आग लग गई। फिलहाल में इस घटना में चालक और उनकी पत्नी पूरी तरीके से सुरक्षित है। तो वही बाइक का पूरा नक्शा ही बदल गया।

# शारदा के तटवर्ती गांवों से निकला बाढ़ का पानी, चौतरफा सिल्ट की चादर

* पानी कम होने के बाद छप्परपोश घरों के गिरने का सिलसिला शुरू
* विधायक ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को बांटी राशन किट

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर





शारदा मे आई बाढ़ के बाद तटवर्ती गांवों में भरा पानी निकल चुका है। निचले क्षेत्र में फसलें डूबी हुई है। बाढ़ का पानी निकलने के बाद कच्चे घर गिरने लगे हैं।रास्तों से लेकर घरों तक सिल्ट और कीचड भरी पड़ी है। विधायक बाबूराम पासवान ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पंहुचकर प्रभावित परिवारों को राशन किटों का वितरण किया। ग्रामीण घरों की साफ सफाई में जुटे हुए हैं।

शुक्रवार बनबसा बैराज 4.61 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किए जाने के बाद तटवर्ती गांव चंदिया हजारा, खिरकिया बरगदिया, राहुलनगर, ध्रुव कलोनी नम्बर छह, बैल्हा, राघवपुरी सहित एक दर्जन गांवों में बाढ़ आ गई थी।

प्रभावित परिवारों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली थी। रविवार गांव चंदिया हजारा से बाढ़ का पानी निकल गया था। सोमवार गांव खिरकिया बरगदिया, राहुल नगर और ध्रुव कॉलोनी नंबर 6 से बाढ़ का पानी निकल गया। चंदिया हजारा से राहुल नगर को जाने वाले कच्चे रास्ते पर सिल्ट और कीचड़ के बीच राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चंदिया हजारा से ढक्कचांट जाने वाले मुख्य मार्ग पर तीन फीट पानी का बहाव होने से आवागमन बाधित है। सोमवार विधायक बाबू राम पासवान ने बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान से जानकारी जुटाई। जिसके बाद विधायक बाबूराम पासवान, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ट्रैक्टर पर सवार होकर बाढ़ प्रभावित गांव खिरकिया बरगदिया, राहुलनगर, ध्रुव कलोनी, मजदूर बस्ती पंहुचे। ग्रामीणों से वार्ता कर हालचाल जाना। बाढ़ प्रभावित परिवारों ने समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने शीघ्र समस्याओं का निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन किटों का वितरण किया।

> तटवर्ती गांवों से बाढ़ का पानी निकल चुका है। बाढ़ प्रभावित गांवों में चार हजार राशन किट का वितरण कराया जाना है।दो हजार राशन किट मिल चुकी है। सोमवार विधायक ने बाढ प्रभावित परिवारों को राशन कीटों का वितरण किया है। नेपाल सीमावर्ती गांवों में भी राशन कीटों का वितरण किया जाएगा।
>
> **अजीत प्रताप सिंह, एसडीएम पूरनपुर।**

### विधायक ने मृतक सुरेंद्र के स्वजनों से मिलकर दी सांत्वना



बाढ़ के पानी में डूबे गृहस्थी के समान को निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने के दौरान खिरकिया बरगदिया निवासी सुरेंद्र की नाले में डूबने से मौत हो गई थी। मुख्य मार्ग पर 4 से 5 फीट पानी का बहाव होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर नहीं पहुंच पाए थे। जलस्तर कम होने के बाद सोमवार पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने तहसीलदार वीरेंद्र कुमार के साथ ट्रैक्टर से पहुंच कर बाढ़ प्रभावित गांव खिरकिया बरगदिया का निरीक्षण किया। मृतक के घर पहुंच कर स्वजनों को सांत्वना दी। शासन और प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।इस दौरान विधायक बाबूराम पासवान, वीरेंद्र कुमार तहसीलदार, ऋषि दीक्षित नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

### पशुपालन विभाग ने कैंप लगाकर वितरण कि दवा



पशुपालन विभाग की तरफ से बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा में कैंप लगाकर पशुओं का परीक्षण किया।कैंप में पशुओं की विभिन्न रोगों से संबंधित दवाइयां का वितरण किया गया। रोग ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा भी की गई। जिसमें डॉक्टर आशीष शर्मा उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी-पुरनपुर, डॉ.अमरेश गंगवार, पशुधन प्रसार अधिकारी- शुभेंदु प्रियदर्शी, विकास अग्निहोत्री, रमाकांत, गौरव, सूरज सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया।पशु पलकों में विपिन सरकार, स्वामीनाथ, विशाद, शसीन, त्रिलोकी, अनंत कुमार, रीता कांता, सौदामिनी देवी इत्यादि पशुपालकों भी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाकर बांटी दवा

बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कैंप लगाया गया। कैंप में 80 ग्रामीणों की मलेरिया, 30 ग्रामीणों की डेंगू की जांच की गई। 404 मरीजों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। बाढ़ जाने के बाद यहां बीमारी फैलने की आशंका थी। इसको लेकर लगातार कैंप लगाया जा रहा है। टीम में डा. सुशांत हलधर, एएनएम जितेन्द्र कौर आदि मौजूद रहे।

# गोपालपुर में डिप्थीरिया संदिग्ध मासूम की बिगड़ी हालत, लखनऊ रेफर

* डब्ल्यूएचओ की टीम ने गांव में ट्रेसिंग कर वितरित की दवा
* डिप्थीरिया संदिग्ध मरीज मिलने से ग्रामीणों में खलबली

जन एक्सप्रेस । प्रशान्त शर्मा

**पूरनपुर।** गोपालपुर में गलाघोंटू (डिप्थीरिया) संदिग्ध केस मिलने से विभाग में खलबली मची हुई है।वैक्सीन से वंचित मासूम संक्रमण की चपेट में आए हैं। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग और विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीमें गांव पंहुची। संक्रमित मासूम को मेडिकल कॉलेज के बाद लखनऊ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जनपद में डिप्थीरिया संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है।स्वास्थ्य विभाग अपनी नाकामियां छुपाने के लिए डाटा जारी नहीं कर रहा है। डिप्थीरिया संदिग्ध दो बच्चों की मौत भी हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार बच्चों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर लखनऊ रेफर कर रहे हैं। जनपद के मेडिकल कॉलेज में लापरवाही के चलते डिप्थीरिया संदिग्ध बच्चों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी जाकिर हुसैन का परिवार मेहनत मजदूरी करता है।

जाकिर हुसैन का चार वर्षीय पुत्र हमजा को चार दिन पूर्व बुखार,गले में दर्द, सूजन की दिक्कत होने लगी। स्वजनों ने निजी चिकित्सा से दवाई लेकर उपचार शुरू किया। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर निजी चिकित्सक ने गलाघोंटू (डिप्थीरिया) के लक्षण की जानकारी दी। रविवार स्वजनों ने जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी। जानकारी पर स्वास्थ्य विभाग ने गांव पहुंचकर बच्चे को ट्रेस किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने डिप्थीरिया संदिग्ध बच्चे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।जिसके बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया। गांव पहुंची विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने परिवार के सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया इसके अलावा आसपास के घरों में ट्रेसिंग की गई।

रविवार 60 से 70 लोगों को प्रोफाइल एक्सेस दवा दे दी गई। एहतियातन बच्चे के संपर्क में रहे लोगों को दवा दी गई।

### जांच रिपोर्ट में लग रहा 15 दिन का समय

डिप्थीरिया संदिग्ध बच्चों का सैंपल लेकर जांच के लिए नई दिल्ली भेजा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ. विपिन मिश्रा के मुताबिक संदिग्ध बच्चों के सैंपल राजधानी स्थित राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) भेजे जाते हैं। जांच रिपोर्ट आने में 10 से 15 दिन का समय लगता है।इधर बच्चों में फैल रहे गलाघोंटू के लक्षणों को लेकर सर्विलांस भी फेल होता नजर आ रहा है।

### इन लक्षणों पर हो जाएं सावधान

- टॉन्सिल और गले पर एक मोटी भूरे रंग की कोटिंग
- बेचैनी
- ठंड लगना
- बुखार
- तेज खांसी
- गर्दन में सूजी हुई ग्रंथियां
- गले में खराश
- सांस लेने और निगलने में कठिनाई

### डिप्थीरिया से बचाव के लिए सरकार दे रही मुफ्त वैक्सीन

डिप्थीरिया से बचाव के लिए भारत सरकार व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशन में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाता है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में 14 गंभीर व जानलेवा रोगों से बचाव के लिए नि:शुल्क टीकाकरण किया जाता है। डिप्थीरिया से बचाने के लिए बच्चों को अलग-अलग चरणों में डीपीटी व पेंटावैलेंट वैक्सीन की डोज दी जाती है। इसके लिए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र या एएनएम से संपर्क किया जा सकता है।

> गांव में एसीएस (एक्टिव केस सर्विलांस)चल रहा है। 60 से 70 लोगों को दवा दे दी गई है। वैक्सीन से वंचित बच्चे ही संक्रमण की चपेट में आते हैं।जो सस्पेक्ट केस मिलता है उसके आस पास के लगभग दो सौ घरों का सर्वे किया जाता है। टीकाकरण से छूटे बच्चों का विशेष शिविर लगाकर टीकाकरण कराया जाएगा।
>
> **डॉ.आलमगीर, एमओआईसी सीएचसी पूरनपुर।**

# ईद ए मिलाद उन नबी के त्यौहार पर बड़ी शान ए शौकत से निकाला गया जलूस



जन एक्सप्रेस । सत्य प्रकाश सक्सेना

**बरखेड़ा।** कस्बे मे सोमवार को ईद ए मिलाद उन नवी का त्यौहार बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया गया तथा जलूस के समय आतिशबाजी व पटाखे दागे गये।

वही मुस्लिम समुदाय के लोग रवी उल अव्वल की बारहबी शरीफ का त्यौहार पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश के अवसर पर यह त्यौहार मनाते है। वही पैगंबर मोहम्मद साहब की पैदाइश सन 571 ईस्वी मे रेगिस्तान के मक्का शहर मे हुई थी। आपको बताते चले मक्का मे पैदा हुए पैगंबर मोहम्मद साहब का पूरा नाम मोहम्मद इब्न अब्दुल्लाह इब्न अब्दुल मत्तालिब था। उनके बालिद का नाम अब्दुल्लाह और बालिदा का अमिना बीबी था। कहा जाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब ने 610 ईस्वी मे मक्का के हीरा नाम गुफा मे तालीम हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने इस्लाम धर्म की पवित्र कुरान की तिलावत की थी। कहते है। की पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का मानना था। की दुनिया का सबसे नेक इंसान वही है। जिसमे इन्सानियत होती है।वही इस्लाम धर्म का सबसे खास दिन रवी उल अव्वल की बारहवी शरीफ दिन मना जाता है। वही लोग घरो और मस्जिदो को सजाते है। और लोग अपने अपने घरो मे तरह तरह के पकवान पकाते है। और नियाज नजर करते है। और कुराने पाक की तिलावत और इबादत करते है।वही कस्बे मे हर साल की तरह इस साल भी परंपरागत तरीके से जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया वही पत्ती पत्ती या फूल या रसूल या रसूल, मेरे नवी की है। यह शान बच्चा बच्चा है। कुर्बान के नारो से कस्बा गूज उठा वही पैगंबर मोहम्मद साहब के दिवानो ने जुलूस ए मोहम्मदी मे चार चांद लगा दिये वही पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखाई दिया इस मौक पर जमा मस्जिद के इमाम हिसामुद्दीन कारी, नूरी मस्जिद के इमाम नासिर हुसैन, ताजुश्शरिया मस्जिद के इमाम रियाज अहमद हशमती, कादरी मस्जिद के इमाम मामून रजा हशमती, मोहम्मद असलम कुरैशी, अकील अंसारी, वशीर अहमद, सेठ मोहम्मद अनस, सद्दाम अंसारी, रेहान अंसारी, अफरोज अंसारी, राशिद अंसारी, इलियास कुरैशी, जीशान कुरैशी, सोनू कुरैशी, इमरान कुरैशी, फारूक कुरैशी, इमरान अंसारी, हाजी तुफेल अहमद सिद्दीकी, इन्तजार अहमद सिद्दीकी, अनवार अहमद सिद्दीकी, नफीस अहमद, डाक्टर हसीब, रिजवान अंसारी, अलीम अंसारी, असलम अंसारी, तौफीक अंसारी, कमरुल अंसारी, शोएब अंसारी, सारिक ऊर्फ चीकू अंसारी, डाक्टर खालिद अंसारी, हाजी सफीक अंसारी सहित कई हजारो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# भगवान विश्वकर्मा की पूजा आज

जन एक्सप्रेस । घुंघचाई



भगवान विश्वकर्मा की जयंती मंगलवार को हवन पूजन कर धूमधाम से मनाई जाएगी जिसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

भगवान विश्वकर्मा को स्वर्ग लोक, पुष्पक विमान, जैसे देवनागरी का रचनाकार कहा जाता है। उसे दिन सभी फैक्ट्री और कारखाने में विद विधान से पूजा अर्चना की जाती है। जिसमें विश्वकर्मा समाज के लोगों बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। घुंघचाई में पूर्व प्रधान बृजेश शर्मा के यह 17 सितंबर मंगलवार को वार्षिक पूजा का आयोजन किया जाएगा उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पूजा में भाग लेने की अपील की है।

# राज्यमंत्री ने भाजपा की सदस्यता का दिया गया लक्ष्य किया पार

* सदस्यता अभियान में अब तक 11 हजार से अधिक बनाये सदस्य

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





भाजपा के देशव्यापी सदस्यता अभियान में गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कल रविवार को शहर के कई मुख्य चौराहो एवं प्रतिष्ठानों पर लोगो के बीच जाकर बड़ी संख्या में नागरिकों को सदस्यता ग्रहण कराई। 3 सितम्बर से शुरू हुए सदस्यता अभियान का राज्यमंत्री को दिये गये 10 हजार सदस्यता कराये जाने के विपरित उन्होनें अपना लक्ष्य पार करते हुए अब तक 11 हजार से अधिक लोगो को सदस्यता कराई है जबकि सदस्यता की समय सीमा अभी दो दिन बाकी है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सदस्यता अभियान को गम्भीरता से लेते हुए इसके लक्ष्य को पाने के लिए हर सम्भव कोशिश और मेहनत की है।

राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सदस्यता अभियान के अन्तर्गत जहा अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव स्तर पर अभियान को मूर्तरूप देने के लिए अपनी टीमे लगाई और सेक्टर एवं बूथ अध्यक्षों को इसकी जिम्मेदारी सौपी वही शहरी क्षेत्र में खुद अपनी अगुवाई में अभियान को तीव्रगति प्रदान कराई।

राज्यमंत्री ने कल रविवार को शहर के स्टेशन चौराहा राम कुमार कश्यप के प्रतिष्ठान पर, चावला चौराहा सुशांत जैसवार के प्रतिष्ठान पर, रंगीलाल चौराहा राकेश सिंह के प्रतिष्ठान पर, मोती राम चौराहा स्थित शैली ज्वैलर्स, गल्ला मण्डी में शंकर पत्तल स्टोर दीपू अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर, जे0पी0 रोड पर प्रिंस वर्तन भण्डार के प्रतिष्ठान पर, स्टेशन रोड स्थित मार्डन क्राकरी आशीष अग्रवाल के प्रतिष्ठान सहित अन्य स्थानों पर जाकर बड़ी संख्या में लोगो को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है और यह गौरव की बात है कि आज बड़ी संख्या में लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

इस अभियान में कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, राम कुमार शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्वत, चौधरी दिग्विजय सिंह, बब्लू सिंह चौहान, पूरन लाल गंगवार, मनोज मिश्रा, शिव नरायन, के0सी0 वर्मा, मोहम्मद आमिर, सईद अहमद सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# समूहकर्मी के बर्बरता और दुर्व्यवहार से क्षुब्ध महिलाओं ने पुलिस से लगायी गुहार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**केराकत।** चंदवक थाना क्षेत्र के ग्राम बरामनपुर में सोमवार को दोपहर समूह के रिकवरी एजेंट पर किश्त वसूली के दौरान समूह केंद्र पर बैठक में आयी महिलाओ से दुर्व्यवहार और गाली गलौज देने पर पुलिस को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगायी है।

गौरतलब है कि एक दर्जन से अधिक स्वयं सेवी समूह संस्था गाँव की महिलाओ को 25प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर लोन दिया है, जबकि एजेंट ने समूह के महिला सदस्यों को दो वर्ष का मूलधन ब्याज 25प्रतिशत देने की बात कही थी। महिलाओं ने बताया कि समूह के कर्मचारी नियम और शर्त को छुपाकर अधिक ब्याज दर पर लोन दे दिया, लोन लेने के बाद पता चला कि ब्याज दर बहुत अधिक है। गाँव में समूह संस्था आरबीएल बैंक के कर्मचारी मनोज आये दिन किश्त वसूली के दौरान बर्बर तरीके से गाली गलौज देते हुये बंधक बनाकर अपमानित करते है। इस संबंध में समूह की सदस्य कंचना देवी, शशिकला देवी, उर्मिला देवी, इंदु देवी, संगीता देवी समेत दो दर्जन महिलाओं का कहना है कि मनोज ने समूह की मुख्य सदस्या को इतना अपमानित किया कि उन्होंने विगत दिनों रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया। किश्त वसूली के लिये मनोज आये दिन गाली गलौज करके अपमानित करते है। पीड़ित समूह की सदस्य महिलाओ ने पुलिस को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगायी। गाँव में समूह की बैठक को सम्बोधित करने आये समस्त बैंक के एरिया मैनेजर अजित शुक्ला ने भी इस बात को स्वीकार किया कि कुछ एक समूह कर्मचारी है जो उपभोक्ताओं समूह सदस्यों से बत्तमिजी करते है, इस तरह के किसी मामले की जानकारी होने पर संस्था उक्त कर्मचारी को नौकरी से निकाला देती है।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करने आ रहे नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**शाहगंज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस बावत पूरे नगर में व्यापक सफाई कार्य चल रहा है। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण अधिकारियों संग विधायक रमेश सिंह ने कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मालूम रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से महात्मा गांधी के जन्म दिन दो अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा करेंगे। वे सड़क मार्ग से नगर में लगभग बारह बजे प्रवेश करेंगे।

# ओजोन होल एक गंभीर समस्या : प्रो.राजेश शर्मा

* आज विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर हुई गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



आज विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शर्मा ने ओजोन के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि स्ट्रेटोस्फीयर में ओजोन की परत के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की संभावना का विस्तृत महत्व बताया। पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ सुधीर उपाध्याय ने ओजोन परत क्षरण के कारण एवं उसके प्रबंधन पर हो रहे रिसर्च के बारे में विस्तृत जानकारी दी, समय-समय पर दुनिया भर के देशों में हुए सम्मेलनों और उससे ओजोन परत क्षरण के निदान पर भी प्रकाश डाला। डाक्टर एसपी तिवारी, माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने विश्व ओजोन दिवस पर ओजोन परत के क्षरण से होने वाले दुष्प्रभाव को किस तरीके से माइक्रोब्स कम कर सकते हैं इसके बारे में बताया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉक्टर ऋषि श्रीवास्तव ने ओजोन परत के क्षरण के कारण अल्ट्रावायलेट किरणों के आने से स्किन कैंसर तथा डीएनए डैमेज के महत्व को भी बताया। बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. रामनारायण एवं डॉ.मनीष गुप्ता ने भी विश्व ओजोन दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

संचालन डॉक्टर श्वेता सोनम ने किया, विज्ञान संकाय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थी, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विद्यार्थी, बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थी एवं बायोकेमेस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों ने ओजोन दिवस पर प्रतिभाग किया।

# नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर दादी पोता को मारी गोली हालत गंभीर मचा हड़कंप





* डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले स्थित कोतवाली थाना क्षेत्र के नाईगंज मोहल्ले में बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने घर मे घूसकर दादी पोता को गोली मारकर फरार हो गए, दोनों घायलों की हालत नाजुक देखते हुए बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है

बताया जा रहा है कि नाईगंज मोहल्ले के निवासी शनि यादव उसकी दादी कमला यादव घर मे थी। दिन में करीब साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गए, बदमाशों की गोली शनि यादव के पीठ में तथा कमला देवी के पैर में गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है।

> थाना कोतवाली अन्तर्गत डा0 राजकुमार हास्पिटल के पास ट्रैक्टर पार्टस की दुकान पर बैठे 01 पुरुष व 01 महिला को अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारने की घटना हुई है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।
>
> **देवेश कुमार सिंह**
> **क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर।**

### जौनपुर में किन्नरों पर हमला, मिर्च से भरे प्राइवेट पार्ट

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के सुखलालगंज में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। किन्नर समाज के एक समूह पर गांव के प्रधान और उनके साथियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित किन्नर बबली ने आरोप लगाया है कि प्रधान आशा किन्नर ने गांववालों के साथ मिलकर यह हमला करवाया, जिसमें कई किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें किन्नरों को स्कॉर्पियो गाड़ी से जबरन उठाया जा रहा है। पीड़ित किन्नरों का आरोप है कि उन्हें गाड़ी में भरकर एक कमरे में ले जाया गया, जहां उनके साथ अमानवीय बर्ताव किया गया। उनके प्राइवेट पार्ट्स पर चोट पहुंचाई गई और मिर्च भरने जैसी घिनौनी हरकतें की गईं। यह घटना उस समाज पर होने वाले शारीरिक और मानसिक अत्याचार की चरम सीमा को दर्शाती है, जिन्हें भारतीय संविधान समान अधिकार और सम्मान प्रदान करता है। बबली किन्नर की शिकायत पर पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण करवाया है। लेकिन अभी तक किसी पर मामला दर्ज नहीं हुआ है। पीड़ित किन्नरों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर उन्हें जल्द इंसाफ नहीं मिला, तो वे अपने न्याय के लिए आंदोलन करेंगे।

### चोरों ने छत के रास्ते घर मे घुसकर किया एक लाख नगदी सहित लाखों रुपये का माल किया पार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में रविवार की रात को समर बहादुर सिंह उर्फ करिया एडवोकेट के घर चोरों ने छत के रास्ते से घर मे घुस कर एक लाख नगद और लाखों रुपये के आभूषण को पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह होते ही हड़कम्प मच गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई। पीड़ित समर बहादुर सिंह अपनी पत्नी सुधा सिंह के साथ प्रतिदिन की तरह रविवार की रात भोजन करने के बाद अपनी पत्नी के साथ एक कमरे में सोए थे। रात में ही छत के रास्ते चोरों ने घर मे घुसकर कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी दो अलमारियों को तोड़ डाला।उसमें एक लाख नगद व लाखो के आभूषण थे।जिसमें एक मंगलसूत्र, पांच सोने की चैन, नौ सोने की अंगूठी दो सोने के टप्श,एक छुमका,तथा चादी के आधा किलो गहने थे।उसे चोर उठा ले गए। सुबह जब आंख खुली तो दूसरे कमरे के बिखरे समान को देख होश उड़ गए। उसके बाद शोरगुल सुन पास पड़ोस के लोग पहुंच गए। पुलिस को सूचना होते ही मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई। दूसरी तरफ गांव के लोगो ने गांव में एक संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।संदिग्ध युवक से पूछने पर बताया कि मेरा नाम शुभम दयाल निवासी चौबेपुर जिला वाराणसी है। उसने बताया की मैं वाराणसी से जौनपुर जा रहा था। बीच रास्ते में उतर गए। मोथहा गांव में बने भैंसासुर मंदिर पर रात में रुक गए।सुबह गांव वालो ने मुझे चोर समझ कर मंदिर से बीबीपुर गांव में लाए।

# लकड़बग्घों के झुंड ने मार डालीं 25 भेड़ें, 12 गायब



### दो या तीन लकड़बग्घों का झुंड होगा: वन अधिकारी

- वन विभाग मौदहा रेंज के सेक्शन अधिकारी तौहीद अहमद ने बताया कि घटना स्थल पर जो पंजों के निशान पाए गए हैं उनसे लगता है कि दो या तीन लकड़बग्घों के झुंड ने हमला किया होगा। बताया कि गांव के बाहर बने पशुबाड़े से कुछ दूरी पर ग्राम पंचायत की भूमि पड़ी है।
- इसमें काफी घने पेड़ खड़े हैं जो जंगल जैसे हैं। हो सकता है अधिक बरसात होने के कारण वन क्षेत्र में पानी भरने से जंगली जानवर अपनी मांद से बाहर इधर-उधर भटककर आ गए हों। वन विभाग की दो टीमें गांव में बराबर रहेगी और आसपास क्षेत्र में जंगली जानवरों की पकड़कर उन्हें दूरस्थ जंगलों में छोड़ा जाएगा।

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के पाटनपुर गांव में घुसकर लकड़बग्घों के झुंड ने बाड़े में बंद 25 भेड़ों को मार डाला। पशुपालकों का कहना है कि 12 भेड़ें गायब हैं।
उनकी सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पर मिले पंजों के निशान देख लकडबग्घों का झुंड होने का अनुमान लगाया। मरीं भेड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं आगे ऐसी कोई घटना न हो, इसके लिए दो टीमें बनाई हैं। साथ ही ग्रामीणों को अलर्ट कर लकड़बग्घों को पकड़ने के लिए जाल व पिंजरा लगवाने की व्यवस्था शुरू कर दी है। इस घटना से गांव में दहशत है। कमिश्नर बीके त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, डीएम घनश्याम मीना व एसपी दीक्षा शर्मा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर दिशानिर्देश दिए।
क्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी पशुपालक जयवीर की भेड़े झाड़ से घिरे छप्पर में बंद थीं। शनिवार रात वहां लकड़बग्घों के झुंड ने घुसकर 25 भेड़ों को मार डाला। पशुपालक के अनुसार रात लगभग 12 बजे तक वह जाग रहा था। घटना रात करीब एक-दो बजे के आसपास की है।
उसने बताया कि उसके पास 50 भेड़ें थीं। इनमें से 25 भेड़ें झुंड ने मार डालीं। सुबह करीब चार बजे जब वह जागा तो मर चुकीं भेड़ें क्षत-विक्षत पड़ी मिलीं। कुछ देर बाद अन्य मुहल्लों से लोगों ने उसे बताया कि उसकी कई भेड़ें गांव के भीतर घूम रही हैं। तब उसने तलाश कर अपनी बची भेड़े एकत्र कीं।
बताया कि अभी भी भेड़ों के 12 बच्चे नहीं मिले हैं। बच्चों समेत कुल 37 भेड़ों का नुकसान हुआ है। जिनकी कीमत लगभग दो लाख रुपये है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ने घटना स्थल जाकर जांच की।

# स्कूल जाने की कहकर घर से निकलीं तीन छात्राएं, झांसी रेलवे स्टेशन पर मिलीं

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर




**मुस्करा।** घर से स्कूल जाने के लिए शनिवार को निकलीं कक्षा आठ की तीन छात्राएं लापता हो गईं। देर शाम तक उनके घर न पहुंचने पर परिजनों ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तीनों को झांसी रेलवे स्टेशन से बरामद किया है। थाना प्रभारी शिवम पांडे ने बताया कि तीनों बालिकाएं कस्बे के एक प्राइवेट विद्यालय की कक्षा आठ की छात्राएं हैं। तीनों घर से स्कूल जाने की बात कह कर निकली थीं और रोडवेज बस में बैठकर महोबा चली गईं। जहां पर उन्होंने शॉपिंग की और ट्रॉली बैग व मोबाइल खरीदा। बताया कि पुलिस टीम महोबा पहुंची और तीनों बच्चियों की फोटो दिखाकर जानकारी हासिल की। सीसीटीवी फुटेज देखे गए। तीनों की लोकेशन रेलवे स्टेशन के पास मिली। वहां एक दुकानदार को फोटो दिखाने पर उसने बताया कि तीनों झांसी जाने वाली ट्रेन में सवार होकर चली गई हैं। बताया कि उन्होंने झांसी जीआरपी व सिविल पुलिस से संपर्क कर तीनों छात्राओं की फोटो भेज दी।
वहां तीनों छात्राएं जीआरपी को मिल गईं। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने पटना से नेपाल जाने की बात कही और अपने पास महोबा से पटना जंक्शन का रेलवे टिकट भी दिखाया। एक टिकट के पीछे महोबा से पटना जाने का पूरा नक्शा बना था। जीआरपी ने तीनों को न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के हवाले कर दिया। रविवार सुबह 11 बजे उनके परिजन झांसी बाल कल्याण समिति पहुंचे। जहां समिति ने परिजनों को छात्राएं सौंप दी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तीनों छात्राएं झांसी से वापस नहीं आ पाई हैं।

## लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**गंजमुरादाबाद।** विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने स्कूटी सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी और पलट गया। हादसे में घायल तीनों स्कूटी सवारों को यूपीडा ने बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया. जबकि दो को जिला अस्पताल रेफर किया है। बांगरमऊ कोतवाली के मोहल्ला अंसार मैदान निवासी फरमान अंसारी (47), पड़ोसी मोहसिन अंसारी (35) और इश्तियाक अंसारी (41) के साथ स्कूटी से मछली का शिकार करने सुबह 4ः30 बजे गंगा के शांति घाट गए थे। सुबह करीब आठ बजे घर लौटते समय लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर सिरधरपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे दोना पत्तल लदे लोडर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक लोडर छोड़कर भाग गया।

## शहर में आज भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बारावफात व गणेश चतुर्थी को लेकर शहर में भारी वाहनों के आवागमन में प्रतिबंध रहेगा। यातायात प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि सुबह नौ बजे से जुलूस समाप्त होने तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। गांधी नगर तिराहा से शहर की ओर आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इन्हें गांधी नगर तिराहा से डायवर्ट किया जाएगा।
वहीं, हाईवे से शहर की ओर सभी भारी वाहनों को बाईपास से अजगैन, मोहान और बांगरमऊ की तरफ व कानपुर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।
बांगरमऊ, सफीपुर की ओर से आने वाले वाहनों को चकलवंशी से मियागंज की तरफ भेजा जाएगा।

# जलापूर्ति न होने पर ऑपरेटर समेत दो पर चाकू से हमला

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



कई दिनों से जलापूर्ति प्रभावित होने के विरोध में मोहल्ले के कुछ युवकों ने ट्यूबवेल ऑपरेटर पर चाकू से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर ऑपरेटर की मदद करने पहुंचे बजरंगदल के जिला सह संयोजक की गर्दन पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।
सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जेरकिला निवासी ब्रजेश यादव ने बताया कि वह मोहल्ले के ही एक ट्यूबवेल पर ऑपरेटर हैं। कई दिनों से बिजली सप्लाई प्रभावित होने के कारण मोहल्ले में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। शनिवार शाम वह ट्यूबवेल पर था। तभी अचानक लाइट चली गई। आरोप है कि मोहल्ले के चांद खां अपने दो अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचा।
गालीगलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर पास से गुजर रहे बजरंगदल के जिला सह संयोजक आकाश बाजपेयी मौके पर पहुंचे तो हमलावरों ने उनपर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। उनका आरोप है कि हमलावरों ने उनकी गर्दन रेतने का प्रयास किया। शोरगुल सुन अन्य लोगों के आ जाने से हमलावर मौके से भाग गए।
आकाश और ऑपरेटर ब्रजेश की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गईं हैं। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घट रहीं यमुना व बेतवा

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

यमुना व बेतवा का जल स्तर बढ़ने से जिले में आई बाढ़ अब कम होती जा रही है। दोनों नदियां चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घट रही है। माताटीला व लहचूरा बांध से बेतवा में रविवार सुबह 18025 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसका जलस्तर पर असर नहीं पड़ेगा। परेशान तटवर्ती क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश के चलते बांध उफना गए। जिसके चलते यमुना में धौलपुर व बेतवा में माताटीला व लहचूरा बांध से पानी छोड़ा गया। जिसके चलते यमुना शुक्रवार रात खतरे का निशान पार कर गई। वहीं बेतवा ने भी विकराल रूप लिया। इससे तटवर्ती गांवों में खेतों में खड़ी फसले जलमग्न हो गईं। वहीं चार गांवों में आवागमन बाधित हो गया। शनिवार को दोनों नदियां देर शाम तक स्थिर रहीं। रात में घटने का क्रम शुरू हो गया। जो रविवार को जारी रहा। रविवार शाम पांच बजे दोनों नदियों का चार सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से घटने का क्रम जारी रहा।

# भोजन न मिलने से खूंखार हुए लकड़बग्घे



### पशुपालक को मिलेगा मुआवजा

डीएफओ के अनुसार लकड़बग्घों के हमले से जानवरों का नुकसान होने पर हर्जाने का प्रावधान है। इसके लिए भेड़ों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, ग्राम प्रधान व वनाधिकारी की रिपोर्ट लखनऊ भेजी जाएगी। नियमानुसार पशुपालक को मदद दी जाएगी।

### क्षेत्र में पहले भी दिखी थी जंगली जानवरों की चहलकदमी

क्षेत्रवासियों के अनुसार पाटनपुर के आसपास पहले भी जंगली जानवरों की चहलकदमी देखी गई थी। 23 नवंबर 2019 को कुनेहटा गांव में बाघ देखा गया था। जनवरी-फरवरी माह में हिरनों के झुंड भी देखने को मिलते हैं।


### जंगली जानवर दिखें तो इन नंबरों पर करें फोन

- प्रभागीय वनाधिकारी - 7839435146
- उप्र प्रभागीय वनाधिकारी हमीरपुर - 7007443741
- क्षेत्रीय वनाधिकारी सरीला हमीरपुर- 7983769045
- क्षेत्रीय वनाधिकारी सुमेरपुर -9415113594
- क्षेत्रीय वनाधिकारी मौदहा-9005103392
- क्षेत्रीय वनाधिकारी राठ -8839909567
- वन दरोगा हमीरपुर -7081996936
- वन दरोगा सुमेरपुर -9005023237

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

बाढ़ की वजह से मांद में पानी भरने और भोजन नहीं मिलने से जंगली जानवर मानव बस्ती में घुस रहे हैं। बीते 12 दिनों में जंगली जानवरों के हमले के तीन मामले सामने आए हैं। शनिवार की रात में लकड़बग्घों के झुंड ने पाटनपुर गांव में बाड़े में बंद 25 भेड़ों को शिकार बना लिया। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि भोजन नहीं मिलने की वजह से लकड़बग्घे खूंखार हो रहे हैं।
बता दें कि 12 सितंबर को मौदहा के वार्ड-17 में लोमड़ी ने शाजिया परवीन (17) पुत्री जलील अहमद व एक बच्ची (2) को हमला करके घायल कर दिया था।
तीन सितंबर को सरीला क्षेत्र के बीलपुर गांव में सियार ने संतराम (65) व महीपत (35) पर हमला किया था। इसके बाद ग्रामीणों ने सियार को पीटकर मार डाला था। शनिवार की रात में लकड़बग्घों ने पाटनपुर गांव में बाड़े में बंद 25 भेड़ों को मार डाला।
डीएफओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पंजों के निशान से लग रहा है कि भेड़ों को लकड़बग्घों ने ही मारा है। उनका कहना है कि नदियों और जलाशयों के आसपास बारिश की वजह से पानी भर गया है।
इससे इन जानवरों को रहने की जगह नहीं मिल रही है। वहीं, भोजन न मिलने की वजह से भी यह जानवर खूंखार होकर झुंड में शिकार कर रहे हैं। बताया जाता है कि लकड़बग्घा मृत जीवों को खाता है।
पाटनपुर गांव और उसके आसपास के गांवों में जंगली जानवरों के हमले को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं। सुमेरपुर व मौदहा रेंज की दो टीमें तैनात की गई हैं।
पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें भी लगी हैं। ग्रामीणों से टीम बनाकर सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। खूंखार जानवरों को पकड़ने के लिए जाल व पिंजरा लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

# डकैतों की पुलिस से मुठभेड़, सरगना के पैर में लगी गोली



### सरगना विवेक पर था 25 हजार का इनाम

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि जिस बदमाश के पैर में गोली लगी है, उसका नाम हरदोई के ओमपुरी नानागंज झाला निवासी विवेक उर्फ पिंकू है। उसने अपने नौ साथियों के साथ ठठिया क्षेत्र के बस्ता में डकैती डाली थी। विवेक पर 18 मुकदमे दर्ज हैं। उसके साथ कृष्णा और हंसू दो अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस डकैती में शामिल नौ बदमाशों में से अब तक पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। चार डकैतों की तलाश जारी है। सभी फरार बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

ठठिया क्षेत्र के बस्ता और फतुआंपुर गांव में बीते तीन सितंबर को दो घरों में डकैती डालने वाला सरगना पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने सरगना समेत तीन डकैतों को दबोच लिया। उनके पास से अवैध असलहे और लूट का माल बरामद किया है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को डिस्चार्ज होने पर तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। डकैती में शामिल नौ बदमाशों में चार बदमाश अभी भी फरार हैं।
रात दो बजे के करीब ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर रोड पर थानाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर तीन युवक आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो दूसरे रास्ते से बाइक भगाने की कोशिश की। पुलिस ने जब पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे तीनों बाइक सवार गिर गए। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। घटना की जानकारी पर एसपी अमित कुमार आनंद व सीओ तिर्वा प्रियंका बाजपेयी मौके पर पहुंचीं। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बदमाशों के पास से 12,880 रुपये, अंगूठी व मंगलसूत्र समेत तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। शाम को अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर तीनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# तीन डकैतों के करीबियों को उठाया, कई जगह दीं दबिशें

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बांगरमऊ।** पंचूपुरवा गांव में ट्रांसपोर्टर के घर हुई 21.50 लाख की डकैती में दो डकैतों को जेल भेजने के बाद अन्य के नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिशें दीं। पुलिस ने तीन डकैतों के करीबियों को उठाया है। पीड़ित परिवार के घर पर पुलिस तैनात की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पंचूपुरवा निवासी ट्रांसपोर्टर प्रियांशु गुप्ता के घर में 13 सितंबर की रात हुई 21.50 लाख की लूट की घटना में भीड़ के हत्थे चढ़े दो डकैतों अंशू पाल और अभिषेक की हालत में सुधार होने के बाद दोनों को पुलिस ने जेल भेजा है। पकड़े गए डकैतों ने घटना में साथ रहे साथियों के नाम अहिरनपुरवा निवासी धीरेंद्र, रामरहीस उर्फ रामनरेश, संजीत यादव और रबड़ी गांव निवासी अनुज पाल बताया है। डकैतों के नाम और पते की जानकारी होने के बाद सीओ और एसओजी टीम लगातार गिरफ्तारी के लिए दबिशें दे रही है। शनिवार रात पुलिस ने आरोपियों के घर के साथ संभावित ठिकानों पर छापा मारा। डकैतों के न मिलने से उनके करीबियों को पुलिस ने उठाया है। उनसे पूछताछ चल रही है। प्रभारी कोतवाल नईम खान ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगी हैं। वह लगातार दबिश दे रही हैं। घटना के बाद जिस रास्ते से लुटेरे भाग सकते हैं, वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि लुटेरों की गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं। जिन पर शक है उनसे पूछताछ की जा रही है। पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए घर पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

## महिला का फंदे से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बीघापुर।** महिला का शव घर में फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है। बिहार थानाक्षेत्र की गौरा गांव निवासी दीपक कुशवाहा की पत्नी सोनाली (19) का शव रविवार सुबह करीब नौ बजे घर में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे रायबरेली जिले के थाना खीरो के दोकनहा निवासी पिता दिनेश कुमार ने ससुरालियों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पिता ने बताया कि सोनाली का विवाह दिसंबर 2023 में दीपक से किया था। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ससुराल वाले कम दहेज मिलने का ताना देकर मारपीट और गाली-गलौज करते थे। मामले की जानकारी पर तहसीलदार अरसला नाज भी पहुंचीं और परिजनों को गहनता से जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष सुरेशचंद्र मिश्र ने बताया कि मृतका के पिता ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम के रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# 386 ट्रांसफार्मरों की बढ़ेगी क्षमता

✻ 15.1 किमी. लंबी लाइनें बदलेंगी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

### बिजनेस प्लान के तीसरे फेज में यह होंगे प्रमुख कार्य

- सौ केवीए के 90 ट्रांसफार्मरों की 250 केवीए की क्षमता वृद्धि
- 63 केवीए के 97 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करके 100 केवीए किए जाएंगे
- 25 केवीए के 125 ट्रांसफार्मरों को 63 केवीए किया जाना
- 16 केवीए के 74 ट्रांसफार्मरों को 63 केवीए का किया जाना
- 11केवी की 3.8 किमी. लाइन को बदला जाएगा
- एलटी लाइन की 11.3 किमी. को भी बदला जाएगा

बिजनेस प्लान के तीसरे फेज के लिए 836 काम चिह्नित किए गए हैं। ये काम अभी किसी अन्य योजना में शामिल नहीं किए गए हैं। इन कामों में 386 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि व 15.1 किलोमीटर लंबी लाइनों को बदलना शामिल है। 38 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जनपद की विद्युत वितरण व्यवस्था पांच खंडों से संचालित होती है। विभाग ने शहर, पुरवा, हसनगंज, बांगरमऊ व गोकुलबाबा में कार्यालय खोल रखे हैं।
इन पांचों खंडों में करीब पांच लाख उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में घरेलू, कामर्शियल, ट्यूबवेल व औद्योगिक क्षेत्र शामिल है। जनपद में बिजली सुधार के लिए एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा रीवैंप (रुरल इकोनामिक वैल्यू एडेड मॉनीटरिंग प्रोग्राम) चलाई जा रही है। 2022 में योजना के लिए सर्वे हुआ था। इसमें प्रस्ताव तैयार किए गए थे।
इसके बाद भी काफी कार्य छूट गए थे। जिसे कराने के लिए प्रदेश सरकार ने बिजनेस प्लान योजना शुरू की। योजना के तहत बिजली विभाग ने 2023-24 के लिए सर्वे के माध्यम से 836 ऐसे कार्य चयनित किए जो किसी योजना में शामिल नहीं रहे। इनमें शहर के नवविकसित मोहल्लों शिवनगर, कब्बाखेड़ा, किशोरीखेड़ा, शेखपुर नरी, अब्बासबाग, अकरमपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जाने वाले कामों की सूची तैयार कराई।

# वॉलीबॉल में केजीबीवी की 24 छात्राओं ने मारी बाजी



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

रायबरेली जिले में हुई मंडल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उन्नाव की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की 24 छात्राओं शानदार प्रदर्शन किया है। इन सभी को अक्तूबर में बरेली में होनी वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चननीत किया गया है। रायबरेली जिले के मोती लाल नेहरू स्टेडियम में 13 सितंबर को 68वीं मंडलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में मंडल में शामिल जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) की अंडर-14 और अंडर-17 छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। उन्नाव से अंडर-14 वर्ग में बिछिया ब्लॉक के केजीबीवी से छात्रा पूजा, रिया, असोहा से शिवानी, महक, अनामिका, करिश्मा और स्वाती, नवाबगंज से अनुष्का, सच्ची, बांगरमऊ से अपूर्व, रजनी और सिकंदरपुर सरोसी से शिवानी ने स्थान पक्का किया था। वहीं, अंडर-17 में असोहा की शुभी, संगीता, वंदना, सीता, सरस्वती, आंशिका, बिछिया से अंकिता, पूनम पाल, संजना, सरोसी से आकांक्षा, बांगरमऊ से प्राची और रितिका ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन सभी छात्राओं को अक्तूबर में बरेली में आयोजित होने वाली राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। डीआईओएस एसपी सिंह, बीएसए संगीता सिंह ने सभी छात्राओं और खेल शिक्षक बिट्टू, पद्मिनी और सुरेंद्र का हौसला बढ़ाया है।

# 16 खाद्य पदार्थों में मिलावट पर 3.60 लाख का जुर्माना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

### मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है खाद्य वस्तुओं में मिली मिलावट

जिन सैंपलों की रिपोर्ट प्रयोगशाला से आई है, वह सभी अधोमानक बताए गए हैं। इसमें दूध में पानी व खोया-पनीर में फैट की अधिकता मिली है। हालांकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है। इसी कारण सभी मामलों में संबंधित दुकानदारों के खिलाफ एडीएम कोर्ट में वाद दायर किया गया। इसमें एडीएम ने जुर्माना लगाकर दंडित किया। मुख्य खाद्य निरीक्षक शैलेश दीक्षित ने बताया कि सभी सैंपल खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तय किए गए मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। सभी में सामान्य पानी आदि की ही मिलावट मिली है। जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है।

### चेकिंग और जुर्माने की यह है प्रक्रिया

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग बाजार में बिकने वाली खानपान की वस्तुओं पर निगरानी रखता है। चेकिंग के दौरान जो सैंपल लिए जाते हैं उन्हें प्रयोगशाला भेजा जाता है। जांच रिपोर्ट आने पर यदि साधारण मिलावट (स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं) की पुष्टि होती है तो एडीएम कोर्ट में वाद दायर किया जाता है। एडीएम मामले की सुनवाई करते हैं और मिलावट की गंभीरता पर आर्थिक जुर्माना लगाते हैं। वहीं जिन मामलों में ऐसी मिलावट पाई जाती है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं तो उन मामलों को सिविल कोर्ट में दायर किया जाता है। इन मामलों में मिलावट करने वाले को सजा और जुर्माना दोनों सुनाया जाता है।

दूध और उससे बनी खाद्य वस्तुओं में दुकानदार मानकों का पालन नहीं कर रहे। ऐसे ही 16 मामलों में एडीएम वित्त राजस्व की कोर्ट ने मिलावट करने वालों पर 3.60 लाख का जुर्माना लगाया है। दुकानदारों को 30 दिन में जुर्माना जमा करने के आदेश दिए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इस साल की शुरुआत में विशेष चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान दूध, दही, छेना, खोया, पनीर व कुकीज खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था। जांच के बाद प्रयोगशाला द्वारा जो रिपोर्ट भेजी गई उसमें सभी नमूने विभाग की गाइडलाइन पर खरे नहीं उतरे। रिपोर्ट के आधार पर यह मामले एडीएम वित्त राजस्व कोर्ट में दाखिल किए गए। इन वादों की सुनवाई करते हुए एडीएम वित्त राजस्व नरेंद्र सिंह ने 16 मामलों में दुकानदारों पर 3.60 लाख रुपये का जुर्माना ठोंका। इसमें सबसे ज्यादा मिश्रित दूध (गाय, भैंस) में पानी की ज्यादा मिलावट पाए जाने पर बिक्री करने वाले अनूप यादव निवासी मोहम्मदपुर चकसुनौरा औरास पर 70 हजार और कृष्णानगर के कार्तिकेय पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, रामपुर गढ़ौवा के रामविलास और फतेहपुर चौरासी के चंद्रप्रकाश व सहजराम पर मानक विहीन खोया व पनीर बेचने पर 30-30 हजार का अर्थदंड लगाया गया। इसके अलावा पांच दुकानदारों पर भैंस के दूध, पनीर, बिस्किट आदि में मानकों का पालन न करने पर 25-25 हजार और तीन पर गाय के दूध, दही में पानी की मिलावट करने पर 20-20 हजार का जुर्माना लगाया गया। छेना, खोया में मानक से ज्यादा फैट मिलने पर एक पर 10 हजार व तीन पर पांच-पांच हजार का अर्थदंड लगाया गया।

# जमानत पर छूटा आरोपी दुष्कर्म पीड़िता को ले गया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**बांगरमऊ।** अनुसूचित जाति की किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में जेल गया आरोपी जमानत पर छूटने के बाद कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ। आरोप है कि तीन दिन पहले 12 सितंबर को आरोपी किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। पिता ने आरोपी के खिलाफ बेटी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और जान-माल की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।झ बांगरमऊ कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह अनुसूचित जाति का है। वर्ष 2022 में एक गांव में रहने वाला शहनूर नाम का युवक नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे दुष्कर्म के आरोप में जेल भेजा था। बाद में न्यायालय से अगस्त 2023 में उसे जमानत मिली। तब से वह जेल से बाहर था। पेशी में हाजिर न होने पर उसके खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। इसकी जानकारी होने पर तीन दिन पहले 12 सितंबर को आरोपी युवक उसकी बेटी को अपने साथ लेकर कहीं चला गया है। पिता का आरोप है कि वह बेटी पर धर्म परिवर्तन कर निकाह का दबाव बना रहा है। प्रभारी कोतवाल नईम खान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

